राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

शारदीय नवरात्र आठवां दिन

मां महागौरी की पूजा

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran
/Pratahkiran
/Pratahkiran



शारदीय नवरात्र के आठवें दिन आदि शक्ति महागौरी की पूजा की जाती है। आठवें दिन की पूजा देवी के मूल भाव को दर्शाती है। देवी भगवत पुराण में बताया गया है कि देवी मां के 9 रूप और 10 महाविघाएं सभी आदिशक्ति के अंश और स्वरूप हैं लेकिन भगवान शिव के साथ उनके अर्धांगिनी के रूप में महागौरी सदैव विराजमान रहती हैं। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। महागौरी की पूजा मात्र से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं और वह व्यक्ति अक्षय पुण्य का अधिकारी हो जाता है। ज्यादातर घरों में नवरात्र की अष्टमी तिथि के दिन कन्या पूजन किया जाता है वहीं कुछ लोग नवमी तिथि के दिन कन्या पूजन करते हैं।

**महागौरी का ध्यान मंत्र**

श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।

या देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

शिवपुराण के अनुसार, महागौरी को आठ साल की उम्र में ही अपने पूर्व जन्म की घटनाओं का आभास होने लग गया था। उन्होंने इसी उम्र से ही भगवान शिव को अपना पति मान लिया था और शिव को पति रूप में पाने के लिए तपस्या भी शुरू कर दी थी। इसलिए अष्टमी तिथि को महागौरी के पूजन का विधान है। इस दिन दुर्गा सप्तशती के मध्यम चरित्र का पाठ करना विशेष फलदायी होता है। जो लोग 9 दिन का व्रत नहीं रख पाते हैं, वे पहले और आठवें दिन का व्रत कर पूरे 9 दिन का फल प्राप्त करते हैं।

वर्ष : 12 अंक : 178 पटना, गुरूवार, 10 अक्टूबर, 2024 विक्रम संवत् 2081 पेज : 12 मूल्य ₹ : 03.00 www.pratahkiran.com

# सीएम नीतीश ने की मां दुर्गा की पूजा अर्चना राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

## मां दुर्गा का पट खुला : पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात : किरण



पटना। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के पट खुलते ही मां के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। राजेंद्रनगर सथित बंगाली अखाड़े में शनिवार की सुबह ही मां दुर्गा की प्रतिमा के पट खोल दिए गए। यहां देवी के तीन स्वरूपों की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पट खुलते ही पहले दिन ही पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बुधवार को सप्तमी तिथि पर सभी पूजा पंडालों में मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की अराधना व उपासना की गयी। पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को महासप्तमी पर्व के अवसर पर श्री श्री दुर्गा पूजा महोत्सव शिव मंदिर खाजपुरा तथा श्री श्री दुर्गा आश्रम शेखपुरा के पंडाल में जाकर माँ दुर्गा का दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समस्त बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना भी की।

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधायक संजीव चौरसिया, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित आयोजकगण, अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के शुभ अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा का पर्व हर्ष एवं उल्लास का पर्व है। दशहरा पर्व को विजय पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह हमारे जीवन में संयम एवं आत्मिक बल का संचरण करने वाला पर्व है।

# आयुर्वेद के नाम पर भ्रामक दावे करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत : मुर्मू

प्रात : किरण




नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में लोगों के अटूट विश्वास का फायदा उठाकर आयुर्वेद के नाम पर झूठे और भ्रामक दावे करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के आठवें स्थापना दिवस समारोह में अपने संबोधन में मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद की प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान में निवेश, दवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और आयुर्वेद के अध्ययन से संबंधित शैक्षणिक संस्थानों के सशक्तिकरण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने ने कहा, ह्यह्यआयुर्वेद में हमारा पीढ़ी दर पीढ़ी से अटूट विश्वास रहा है। इसी विश्वास का फायदा उठाकर कुछ लोग झूठे और भ्रामक दावे करके मासूम लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। वे न केवल नागरिकों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं बल्कि आयुर्वेद की छवि को धूमिल करते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि आयुर्वेदिक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जाए ताकि उन्हें बिना किसी बाधा के निर्यात किया जा सके। उन्होंने कहा, हम साक्ष्य आधारित और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आयुर्वेद के अपने ज्ञान के भंडार को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिला सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धतियों में से एक है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया को भारत की अमूल्य देन है। मुर्मू ने कहा, दुनिया भर में यह मान्यता बढ़ रही है कि स्वस्थ रहने के लिए मन और शरीर दोनों का स्वस्थ होना जरूरी है। आयुर्वेद और योग के बारे में जानने की इच्छा दुनिया भर से लोगों को भारत की ओर खींच रही है। उन्होंने कहा कि एआईआईए विभिन्न संस्थानों के साथ मिलकर आयुर्वेद की साक्ष्य-आधारित विज्ञान के रूप में स्थिति को मजबूत करने के लिए कई एकीकृत शोध परियोजनाएं संचालित कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुच्छेद 370 हमारे लिए हमेशा मुद्दा रहेगा : उमर अब्दुल्ला

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि हम चुनाव जीत गए हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि अब अनुच्छेद 370 हमारे लिए कोई मुद्दा नहीं है। यह हमारे लिए कल भी मुद्दा था, आज भी मुद्दा है और आगे भी रहेगा, लेकिन हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि जिन लोगों ने हमसे यह छीना है, हम उनसे इसे वापस पाने की उम्मीद नहीं रख सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि यह लोकतंत्र है। लोकतंत्र में सरकार आती जाती रहती है, तो हमें पूरी उम्मीद है कि एक दिन जब इनकी सरकार जाएगी और दूसरी सरकार आएगी, तो हम उनके साथ बैठकर इस विषय पर चर्चा करेंगे और इस अनुच्छेद को बहाल करेंगे, लेकिन फिलहाल मौजूदा हुकूमत से इसे लेकर किसी भी प्रकार उम्मीद लगाए बैठना उचित नहीं है। उन्होंने कहा, ह्लजिन लोगों ने हमसे अनुच्छेद 370 को छीना, अगर हम उन्हीं से इसे वापस पाने की उम्मीद करेंगे, तो यह लोगों को धोखा देने के बराबर होगा और हम लोगों को धोखा देने के लिए किसी भी कीमत पर तैयार नहीं हैं, लेकिन हम इस मुद्दे को जिंदा रखेंगे और यह उम्मीद करेंगे कि आज नहीं तो कल मुल्क में हुकूमत बदलेगी, निजाम बदलेगा, एक ऐसी हुकूमत आएगी, जिसके साथ हम बैठकर इस मुद्दे पर बात कर सकेंगे और कुछ न कुछ जम्मू-कश्मीर के लिए हासिल कर सकेंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए हमेशा से ही यह मुद्दा रहा है और आगे भी रहेगा। अगर किसी को लगता है कि चुनाव संपन्न होने के बाद यह मुद्दा ठंडे बस्ते में चला जाएगा, तो मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि यह उसकी गलतफहमी है।

# गरीबों को 2028 तक मिलता रहेगा मुफ्त अनाज

## पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बड़ा फैसला



प्रात : किरण

नई दिल्ली /एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी। इनमें गरीबों को मिल रहे मुफ्त अनाज की समयसीमा बढ़ाने जाने का फैसला भी शामिल है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, आज कैबनिट ने फैसला किया कि दिसंबर 2028 तक गरीबों को मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा, कैबिनेट ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत जुलाई 2024 से दिसंबर 2028 तक मुफ्त फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति जारी रखने को मंजूरी दी। उम्मीद है कि इससे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी दूर होगी। इसका कुल वित्तीय भार 17,082 करोड़ रुपये होगा और इसे केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक की जानकारी देते हुए कहा, पीएम मोदी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया है। कैबिनेट ने राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 4,406 करोड़ रुपये के निवेश से 2,280 किलोमीटर सड़क निर्माण को मंजूरी दी। ज्ञात हो कि तीन अक्टूबर को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई थी। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और कृषि उन्नति योजना को मंजूरी दी थी। इसके अलावा, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल को भी मंजूरी दी गई। सरकार ने पांच भाषाओं को शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा दिए जाने का भी फैसला किया था।

### लोथल में विश्वस्तरीय राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर को मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने देश की 45 सौ वर्ष पुरानी समुद्री विरासत को संजोने तथा इसे भावी पीढियों तक पहुंचाने के लिए गुजरात के लोथल में विश्वस्तरीय राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का विकास करने का निर्णय लिया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह परियोजना दो चरणों में पूरी की जायेगी। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने मास्टर प्लान के अनुसार परियोजना के चरण 1 बी और चरण 2 के लिए स्वैच्छिक संसाधनों तथा योगदान के माध्यम से धन जुटाने के बाद उनके निष्पादन को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। चरण 1 बी के तहत लाइट हाउस संग्रहालय के निर्माण को लाइट हाउस और लाइटशिप महानिदेशालय (डीजीएलएल) द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। लोथल में इस परिसर के विकास, प्रबंधन और संचालन के लिए सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री की अध्यक्षता में एक शासी परिषद द्वारा एक अलग सोसायटी का गठन किया जायेगा जो परियोजना भविष्य के चरणों के विकास का कार्य करेगी। इस परियोजना से 15,000 प्रत्यक्ष और 7,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।इससे क्षेत्र में विकास को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय समुदायों, पर्यटकों, आगंतुकों, शोधकताओं, विद्वानों, सरकारी निकायों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संगठनों, पर्यावरण, संरक्षण समूहों तथा व्यवसायों को काफी मदद मिलेगी।

# पूरे समर्पण भाव से की देश की सेवा : प्रधान न्यायाधीश

## डी वाई चंद्रचूड़ अगले महीने हो रहे हैं सेवानिवृत्त

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ अगले महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं और उनका कहना है कि उन्होंने इस भय और चिंता के बीच पूरे समर्पण के साथ देश की सेवा की है कि इतिहास उनके कार्यकाल का कैसे मूल्यांकन करेगा। भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश का दो साल का कार्यकाल 10 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा, मैं खुद को इन सवालों पर विचार करते हुए पाता हूं कि क्या मैंने वह सब हासिल किया जो मैंने लक्ष्य रखा था? इतिहास मेरे कार्यकाल का कैसे मूल्यांकन करेगा? क्या मैं कुछ अलग कर सकता था? मैं न्यायाधीशों और कानूनी पेशेवरों की भावी पीढ़ियों के लिए क्या विरासत छोड़ जाऊंगा? प्रधान न्यायाधीश ने भूटान में जिग्मे सिंग्ये वांगचुक स्कूल ऑफ लॉ के तीसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, इनमें से ज्यादातर सवालों के जवाब मेरे नियंत्रण से बाहर हैं और शायद, मैं इनमें से कुछ सवालों के जवाब कभी नहीं पा सकूंगा। हालांकि, मैं जानता हूं कि पिछले दो साल में, मैं हर सुबह इस प्रतिबद्धता के साथ जागा हूं कि मैं अपना काम पूर्ण समर्पण भाव से करूंगा और इस संतुष्टि के साथ सोता हूं कि मैंने अपने देश की पूरी लगन से सेवा की है। प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे समय में कमजोर पड़ने के लिए खेद जताया, जब वह पद छोड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि वह भविष्य और अतीत की डर और चिंताओं से बहुत अधिक चिंतित हैं। उन्होंने कहा, जब आप अपनी यात्रा की जटिलताओं से निपट रहे हों, तो एक कदम पीछे हटने, पुनर्मूल्यांकन करने और खुद से पूछने से न डरें कि क्या मैं किसी मंजिल की ओर दौड़ रहा हूं, या मैं खुद की ओर दौड़ रहा हूं? अंतर सूक्ष्म है, फिर भी गहरा है। आखिरकार, दुनिया को ऐसे नेताओं की जरूरत है जो सिर्फ महत्वाकांक्षा से नहीं बल्कि उद्देश्य से प्रेरित हों। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जब किसी को अपनी क्षमताओं और मंशाओं में विश्वास की भावना होती है तो उसके लिए परिणामों के बारे में अधिक चिंता करना छोड़ देना तथा उन परिणामों की ओर जाने वाली प्रक्रिया और यात्रा को महत्व देना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा, ह्यह्यपिछले कुछ सालों में मैंने इस बात को महसूस किया है कि हमारे समाज के लिए योगदान की हमारी क्षमता की जड़ें हमारे आत्म-बोध में और आत्म-कल्याण की क्षमता में निहित हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि गंतव्य तक पहुंचने को लेकर आशंकाओं में उलझने के बजाय लक्ष्य की ओर यात्रा का आनंद लेना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने न्याय प्रणाली की दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी, प्रशासनिक और बुनियादी ढांचे में सुधार की शुरूआत करने के अलावा सार्वजनिक जीवन को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर फैसले सुनाए हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 13 मई, 2016 को शीर्ष अदालत में पदभार ग्रहण किया था।

# चुनाव आयोग ने हरियाणा के नतीजों पर कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर जताई आपत्ति




नई दिल्ली /एजेंसी। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों को कांग्रेस पार्टी की तरफ से अस्वीकार्य और अप्रत्याशित बताए जाने पर चुनाव आयोग ने अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पत्र लिखा है। आयोग ने चुनावी नतीजों पर पार्टी अध्यक्ष के बयान पर आपत्ति जताई है। चुनाव आयोग के पत्र में लिखा गया है कि आयोग ने आपके और विपक्ष के नेता के बयानों पर गौर किया है, जिसमें हरियाणा के नतीजों को अप्रत्याशित बताया गया है और कांग्रेस इसका विश्लेषण करने और अपनी शिकायतों/शिकायतों के साथ चुनाव आयोग से संपर्क करने का प्रस्ताव रखती है। इस उचित धारणा पर आगे बढ़ते हुए कि पार्टी अध्यक्ष का बयान चुनावी नतीजों पर पार्टी की औपचारिक स्थिति है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने आज शाम 6 बजे कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मिलने पर सहमति भी जताई है।इसके साथ चुनाव आयोग ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के हरियाणा के नतीजे अस्वीकार्य वाले बयान को देश की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत में अनसुना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के वैध हिस्से से बहुत दूर करार दिया। बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि पार्टी नेताओं जयराम रमेश और पवन खेड़ा की ऐसी टिप्पणियां वैधानिक और नियामक चुनावी ढांचे के अनुसार व्यक्त की गई लोगों की इच्छा को अलोकतांत्रिक तरीके से खारिज करने की ओर ले जाती हैं।

**चुनाव आयोग से मिलेगा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल :** चुनाव आयोग ने कहा कि उसने मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी के बयानों पर भी गौर किया है, जिसमें हरियाणा के नतीजों को अप्रत्याशित बताया गया है और पार्टी इसका विश्लेषण करने और अपनी शिकायतों के साथ चुनाव आयोग से संपर्क करने का प्रस्ताव रखती है। चुनाव आयोग ने कहा कि उसे कांग्रेस के 12 सदस्यीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के लिए बैठक का समय मांगने का अनुरोध मिला है, जिसमें हरियाणा के चुनावी नतीजे अस्वीकार्य वाला बयान देने वाले लोग भी शामिल हैं।

**आधारशिला** प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी

# कांग्रेस पूरी तरह से सांप्रदायिक और जातिवाद का चुनाव लड़ती है : मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मुसलमानों की जाति की बात आते ही कांग्रेस के मुंह पर ताला लग जाता है लेकिन हिंदू समाज की बात आते ही वह चर्चा जाति से ही शुरू करती है क्योंकि वह जानती है कि हिंदू जितना बंटेगा, उतना ही उसका फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है और भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वह इसी फामूर्ले को लागू करती है। महाराष्ट्र में 7,600 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आधारशिला रखने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने विश्वास जताया कि समाज को तोड़ने की इस कोशिश को राज्य की जनता नाकाम करेगी। उन्होंने इस सरकारी कार्यक्रम में महाराष्ट्र के लोगों से देश के विकास को सर्वोपरि रखते हुए और एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके गठबंधन महायुति के पक्ष में मतदान करने की अपील की। हरियाणा के चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इसने बता दिया है कि आज देश का मिजाज क्या है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का पूरा इकोसिस्टम, अर्बन नक्सल का पूरा गिरोह जनता को गुमराह करने में जुटा था लेकिन उसकी सारी साजिशें ध्वस्त हो गईं। उन्होंने दलितों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की लेकिन दलित समाज ने उनके खतरनाक इरादों को भांप लिया। दलितों को एहसास हो गया कि कांग्रेस उनका आरक्षण छीन कर अपने वोट बैंक को बांटना चाहती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के दलित वर्ग ने भाजपा का रिकॉर्ड समर्थन किया तो अन्य पिछड़ा वर्ग ने भी भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि किसानों और नौजवानों को भड़काने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन हरियाणा की जनता ने दिखा दिया कि वह अब कांग्रेस और अर्बन नक्सल के नफरत के षड्यंत्र का शिकार नहीं होने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस पूरी तरह से सांप्रदायिक और जातिवाद का चुनाव लड़ती है। हिंदू समाज को तोड़कर उसे अपनी जीत का फॉमूर्ला बनाना, यही कांग्रेस की राजनीति का आधार है। कांग्रेस भारत के सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की परंपरा का दमन कर रही है, सनातन परंपरा का दमन कर रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की नीति है, हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाओ। कांग्रेस जानती है कि जितना हिंदू बंटेगा, उतना ही उसका फायदा होगा। कांग्रेस किसी भी तरीके से हिंदू समाज में आग लगाए रखना चाहती है, ताकि वो उस पर राजनीतिक रोटियां सेंकती रहे। भारत में जहां भी चुनाव होते हैं, वहां कांग्रेस यही फॉमूर्ला लागू करती है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि हमेशा बांटों और सत्ता पाओ के फामूर्ले पर चलने वाली कांग्रेस ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह एक गैर-जिम्मेदार दल बन गया है। उन्होंने कहा, वह अभी भी देश को बांटने के लिए नए-नए विमर्श गढ़ रही है कांग्रेस के एक भी नेता ने आज तक कभी नहीं कहा कि हमारे मुस्लिम भाई-बहनों में कितनी जातियां होती हैं। मुस्लिम जातियों की बात आते ही कांग्रेस के नेता मुंह पर ताला लगाकर बैठ जाते हैं।

# एलएसी के करीब सिक्किम में बैठक करके चीन को कड़ा संदेश देने की तैयारी

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित शीर्ष रक्षा अधिकारी बैठक में होंगे शामिल

- लद्दाख और अरुणाचल की मौजूदा स्थिति का जायजा लेगा सैन्य नेतृत्व

प्रात : किरण



नई दिल्ली /एजेंसी। चीन को कड़ा संदेश देने के लिए पहली बार सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में भारतीय सेना के शीर्ष अधिकारी वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास 10-11 अक्टूबर को सिक्किम में बैठक करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित शीर्ष रक्षा अधिकारी संबोधित करेंगे। शीर्ष सैन्य कमांडरों की महत्वपूर्ण बैठक वास्तविक नियंत्रण रेखा के करीब किसी स्थान पर होगी। बैठक में एलएसी पर संवेदनशील स्थिति, विशेष रूप से लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश की स्थिति का जायजा लिया जाएगा, जहां दोनों पक्ष नियमित आधार पर गतिरोध और टकराव में लगे हुए हैं। सम्मेलन का दूसरा चरण 28-29 अक्टूबर को दिल्ली में होने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि शीर्ष अधिकारी मौजूदा वैश्विक संघर्षों के सबक और सेना के विभिन्न अंगों सहित भारतीय बलों के लिए सीख पर भी चर्चा करेंगे। जनरल द्विवेदी के नेतृत्व में शीर्ष सेना कमांडरों की यह पहली बैठक होगी। उन्होंने इस साल 30 जून को सेना प्रमुख का पद संभाला था। हाल ही में जनरल द्विवेदी ने सीमा पर चीन के साथ स्थिति स्थिर लेकिन सामान्य बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि संवेदनशील क्षेत्र में चीन के साथ लंबे समय से चल रहे सैन्य गतिरोध में भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच विश्वास को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। अप्रैल, 2020 जैसी स्थिति बहाल होने तक स्थिति संवेदनशील बनी रहेगी और हम किसी भी तरह की आकस्मिकता का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वृद्धा से उचक्कों ने उड़ाए गहने

फतुहा। बुधवार को स्टेशन रोड में एक वृद्धा से उचक्कों द्वारा गहने उड़ा लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस सन्दर्भ में वृद्धा नोहटा निवासी देवमंती देवी ने थाने में शिकायत भी दर्ज करायी है। वृद्धा के मुताबिक वह स्टेशन रोड स्थित काली मंदिर में पूजा करने गयी थी तभी भीड़ में उचक्कों ने उसके जिउतिया व बाली उड़ा लिए। वृद्धा ने शोर भी मचाया लेकिन उचक्के मंदिर के पास से फरार हो गये।

### खुला मां दुर्गा का पट, उमड़ी भीड़

फतुहा। बुधवार को नवरात्र के सप्तमी तिथि को मंत्रोच्चार के साथ मां भवानी का पट खुल गया। पट खुलते ही पूजा पंडालों की ओर माता भवानी के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा पंडालों में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। गंज पर बड़ी देवी जी, कटैयाघाट स्थित दुर्गा स्थान, गोविंदपुर काली स्थान, महारानी चौक स्थित मां दुर्गा,प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थापित मां दुर्गा, कल्याणनाथ मंदिर स्थित मां भवानी, शीशामील स्थित काली जी व सम्मसपुर स्थित काली माता का पट मंत्रोच्चार के साथ खोल गया।

### बेल वृक्ष के निकट माता का अधिवास का उदबोधन किया

दानापुर नगर के अंतर्गत नगर में अलग अलग स्थानो पर विभिन्न पूजा समिति द्वारा बेल वृक्ष के निकट माता का अधिवास उदबोधन किया गया। प्राचीन बाध्ययंत्रो व गाजे बाजे के साथ नगर विभिन्न पूजा समिति से माथे पर पूजन सामाग्री व प्रसाद की थाल लिये कन्याएं पूजन स्थल पर पहुंची। पशु चिकित्सालय परिसर में आयोजित पूजन स्थल पर बड़ी देवी जी सेवा समिति पेठियापर, 108काली पूजा समिति बड़ी देवी, व्यवसायिक संघ झुनझुनरोड, सदर बाजार शिवमंदिर, बड़ी देवी महावीर मंदिर समेत कई पूजा समिति के लोग शामिल हुए। जिसमें काली पूजा समिति से 221 थाल लेकर कुआंरी कन्याएं नगर भ्रमण करते हुए पूजा स्थल पर पहुंची। इसके अलावे झुनझुन रोड बडी देवी की ओर से 51 व त्रिनेत्र क्लब से 51 समेत अन्य पूजा समिति से थाल लेकर कन्याएं पूजा स्थल पहुंची। वही सुलतानपुर में धुमधाम से बड़ी देवीजी व छोटी देवी पूजा समिति द्वारा बिल्वाभिमंत्रण को लेकर गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु बेल वृक्ष के निकट जाकर पूजा अर्चना किया। पशु चिकित्सालय परिसर में आचार्य वायुनंदन मिश्र आचार्य गोपाल कुमार मिश्र, महंथ बबन दास, प्रदीप्त मिश्र, विशाल पांडेय, विद्वाभुषण मिश्र मृत्युजंय पांडेय शंकर बाबा व सुलतानपुर में बृज बिहारी मिश्र व सिद्धार्थ भारद्वाज एवं गोलापर में पंडित अर्जून पांडेय आदि पूजा सम्पन्न कराया। आचार्य वायू नंदन मिश्र ने बताया कि आज बिल्वाभिमंत्रण पूजा उदबोधन एवं अधिवास किया गया। गुरूवार की सुबह नवपत्रिका प्रवेश के साथ माता की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा होगा। इस बार अष्टमी का व्रत लोग 11 अक्टूबर को करेंगे व शारदीय नवरात्र का समापन हवन उसी दिन होगा।

### हरियाणा में भाजपा के तीसरी बार सत्ता में लौटने केंद्रीय नेतृत्व को दी बधाई

पटना सिटी, भारतीय जनता पार्टी पटना महानगर के अध्यक्ष अभिषेक कुमार, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश और राजेश साह ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और वहां की स्थानीय जनता को बधाई दी है। मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकास कार्यो से प्रभावित होकर दलित, अति पिछड़ा वर्ग, किसान, युवा और महिलाओं ने भाजपा को जिताने का कार्य किया है। दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में हुए चुनाव में भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है। आने वाले समय में भाजपा की सरकार बनने की संभावना प्रबल हो गई है। प्रदेश भाजपा व्यवसाय मंच के सह संयोजक नितिन कुमार उर्फ रिंकूने कहा कि किसान आंदोलन के नाम पर लोगों को भड़काया गया मगर देश का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सक्षम नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति ने भाजपा को एक बार फिर हरियाणा की बागडोर सौंप दी है। हरियाणा की जनता ने देश के प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व पर पूरा भरोसा किया है, इसके लिए वहां की जनता बधाई की पात्र है।हरियाणा के 56 साल के इतिहास में कोई पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। साथ ही भाजपा द्वारा जम्मू-कश्मीर में पिछली बार से अच्छा प्रदर्शन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा पटना महानगर अध्यक्ष मयंक जायसवाल, जिला महामंत्री शशि शेखर व सन्नी मिक्की, जिला मंत्री यश राज, गुंजन कुमार, शुभम झा, सूरज सम्राट, जिला उपाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, अश्विनी राज यादव, राजन कुमार राज, मुरारी कुमार, राकेश नवरंग, गौरव कुमार, आकाश केशरी, सौरव कुमार, गोपाल जायसवाल, अमित कुमार आदि कार्यकताओं ने ख़ुशी व्यक्त कर केंद्रीय नेतृत्व का भी आभार प्रकट किया है।

# सूबे में गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवा के लिए 150 एफआरयू किया जाएगा क्रियाशील

- शीघ्र ही 20 एफआरयू किये जा रहे हैं क्रियाशील
- अभी 69 क्रियाशील एफआरयू हैं राज्य में सक्रिय
- मातृ स्वास्थ्य की देखभाल में एफआरयू कारगर



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवा बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की आधारशिला मानी जाती है। इसमें प्रथम रेफरल इकाई (एफआरयू) की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इसके मद्देनजर राज्य में क्रियाशील एफआरयू की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसे लेकर मंगलवार को विभागीय अधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक में इसकी समीक्षा की गयी है। इसमें प्रथम रेफरल इकाई की संख्या को 150 करने का लक्ष्य तय किया गया। बैठक के दौरान राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (मातृ स्वास्थ्य) डॉ सरिता ने बताया कि राज्य में जल्द ही 20 एफआरयू को क्रियाशील किया जा रहा है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मातृ-स्वास्थ्य डिवीजन की 2004 में एफआरयू के लिए प्रकाशित गाइडलाइन के अनुसार, प्रत्येक 1 लाख में से 490 गर्भवती महिलाओं की मौत गर्भकाल और बच्चे को जन्म देते समय हो जाती है। इन मौतों में दवाओं की कमी, ऑपरेशन थियेटर या प्रसव कक्ष, ब्लड बैंक की उपलब्धता और स्किल कर्मियों की अनुपलब्धता प्रमुख वजहों में शामिल है। स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर आधारभूत संरचना, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, स्किल मानव संसाधनों का होना एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी को सुनिश्चित करने के लिए एफआरयू की उपयोगिता बढ़ जाती है।

पटना एम्स में एडिशनल प्रोफेसर सह स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ इंदिरा प्रसाद कहती हैं कि जटिल प्रसव से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में इजाफा होता है। इसमें कमी लाने के लिए रेफरल सेवाओं का सुदृढ़ीकरण महत्वपूर्ण है। क्रियाशील एफआरयू की संख्या में बढ़ोतरी होने से न सिर्फ सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिलेगा बल्कि समुदाय का सरकारी सेवाओं के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। सी सेक्शन नहीं करने वालों पर हो सकती है विभागीय कार्रवाई मालूम हो कि राज्य में कुल 216 एफआरयू चिन्हित हैं। इसमें 69 एफआरयू अभी क्रियाशील हैं। उच्चस्तरीय बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि सी सेक्शन का कार्य महत्वपूर्ण है। इसके अलावा वैसे चिकित्सकों की सूची जो सी-सेक्शन का कार्य संपादित नहीं कर रहे हैं या कम कर रहे हैं, उनकी सूची सिविल सर्जन विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि उन चिकित्सकों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की जा सके।

#### एफआरयू में मिलने वाली सुविधाएं

- 20 से 30 बेड का स्ट्रेंथ
- आपातकालीन प्रसव सेवा (सिजेरियन सहित)
- न्यू बोर्न केयर यूनिट
- पूरी तरह से संचालित लेबर रूम
- क्रियाशील लेबोरेटरी सभी जरूरी जांच के साथ
- ब्लड स्टोरेज फैसिलिटी
- 24 घंटे पानी की व्यवस्था
- बायो वेस्ट के डिस्पोजल की व्यवस्था
- अनवरत बिजली की व्यवस्था
- एम्बुलेंस और टेलीफोन की व्यवस्था

## पटना वीमेंस कॉलेज में आधुनिक कला पर पोस्टर प्रदर्शनी



प्रात :किरण संवाददाता

पटना के वीमेंस कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने ह्यलिट विटह्न साहित्यिक सोसाइटी के सहयोग से एक विशेष पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें एमए सेमेस्टर 3 की छात्राओं ने आधुनिक कला पर आधारित पोस्टर तैयार किए। ये पोस्टर विभाग के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किए गए। इस कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग की प्रमुख, डॉ. सहर रहमान और सहायक प्रोफेसर, डॉ. प्रभात झा निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का परिचय देते हुए छात्रा मौली पुलक ने आधुनिक ब्रिटिश साहित्य में आधुनिक कला आंदोलनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अवांट-गार्डे आंदोलन के बाद के कई महत्वपूर्ण कला आंदोलनों, जैसे प्रभाववाद, क्यूबिज्म और दादावाद, का उल्लेख किया, जो पेरिस की प्रदर्शनी में प्रदर्शित हुए थे। उन्होंने यह भी बताया कि वर्जीनिया वुल्फ ने 1910 में लंदन में हुई एक प्रदर्शनी के प्रभाव को आधुनिक लेखकों पर उल्लेखनीय बताया था। डॉ. सहर रहमान ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और प्रतिभागी अधिगम विधियों के माध्यम से छात्रों के लिए इस प्रदर्शनी के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रभात झा ने इस सफल आयोजन में योगदान दिया। साहित्यिक सोसाइटी की समन्वयक, डॉ. दीपिका तिवारी ने भी सहयोग प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन सांवि ने प्रस्तुत किया। सभी कार्यक्रमों का कुशल प्रबंधन राजश्री रॉय ने किया।

## पट खुलते ही मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ी लोगों की भीड़

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत नवरात्र को लेकर पूजा पंडालो में मां दुर्गा की प्रतिमा की देखने की भक्तों की लगी भीड़ छोटी बदलपूरा बौलीपर स्थित 5 स्टार क्लब के दुर्गा पूजा पंडाल में स्थापित सूर्य नमस्कार पर मां दुर्गा की प्रतिमा की भव्यता को देखकर लोग आतंकीत हो रहे हैं। दिन क्या रात में भी लोगों का प्रतिमा को देखने के लिए पंडाल की ओर खिंचा चला आ रहा है ।इसके अलावा खगौल के प्रमुख पूजा पंडाल समिति और लाल चौक, खगौल लख,आनंदपुरी ,मोती चौक, काली स्थान,भारत क्लब, न्यू कॉलोनी, लंका कॉलोनी, मेडिकल कॉलोनी,लोको कॉलोनी,छोटी बदलपुरा जानकी मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल छोटी बदलपुरा में भी श्रद्धालुओं का भीड़ देखी जा रही है ।वही फाइव स्टार क्लब, छोटीबदलपुरा बौलीपर के सचिव चंदू प्रिन्स ने बताया कि आजाद क्लब, आनंदपुरी, हर वर्ष यहां बंगाली पूजा के तर्ज पर छठी के दिन ही पट खोल दिया जाता है। 5 स्टार क्लब लगभग 40 वर्षों से अद्भुत प्रतिमा का स्थापित करती है। हर वर्ष नए लुक और नए रंग में मां दुर्गा की प्रतिमा को देखने को भारी उग्र पड़ती है भीर। लोक कला मंदिर छोटी बदलपुरा ,जानकी मंदिर के अध्यक्ष अजय कुमार यादव ,का कहना है कि खगौल में अद्भुत से अद्भुत प्रतिमा बैठाई जाती है। वहीं फाइव स्टार क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष सूरज कुमार सिन्हा ,एवं व्यवस्थापक किशोर वर्मा, ने बताया कि फाइव स्टार क्लब श्रद्धालुओं की मां दुर्गा के अलग-अलग अद्भुत रूप में दर्शन होते हैं वहीं पर साउथ इंडियन स्टाइल में बनी माता की मूर्ति दर्शन को श्रृद्धाजंलियों को उम्र रही है देर रात तक पंडालो में भक्ति का माहौल दिख रहा है ।दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए चक्रदाहा और खगौल लख पर बेर कास्टिंग कर वाहनों के आवा गमन को नियंत्रित किया जा रहा है ।ताकि पैदल घूमने वाला श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो। वही पूजा के दौरान पुलिस की व्यवस्था काफी दुरुस्त नजर आ रही है ।हर पंडाल में जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। खगौल थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि पूरे खगौल में सभी जगह पेट्रोलियम की जा रही। हर पूजा पंडाल में पुलिस बल की तैनाती की गई है। किसी तरह की कोई परेशानी हो मुझे तुरंत सूचना दें।



## 93 लीटर विदेशी शराब बरामद

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। बुधवार को सुबह रेल पुलिस ने प्लेटफार्म नम्बर तीन से लावारिस हालत में रखे सेव के पेटी से 93 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत करीब लाख रुपए की बतायी जाती है। यह शराब सेव के पेटी में प्लेटफार्म नम्बर तीन पर रखी हुई थी। आशंका प्रकट की जाती है कि यह शराब के खेप किसी ट्रेन से उतारी गयी थी तथा इसे कहीं ले जाने की तैयारी थी। लेकिन इसके पहले रेल पुलिस की गश्ती के दौरान नजर पड़ गयी। रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार के मुताबिक जब पेटी को खोला गया तो उपर में सेव रखा हुआ था। सेव के नीचे शराब की बोतल को रखा गया था। बरामद शराब में 102 पीस बीयर तथा 76 बोतल विभिन्न ब्रांड के विदेशी शराब है। रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार के मुताबिक इस सन्दर्भ में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक द्वारा पाटलिपुत्र-समस्तीपुर-सहरसा-ललितग्राम रेलखंड का किया गया निरीक्षण

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/ हाजीपुर। छत्रसाल सिंह, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल द्वारा आज पाटलिपुत्र-मुजफ्फरपुर- समस्तीपुर-सहरसा-ललितग्राम रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के मध्य स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया । निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह सहरसा स्टेशन पर मधेपुरा के सांसद दिनेश चंद्र यादव से, सुपौल स्टेशन पर सुपौल के माननीय सांसद श्री दिलेश्वर कामैत से तथा झंझारपुर स्टेशन पर झंझारपुर के सांसद रामप्रीत मंडल से शिष्टाचार मुलाकात कर यात्री सुविधा और रेल विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति से माननीय सांसद को अवगत कराया एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया । निरीक्षण के क्रम सर्वप्रथम महाप्रबंधक द्वारा कपूरीग्राम स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, सकुर्लेटिंग एरिया सहित यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर विकसित की जाने वाली यात्री सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर श्री विवेक भूषण सूद तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके उपरांत महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज समस्तीपुर मंडल अंतर्गत कोपरिया और सिमरी बख्तियारपुर के बीच रेलपुल संख्या 47 का निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। तत्पश्चात महाप्रबंधक सहरसा स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन सहित एलएचबी कोचिंग काम्पलेक्स का निरीक्षण किया । साथ ही महाप्रबंधक महोदय द्वारा सहरसा में नवनिर्मित द्वितीय वाशिंग पिट, मेकेनाईज्ड लॉण्ड्री तथा 5000 गैलन पानी टंकी का शुभारंभ किया गया । महाप्रबंधक महोदय द्वारा ललितग्राम स्टेशन का भी निरीक्षण किया गया एवं वहां साफ-सफाई, सकुर्लेटिंग एरिया सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर विनय श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



## एनएमसीएच परिसर में खड़ी बाइक धू-धू जल हुई खाक



- सेंट्रल इमरजेंसी से अग्निशमन यंत्र लेकर स्टाफ ने बुझाया, फायर गाड़ी भी आई
- ऑडिटोरियम परिसर में अबतक दो पहिया वाहनों का पार्किंग व टोकन सिस्टम लागू नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में खड़ी एक पल्सर बाइक में बुधवार को पूर्वाह्न अचानक आग लग गई। यह तो संयोग रहा कि आसपास में खड़ी अन्य बाइक उसकी चपेट में नहीं आ पाई, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। जब बाइक धू-धू कर जल रही थी, तब नजारा देखने वाले लोग अपने मोबाइल से वीडियो बनाने और फोटो लेने का काम कर रहे थे। इसी दौरान केंद्रीय इमरजेंसी से एक स्टाफ अग्निशमन यंत्र लेकर आया और उसका इस्तेमाल करते हुए आग पर काबू पाने में सफल रहा। हालांकि तब तक मोटरसाइकिल पूरी तरह से जल कर खाक हो चुका था। सूचना मिलने के बाद पटना सिटी फायर स्टेशन से भी एक यूनिट भी पहुंची, लेकिन तब तक आग पर काबू पाया जा चुका था। मोटरसाइकिल भी जलकर पूरी तरह से खाक हो चुकी थी। इस संबंध में एनएमसीएच परिसर में कार्यरत पुलिस चौकी के प्रभारी मो कलीमुद्दीन ने बताया कि रजिस्ट्रेशन काउंटर में काम करने वाले कर्मी मुकेश कुमार दवा वितरण काउंटर की ओर अपनी पल्सर मोटरसाइकिल खड़ी कर गए थे। देखते ही देखते अचानक उसमें आग लग गई। जिस मोटरसाइकिल में आग लगी, उसके अगल-बगल भी दो पहिया वाहन खड़ा था। यह महज संयोग रहा कि अगल-बगल खड़े वाहन में आग नहीं पकड़ सका। हालांकि अगल-बगल में खड़े वाहन का बॉडी गर्म हो गया था। टीओपी के प्रभारी मो कलीमुद्दीन भी कहते हैं कि खड़े बाइक में आग लगना संदेह पैदा करता है। पता नहीं कोई बड़ी या सिगरेट पीकर उस ओर फेंक दिया। चलती गाड़ी में तो आग लगती है, मगर खड़ी गाड़ी में आग लगना संदेह पैदा करता है। हालांकि वाहनमालिक मुकेश के द्वारा लिखित रूप में नहीं दिया गया है। मुकेश का कहना था कि उनकी बाइक का बीमा भी नहीं था। उन्होंने उक्त बाइक को ले जाकर कबाड़ में बेच दिया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि पिछले माह अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह, उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार, अन्य चिकित्सक के साथ अस्पताल प्रबंधक प्रणय कुमार के साथ अस्पताल में दो पहिया और चार पहिया वाहनों के बेतरतीब पार्किंग को लेकर मंथन किया था। कारण कि परिसर में बेतरतीब ढंग से खड़े चार पहिया और दोपहिया वाहनों के पार्किंग से पैदल और ट्राली से आने-जाने वाले मरीज, परिजनों, चिकित्सक व कर्मियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहन चोरी की घटनाएं भी आए दिन होती रहती हैं। निर्णय लिया गया था कि ऑडिटोरियम परिसर के एक हिस्से में मोटरसाइकिल की पार्किंग कराई जाएगी। अस्पताल परिसर में दोपहिया वाहन से आने वाले चिकित्सक, पीजी, इंटर्न से लेकर कोई भी मरीज या उसके परिजन बाइक यहीं खड़ी करेंगे और उन्हें टोकन दिया जाएगा। जब वह वापस अपना वाहन पार्किंग से लेकर जाने लगेंगे, तब उन्हें टोकन लौटना पड़ेगा। मगर इसे अमल में अब तक नहीं लाया जा सका।

## रास्ता अतिक्रमण करने वाले सीओ पर एफआईआर, विभागीय कार्रवाई भी : डीएम

### क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान परिसर में बने आयुष अस्पताल का निरीक्षण करने आए थे : डीएम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान और इसके परिसर में बने आयुष अस्पताल भवन का निरीक्षण करने जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह बुधवार को पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय बनाने चिकित्सा अनुसंधान संस्थान केंद्रीय आयुष मंत्रालय का महत्वपूर्ण संस्थान है

यहां यूनानी पद्धति से चिकित्सा की जाती है अनुसंधान और चिकित्सा का कार्य भी यहां होता है इसी परिसर में आयुष चिकित्सा के लिए भी भवन बन रहा है जो करीब करीब तैयार है। इस दौरान उन्होंने पाया कि आयुष अस्पताल की ओर जाने वाले मार्ग में एक व्यक्ति के द्वारा बार-बार अतिक्रमण कर लिया जा रहा है। आने जाने वाले रास्ते को बार-बार बाधित किया जा रहा है। उनके द्वारा अतिक्रमण कर चहारदीवारी भी कर लिया गया था। साथ ही में चिकित्सकों एवं फेकेल्टी मेंबर्स के साथ ही मरीजों को आने में भी बाधा डालते हैं और उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया था ।हालांकि प्रशासन के द्वारा उसे हटाया भी जा चुका है। फिर भी वह बार-बार घेरेबंदी कर ले रहा है। इस संबंध में क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के उपनिदेशक डॉ मुश्ताक अहमद ने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी और पटना सिटी के अनुमंडल पदाधिकारी के यहां भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। डीएम के आदेश पर 24 घंटे के अंदर उक्त अतिक्रमण को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटा दिया गया था। मगर बाद में फिर से उक्त दूरी में अतिक्रमण कर लिया गया। इस कारण से आयुष अस्पताल के लिए भवन निर्माण और अन्य सामग्री एवं उपकरण को लाने-ले जाने में खासा कठिनाई हो रही है।

हालांकि आयुष अस्पताल का निर्माण हो चुका है। डीएम ने कहा कि एक व्यक्ति के द्वारा बार-बार रास्ता को बाधित किया जा रहा है। इस संबंध में डीएम ने कहा कि पता चला है कि अतिक्रमण करने वाले बिहार सरकार में ही अंचलाधिकारी हैं। इसे लेकर उन पर कार्रवाई के लिए सरकार से अनुशंसा की जाएगी। वह रास्ता नहीं बाधित करें। यदि उनके पास निजी जमीन का कागज होगा, तो सरकार उक्त जमीन का अधिग्रहण कर उचित मुआवजा देने का काम करेगी। हालांकि 40-50 साल से रहे रास्ते को वह निजी बता रहे हैं, यह गलत है। डीएम ने एसडीओ और खाजेकलां थाना के थानाध्यक्ष को निर्देश किया है कि आने-जाने वाले रास्ते पर व्यवधान वह व्यक्ति नहीं डालें। यही नहीं, उन पर एफआईआर भी कराई गई है। साथ ही उन पर कार्रवाई किए जाने को लेकर सरकार को भी लिखा जाएगा। इस दौरान डीएम के साथ निरीक्षण में डीसीएलआर पटना सिटी अभिलाषा कुमारी, क्षेत्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के उपनिदेशक डॉ मुश्ताक अहमद आदि भी मौजूद थे। संस्थान के उपनिदेशक ने कहा कि वह डीएम के द्वारा की गई कार्रवाई से पहले और अब भी संतुष्ट हैं। दरअसल रास्ते पर से अतिक्रमण हटाने के बाद भी एक व्यक्ति प्रेम कुमार, जो हाजीपुर में सीओ के पद पर कार्यरत हैं, वह बार-बार अपनी जमीन बता कर तोड़े व हटाए गए अतिक्रमण को फिर से खड़ा कर कब्जा कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई, 24 की सुबह में प्रशासन ने जेसीबी की मदद से घेरेबंदी को तोड़ा था और लगे हाथ उस पर पक्का रास्ता बनवाया गया था।



## भगवती दुर्गा देवी के पट खुलते ही दर्शन को उमड़े भक्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्रि में भक्तों की देवी मंदिरों के बाद अब पूजा पंडालून में भी शुरू हो गई है। भगवती दुर्गा देवी के सातवें स्वरूप कालरात्रि की उपासना बुधवार को की गई। गुरुवार को महागौरी की पूजा अर्चना होगी इस दौरान अधिकांश श्रद्धालु व्रत रखकर भगवती की आराधना करेंगे। हालांकि अष्टमी को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। श्री बड़ी पटनदेवी के महंत विजय शंकर गिरी का कहना है कि अष्टमी गुरुवार को सुबह 7:30 बजे के बाद है। इसी दिन पत्रिका प्रवेश और रात्रि में महानिशा पूजा होगा। हालांकि निशा पूजा का अनुष्ठान गुरुवार की मध्य रात्रि को होगा। भक्त देवी के आठवें स्वरूप महागौरी व नवम सिद्धिदात्रि की उपासना भी शुक्रवार को करेंगे। श्री बड़ी देवी जी मारुफगंज में दुर्गा देवी षष्ठादि कल्पारंभ व महाषष्ठी पूजा के बाद शाम को दुर्गा देवी का बोधन आमंत्रण अधिवास हुआ। सपने में विविध पूजा भी की गई। शाम को भगवती की आरती की गई। गुरुवार को नव पत्रिका प्रवेश व स्थापना कल्पारंभ होगा। श्री बड़ी देवी जी खाजेकलां, गुरहट्टा, हमाम पर, कमांडर गली, कसेरा टोली, हाजीगंज, दालहट्टा, नंदगोला, सिमली, तारणी प्रसाद लेन स्थित मुक्तेश्वरनाथ देवी मंदिर, नया गांव पूजा समिति, चैलीटाल मनोरंजन पूजा समिति, बंगाली समुदाय की ओर से गायघाट स्थित सांस्कृतिक परिषद गुलजारबाग, श्री बड़ी देवी जी महाराजगंज, रानीपुर स्थित काली जी के साथ साथ अन्य स्थानों पर भगवती दुर्गा देवी की पूजा-अर्चना की गई। शक्तिपीठ स्थल बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरी व भोलू गिरि, श्री छोटी पटनदेवी में अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में, अगमकुआं शीतला माता मंदिर में पुजारी जयप्रकाश पुजारी, अमरनाथ बबलू, मनोज श्री माली उर्फ छोटू पुजारी, पंकज पुजारी व सुनील पुजारी, पटनदेवी गड़हा पर आचार्य बबलू पांडेय, श्री बड़ी देवी जी महाराजगंज, खाजेकलां के नीम घाट स्थित प्राचीन काली मंदिर में मुन्ना बाबा, दीरापर श्मशानी काली मंदिर में आचार्य शशिकांत मिश्रा, श्री काले हनुमान मंदिर में पंडित राजेश मिश्रा, बेगमपुर स्थित श्री जल्ला हनुमान मंदिर, तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वरनाथ मंदिर और सर्व मंगला देवी मंदिर धार्मिक अनुष्ठान हुए। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी, अगमकुआं शीतला माता मंदिर व सर्व मंगला देवी मंदिर गुलजारबाग में, प्यारे लाल के बाग स्थित शीतला मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने दर्शन पूजन किया। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में चंडी पाठ जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में पाठ हुआ।



## रिटायर पदा राजीव रतन गुप्ता की हत्या में संजीत गिरफ्तार, गया जेल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र के बजरंगपुरी मुहल्ला में मंगलवार की सुबह घर से टहलने को निकले सेवानिवृत्त पदाधिकारी 68 वर्षीय राजीव रतन गुप्ता की हत्या हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने नामजद आरोपित संजीत यादव को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार संजीत के घर से पुलिस ने लाइसेंसी पिस्टल, दस गोली और खोखा बरामद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्या की प्राथमिकी मृतक पदाधिकारी स्व रतन की पत्नी आशा कुमारी के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। इसमें संजीत यादव को आरोपित किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष के अनुसार जमीन व मकान के विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है। हत्या में शामिल दोनों हत्यारों की तलाश में पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार संजीत आलमगंज थाना के ही बिस्कोमान स्थित पाटलि ग्राम में रहता है।

## दीदारगंज अंचल का अस्थायी कार्यालय कटरा बाजार समिति में खुलेगा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार सरकार ने पटना के खासकर पटना सदर अंचल को बांटने का काम किया था। पटना सदर अंचल से कट कर जहां कुम्हार में पटना सदर अंचल बना। वहीं इसका ग्रामीण क्षेत्र दीदारगंज अंचल के नाम से बनाया गया है। नवगठित दीदारगंज अंचल कार्यालय के लिए दीदारगंज में स्थल निरीक्षण जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर कुमार के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि दीदारगंज स्थित कटरा बाजार समिति में दीदारगंज अंचल कार्यालय को अस्थाई रूप से शीघ्र प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। बाजार समिति परिसर में करीब एक एकड़ की सरकारी भूमि उपलब्ध है। डीएम ने अधिकारियों को अस्थाई कार्यालयों के लिए नए भवनों के निर्माण के लिए सभी तथ्यों का अध्ययन कर शीघ्र प्रस्ताव देने का निर्देश दिया है। अस्थाई कार्यालय के लिए भूमि का प्रस्ताव विभाग को भेजा जाएगा। पुराना प्रखंड सह अंचल कार्यालय पटना सिटी अंचल के लिए कुम्हार स्थित प्रखंड संचल कार्यालय तथा दीदारगंज अंचल के लिए दीदारगंज में कार्यालय का संचालन किया जाना विचाराधीन है। अस्थाई कार्यालय के लिए भूमि का प्रस्ताव विभाग को भेजा जाएगा। पटना सिटी आंचल हेतु कुम्हार स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा दीदारगंज अंचल के लिए दीदारगंज में कार्यालय का संचालन किया जाना विचाराधीन है। अपर समाहर्ता, पटना सिटी एसडीओ सहित संबंधित अधिकारियों व पदाधिकारी को सरकार के निदेशों के अनुसार तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

# कांग्रेस के साथ उनके सहयोगी दलों का भी होगा सफाया:श्रवण



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस के साथ-साथ उनके सहयोगी दलों का भी देश से सफाया हो जाएगा। कांग्रेस पार्टी अपने काले कारनामों की वजह से आज राजनीतिक विलुप्ति की कगार पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पूर्व जो लोग हमारी पार्टी के विषय में अनर्गल दावे कर रहे थे, बिहार की जनता ने उन्हें सबक सिखाने का काम किया है। लोकसभा चुनाव परिणाम के विधानसभावार आंकड़ों के अनुसार जदयू प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। श्री श्रवण कुमार ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में विपक्षी पार्टियों की दुर्दशा तय है। मंत्री बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान मीडिया से मुखातिब हुए।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है नीतीश सरकार : सुनील

इस अवसर परा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन संबंधित ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू हो जाएगी। साथ ही दिसंबर महीने तक नए स्कूलों में नियुक्ति दे दी जाएगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि तबादले में गंभीर बीमारी से ग्रस्त और दिव्यांग शिक्षकों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। साथ ही महिला शिक्षिकाओं का भी विशेष रूप से ख्याल रखा जाएगा। इसके लिए कुल 10 विकल्प दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि तमाम हितधारकों एवं जनप्रतिनिधियों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद स्थानांतरण और पदस्थापन नीति बनाई गई है। इसे अंतिम रूप देने में सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। श्री सुनील कुमार ने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए तमाम उपाय किए जा रहे हैं। इससे पहले प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं से रूबरू हुए एवं उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी एवं श्री संजय वर्मा मौजूद रहे।

# पर्यटन विभाग : मेरा प्रखंड मेरा गौरव प्रतियोगिता की हुई राज्यस्तरीय समीक्षा

## 2 अक्टूबर से शुरू हुई प्रतियोगिता में अबतक 50 प्रतिभागियों ने की भागीदारी

● बैठक में सभी प्रखंड से ज्यादा से ज्यादा भागीदारी के दिए निर्देश

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित हो रही मेरा प्रखंड मेरा गौरव प्रतियोगिता की बुधवार को राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। पर्यटन निदेशक विनय कुमार राय की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों को यह जानकारी दी गयी कि 2 अक्टूबर से शुरू हुई प्रतियोगिता में अबतक प्रदेश के 50 प्रतिभागियों ने भागीदारी की है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिए। पर्यटन निदेशक ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य के विभिन्न प्रखंडों में स्थित उन अनदेखे या कम ज्ञात स्थलों की पहचान करना है, जो ऐतिहासिक, धार्मिक या सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। इन स्थलों को पर्यटन मानचित्र पर लाकर राज्य के पर्यटन को और अधिक समृद्ध बनाया जा सकता है। यह प्रतियोगिता आम जनता को अपने क्षेत्र के धरोहरों और महत्वपूर्ण स्थलों के प्रति जागरूक करने और उन्हें संरक्षित करने की दिशा में भी प्रेरित करेगी।

### 1 नवंबर तक किया जा सकता है आवेदन:

यह प्रतियोगिता 2 अक्टूबर से 1 नवंबर के बीच ऑनलाइन आयोजित की गयी है। प्रत्येक प्रखण्ड से एक प्रतिभागी अपने प्रखण्ड के अंदर किसी ऐसे स्थल की पहचान करेगा जो अब तक अनदेखा रहा है, लेकिन पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। प्रतिभागी को पर्यटन स्थल से जुड़ी सभी जानकारी अपनी प्रविष्टि में शामिल करनी है। उस स्थल का ऐतिहासिक/धार्मिक महत्व का विवरण (लगभग 200 शब्दों में) जिसमें उस स्थान का ऐतिहासिक या धार्मिक महत्व, उससे जुड़ी कहानियां, किंवदंतियां या ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख किया जाना चाहिए। इसमें स्थल की 03 तस्वीर (अधिकतम साइज 10एमबी), स्पष्ट और उच्च गुणवत्ता वाली, जो उसकी प्रमुख विशेषताओं को दर्शाती हो। स्थल का एक छोटा वीडियो क्लिप 30 सेकेंड का वीडियो (अधिकतम साइज 100 एमबी)। जिसमें उस स्थल की प्रमुखता को दिखाया गया हो और उसे समझाने की कोशिश की गई हो। प्रत्येक प्रतिभागी केवल अपने प्रखण्ड के अंदर अवस्थित स्थल के लिए ही प्रविष्टि भेज सकते हैं। एक प्रतिभागी केवल एक ही स्थल के लिये प्रविष्टि कर सकते हैं। प्रतिभागियों को समय सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टि ऑनलाइन विभागीय वेबसाइट के माध्यम से अपलोड करनी होगी। सभी जिलों में प्रखण्डवार प्राप्त प्रविष्टियों की जाँच जिला पदाधिकारी के द्वारा, जिला स्तर पर गठित निर्णायक मंडल द्वारा किया जायेगा। इस निर्णायक मंडल में अपर समाहर्त्ता स्तर के पदाधिकारी, पर्यटन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं सभी संबंधित प्रखंड के अंचलाधिकारी / प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हैं। एक प्रखण्ड से एक अर्थात राज्य स्तर पर कुल 534 प्रविष्टियों का चयन किया जायेगा। इनमें से ज्यूरी व पिपुल्स च्वाइस अवार्ड में तीन-तीन को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु क्रमशः 50 हजार रुपये तथा प्रशस्ति पत्र, 45 हजार रुपये तथा प्रशस्ति पत्र और 35 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दस प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार में 20 हजार प्रत्येक को दिया जाएगा और अन्य चयनित 518 प्रतिभागियों को 10 हजार रुपये नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस बैठक में ओएसडी देवश्री सहित विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# शारदीय नवरात्र में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में खुला मां दुर्गा का पट



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में गुरुवार वार को अश्विन षष्ठी तिथि को बेल वृक्ष पर मां दुर्गा का आवाहन कर दुर्गा दरबार का पट खोला गया। इस संबंध में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद प्रो. डॉ रणबीर नंदन ने बताया कि आज से आरती के पश्चात मां दुर्गा परिवार को पूजन विधिवत प्रारंभ हो जायेगा। प्रो. नंदन ने बताया कि सप्तमी तिथि से नवमी पयंत नित पूजन, पुष्पांजली, एवं भोग प्रसाद अर्पण किया जायेगा जो आमजन के लिए सुलभ होगा। प्रो. नंदन ने बताया कि शारदीय नवरात्र पूजा यहां बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। यहां स्थापित पंचमुखी हनुमान, शंकर भगवान, भगवान राम दरवार, चित्रगुप्त भगवान, माता दक्षिण काली की पूजा विस्तृत रूप से नवरात्र में संपन्न की जायेगी। प्रो. नंदन ने पटना के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी परिसर में आयें और मां दुर्गा का दर्शन कर भोग प्रसाद प्राप्त करें। इस मौके पर नम्रता नंदन,गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी के पुजारी मुकेश रंजन झा, ऋषिकेश रंजन झा उर्फ रूना बाबा, सत्यप्रकाश पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय, राकेश रंजन झा, अभीषेक सिन्हा,राजू चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भक्त जन मौजूद थे।

# जनता के बुलावे पर नहीं, ईडी के बुलावे पर आते हैं नेता प्रतिपक्ष:नीरज

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के दूसरे चरण की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए विधान पार्षद सह जनता दल यू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने सवाल किया है। कहा है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ता दर्शन संवाद कार्यक्रम का दूसरा चरण दिनांक 16 से 26 अक्टूबर तक का कार्यक्रम घोषित किया है जो उनका राजनीतिक अधिकार है । जदयू प्रवक्ता ने आगे कहा कि जानना चाहते हैं कि कार्यकर्ता दर्शन से संवाद कार्यक्रम के नामाकरण से यह प्रमाणित होता है कि 10 सर्कुलर रोड जहां आप स्थाई वास करते हैं वहां कार्यकर्ता का प्रवेश निषेध है। अन्यथा आप संवाद कार्यक्रम करते तो अच्छा लग सकता था। लेकिन कार्यकर्ता दर्शन का नामाकरण बताता है कि आप राजनीतिक जमींदार हैं और कार्यकर्ता को प्रजा समझते हैं । आपको यह स्मरण रखना चाहिए कि आप प्रतिपक्ष के नेता जरूर हैं, धन बल में आम कार्यकताओं से मजबूत हैं। परंतु आप अपने को आम कार्यकर्ता ना मानकर राजनीतिक जमींदार के रूप में पेश किया है कि हम कार्यकर्ता के दर्शन को आ रहे हैं। जो राजनीतिक सामंती सोच को दशार्ता है । अनुरोध है कि विभिन्न जिलों के प्रस्तावित यात्रा में विभिन्न जिलों में राजद के शासनकाल में राजकीय कृषि प्रक्षेत्र की भूमि पर बने चरवाहा विद्यालय का मासिक शुल्क 4:30 था एवं नीतीश कुमार जी के कार्यकाल में पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रति माह शुल्क क्रमशः 5 एवं 10 का तुलनात्मक विवरण कार्यकर्ता को जरूर देंगे। क्या आप आश्वस्त करते हैं कि द्वितीय चरण की यात्रा समाप्त होने के बाद सक्षम न्यायालय का आदेश लेकर विदेश नहीं जाएंगे।

# दुर्गा महासप्तमी पूजा के अवसर पर ऋतुराज ने की पूजा अर्चना



पटना, प्रात: किरण संवाददाता

नवरात्रि को लेकर देश भर में दुर्गा पूजा की धूम है। माता की पूजा के लिए आम से खास तक हर कोई मां के दरबार पहुंच रहा है। बिहार के तमाम नेता भी नवरात्री के मौके पर पूजा पंडाल में पहुंचकर माता रानी की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने भी पटना साहिब लोकसभा के बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र में जगदंबा स्थान में पुजा अर्चना की और उसके बाद पूजा पंडालों में मां दुर्गा के दर्शन किए। बिहारवासियों को दी शुभकामना: ऋतुराज सिन्हा ने करौटा जगदबा स्थान रानीसराय नुनुवती कॉलेज पुरानी बाईपास रवाईच लखनपुरा सैदपुर मोदी पेडा रुकूनपुरा जगमालबिगह फतुहा के महरानी चौक स्थित पंडालों और मंदिरों का भ्रमण कर माता रानी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ऋतुराज सिन्हा ने बिहारवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी और माता से आम जनता के साथ-साथ बिहार और देश के प्रगति और खुशहाली की कामना की। ऋतुराज सिन्हा के साथ बाढ जिलाअध्यक्ष अरुण साह पूर्व विधायक रणविजय सिंह उर्फ लल्लु मुखिया किसान मोर्चा के जिलाअध्यक्ष रूपेश कुमार सिंह, सुधीर मुखिया ,आनंद जी , बिन्नी जी , चंद्रवंशी जी के अलावा सभी मंडलअध्यक्ष के साथ भाजपा के कार्यकत्ता मौजुद रहे। इस दौरान जगह-जगह पर बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने माला, गुलदस्ता और माता रानी के चुनरी से उनका स्वागत किया। उन्होंने सभी कार्यकताओं से उनके और उनके परिवार का कुशलक्षेम जाना और बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। दुर्गा पूजा असत्य पर सत्य की विजय के उपलक्ष में मनाया जाता है। बिहार भी असत्य को पराजित करके सत्य की राह पर चले, बिहार और बिहार की जनता तरक्की करें, खुशहाल रहे, यही माता रानी से प्रार्थना है

# बाढ़-सुखाड़ का स्थायी निदान बहुउद्देश्यीय हाई डैम है: भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा है कि नदियों पर बराज का निर्माण कराने और तटबंधों को ऊंचा करने से बाढ़ का स्थायी निदान नहीं होगा।कोशी नदी का तटबंध टूटने पर ही तबाही मची है। बाढ़-सुखाड़ का स्थायी निदान कोशी, कमला और बागमती नदी पर नेपाल में बहुउद्देश्यीय हाई डैम का निर्माण कर किया जा सकता है।इसलिए बिहार सरकार केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर कोशी, कमला और बागमती पर हाई डैम निर्माण कराये। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार में लगातार बाढ़-सुखाड़ की आपदा के लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार है। अगर केंद्र सरकार जानबूझकर कर नेपाल में कोशी, कमला और बागमती पर बहुउद्देश्यीय हाई डैम निर्माण की पहल नहीं कर रही है। अगर केन्द्र सरकार गंभीर रहती तो कब ही बहुउद्देश्यीय हाई डैम का निर्माण हो गया रहता। जब बाढ़ आती है हाई डैम निर्माण की बातें उठती हैं, फिर मामले को ठंढे बस्ते में डाल दिया जाता है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कोशी, कमला और बागमती नदी के उदगम स्थल पर बहुउद्देश्यीय हाई हैम निर्माण हेतु आन्दोलन करती आ रही है। भारत नेपाल सरकार से समझौता के आधार पर कुछ योजनाएं लागू भी हुई। परन्तु केन्द्र सरकार की कारपोरेट नीति का शिकार होकर हाई डैम निर्माण समझौता अधूरा है। भाकपा केन्द्र एवं बिहार सरकार से मांग करती है कि बिहार के आमलोगों के सामने उत्पन्न आपदा की स्थिति के मद्देनजर स्थायी समाधान के लिए बाढ़-सुखाड़ से निदान के लिए हुए सभी समझौते को लागू करें और बहुउद्देश्यीय हाई डैम का निर्माण कराया जाए।

# 16 से 26 अक्टूबर तक कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम होगा आयोजित:एजाज

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का दूसरे चरण का कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम 16 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक विभिन्न जिलों में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू के हस्ताक्षर से जारी किये गये नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी के कार्यक्रम की सूचना सभी जिला अध्यक्ष को भेज दी गई है ,और उसी अनुसार जिन जिलों में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है ,उसकी तैयारी चल रही है। इस इस संबंध में जानकारी देते हुए एजाज अहमद ने आगे बताया कि दिनांक 16 अक्टूबर को बांका, 17 अक्टूबर को जमुई, 18 अक्टूबर को मुंगेर, 19 अक्टूबर को खगड़िया ,20 अक्टूबर को बेगूसराय, 21 अक्टूबर को लखीसराय /शेखपुरा, 22 अक्टूबर को नवादा ,23 अक्टूबर को नालंदा, 24 अक्टूबर को जहानाबाद /अरवल, 25 अक्टूबर को गया तथा 26 अक्टूबर को संगठन जिला टेकारी में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आगे का कार्यक्रम की सूचना बाद में दी जाएगी।

# नागाबाबा ठाकुरबाड़ी : श्रीराम चंद्र कृपालु भजन से रामलीला की हुई शुरूआत



पटना। नागाबाबा ठाकुरवाड़ी में 10 दिवसीय रामलीला के मंचन के सातवें दिन कार्यक्रम की शुरूआत श्रीराम स्तुति श्रीराम चंद्र कृपालु भजन के साथ हुई।रामलीला के मंचन के सातवें दिन रामलीला महोत्सव का उद्घाटन गोल्डमैन ऑफ बिहार प्रेम सिंह, दशहरा कमिटी के अध्यक्ष अरुण कुमार, चेयरमैन कमल नोपनी, संयोजक मुकेश नंदन, सह संयोजक राकेश कुमार एवं अन्य ने किया।इसके बाद आरती हुई। आज के रामलीला मंचन में कई महत्वपूर्ण घटनाओं का जीवंत चित्रण किया गया। नागाबाबा ठाकुरवाड़ी में 10 दिवसीय रामलीला के मंचन के सातवें दिन प्रभु श्री राम मंत्री सुमंत को वापस अयोध्या भेजते हैं और केवट से नदी पार कराने का कहते हैं ,केवट भी उनसे भवसागर पार कराने का वचन लेता है। भगवान राम ,लक्ष्मण और सीता से मंत्री सुमंत वापस अयोध्या चलने का अनुरोध करते हुए कहते हैं कि महाराज दशरथ ने उनसे कहा था चौदह वर्ष कि जगह चौदह दिन के वनवास के बाद आपको अपने साथ अयोध्या वापस लेकर आ जाएँ। तब भगवान राम उन्हें मना करते हुए कहते हैं कि ऐसा करना उचित नहीं होगा। वे पिता कि आज्ञा का पालन करेंगे और चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात ही अयोध्या वापस जायेंगे।उनकी बात सुनकर मंत्री सुमंत दुखी हो जाते है। तब प्रभु श्रीराम गंगा नदी पर कराने के लिए केवट को बुलाने को कहते हैं। केवट उनके पास आता है और कहता है कि आपके चरण रज से शिलारूपी अहिल्या नारी बन गई। अतः वह भयभीत है ,उसे चिंता सता रही है कि उसकी नौका कहीं नारी न बन जाए। अगर ऐसा हुआ तो उसके परिवार का पालन पोषण बंद हो जाएगा। क्योंकि यही नौका उसकी जीविका का एकमात्र साधन है। ऐसे में जब तक वह पैर पखार न लेगा तब तक वह प्रभु श्री राम को अपनी नाव पर नहीं चढ़ाएगा। इस पर भगवान श्रीराम ने केवट को पैर पखारने के लिए कहा। तब केवट ने श्री राम का पैर पखार कर उन्हें अपनी नाव में चढ़ाया और गंगा पार करा दिया । गंगा पार उतरने के बाद श्री राम ने जब केवट को मजदूरी देना चाहते हैं तो केवट ने यह कहते हुए मना कर देते हैं कि आज आप मेरे घाट पर आए तो मैंने आपको पार कराया है , जब मैं आपके घाट आऊं तो आप भी मुझे भवसागर से पार करा देना। केवट की यह बात सुनकर प्रभु राम उसे आशीर्वाद देते हैं और सीता तथा लक्ष्मण सहित आगे बढ़ जाते हैं। इधर दुखी मन से मंत्री सुमंत अयोध्या लौट जाते हैं और महाराज दशरथ को बताते हैं कि उन्होंने प्रभु राम, जानकी और लक्ष्मण को वापस लाने का बहुत प्रयत्न किया, किन्तु वे नहीं आए। यह सुनकर दशरथ विलाप करते हुए प्राण त्याग देते हैं। जिसके बाद अयोध्या में शोक की लहर दौड़ जाती है। इसके बाद अन्य घटनाक्रमों को बहुत हीं सुंदर ढंग से दिखया गया।

## बिहार डाक परिमंडल ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया पोस्टल डे

पटना। विश्व डाक सप्ताह के अंतर्गत बिहार डाक परिमंडल ने पोस्टल डे का आयोजन 09 अक्टूबर को किया। मेल और पार्सल डे 07 अक्टूबर को और फिलेटली डे 08 अक्टूबर को सफलतापूर्वक मनाने के बाद, सप्ताह के तीसरे दिन पोस्टल नेटवर्क के महत्व को सम्मानित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् के क्षितिज श्रृंखला कार्यक्रम के तहत, विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया गया और एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन पटना जीपीओ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय), बिहार परिमंडल, पटना के द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया और विश्व डाक सप्ताह और बिहार डाक परिमंडल की सेवा प्रतिबद्धता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बिहार डाक परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष, अनिल कुमार ने पोस्टल डे के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि इसी दिन 09 अक्टूबर, 1874 को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन की स्थापना हुई थी।

# गठबंधन धर्म से इतर बयानबाजी उचित नहीं : लोजपा आर

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया । प्रेस वार्ता को जमुई सांसद अरूण भारती ने संबोधित करते हुए कहा कि 08 अक्टूबर को केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा पशुपति पारस के बाबत बयान को हमारी पार्टी सिरे से खारिज करती है। श्री भारती ने बताया कि दिवंगत नेता राम विलास पासवान ने अपने रहते हुए ही चिराग पासवान को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना था । उस बात पर मुहर प्रधानमंत्री और बिहार की जानता ने 2024 लोक सभा चुनाव के दौरान और बाद में पाँच सीट जिताकर लगाया। उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ.रिश्तेदार होना ही उतराधिकारी होने का पैमाना नहीं होता । उनको मौका मिला था पर स्वार्थवश उन्होंने पार्टी और परिवार को तोड़ा दिया। राम विलास पासवान के उतराधिकारी सिर्फ.चिराग पासवान है। उन्होंने ये भी कहा माँझी जी हम सब के है पर उनको ऐसे बयानों से बचना चाहिए जिससे एनडीए गठबंधन में मजबूती कायम रहे। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता प्रो विनीत सिंह, डॉ अजय कुमार, परशुराम पासवान, विष्णुदेव पासवान, ललन पासवान आदि भी मौजूद रहे ।

# साहित्य सम्मेलन के 43वें महाधिवेशन के लिए आठ उपसमितियों का हुआ पुनर्गठन

## छात्र और युवाओं को प्रतिनिधि-शुल्क में मिल रही है पचास प्रतिशत की छूट

पटना, प्रात: किरण संवाददाता



आगामी 19-20 अक्टूबर को आयोजित बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 106ठे स्थापना दिवस समारोह एवं दो दिवसीय 43वें महाधिवेशन की व्यवस्थाओं के लिए स्वागत-समिति के पुनर्गठन के बाद आठ उपसमितियों का भी पुनर्गठन किया गया है। इनमे आवास-समिति, यातायात समिति, भोजन-व्यवस्था समिति, चिकित्सा समिति, मंच-सज्जा एवं अतिथि सम्मान-समिति, प्रचार एवं संचार समिति, प्रायोजन समिति तथा इन सबके संयोजन के लिए अनुश्रवण-समिति सम्मिलित हैं। सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ द्वारा जारी प्रेस-विज्ञप्ति के अनुसार, अनुश्रवण समिति में बिहार के पूर्व गृह-सचिव श्री जियालाल आर्य और पूर्व विशेष सचिव डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय समेत सम्मेलन के उपाध्यक्षों को स्थान दिया गया है। छात्र और युवाओं को साहित्य से जोड़ने और प्रोत्साहन के लिए इस महाधिवेशन के प्रतिनिधि-शुल्क में पचास प्रतिशत की छूट दी गयी है। ध्यातव्य है कि सभी प्रतिनिधियों को एक सुंदर थैला, कलम, पुस्तिका, सम्मेलन-पत्रिका के साथ दोनों दिनों का भोजन, जलपान आदि निःशुल्क प्राप्त होंगे और उन्हें देश भर के विद्वानों और कवियों को सुनने का भी अवसर प्राप्त होगा। उपसमितियाँ इस प्रकार हैं;- अनुश्रवण-समितिः जियालाल आर्य, डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय, डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा तथा डा कुमार अरुणोदय, आवास समितिः पारिजात सौरभ, कुमार अनुपम , बाँके बिहारी साव, संजय शुक्ल तथा आभास कुमार, यातायात समिति : ई अशोक कुमार, डा पूनम आनन्द, प्रवीर कुमार पंकज, शिवानन्द गिरि, डा कुंदन लोहानी, नेहाल कुमार सिंह निर्मल तथा सूर्य प्रकाश उपाध्याय,भोजन-व्यवस्था समितिः डा नागेश्वर प्रसाद यादव, आनन्द मोहन झा, अनीता मिश्रा सिद्धि, प्रेमलता सिंह राजपुत, डा रेखा मिश्र भारती, डा ऋचा वर्मा तथा डा मीना कुमारी परिहार, चिकित्सा-सेवा समितिः डा निर्मला सक्सेना, डा रामरेखा सिंह, डा पंकज पाण्डेय, जय प्रकाश पुजारी तथा सागरिका राय, प्रचार एवं संचार समितिः डा ध्रुव कुमार, डा अमरनाथ प्रसाद, बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता, नीरव समदर्शी, राजेश राज,अमित कुमार सिंह तथा रोहित कुमार , मंच-सज्जा एवं अतिथि-सम्मान समितिः डा शालिनी पाण्डेय, डा अर्चना त्रिपाठी, लता प्रासर, डा सुषमा कुमारी, डा रेखा भारती, अनीता मिश्रा सिद्धि, डा नीतू सिंह तथा नीता सहाय, प्रायोजन समितिः डा पूनम आनन्द, शशिभूषण कुमार, शमा कौसर शमा, डा प्रतिभा रानी, अभय सिन्हा, डा अर्चना त्रिपाठी तथा मीरा प्रकाश।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता(याँ०) का कार्यालय

क्षेत्र यंत्र प्रमण्डल, दीघा पटना

E-mail ID:-eemech.wrddigha@gmail.com

भाड़े पर वाहन लेने हेतु अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण

पत्रांक–880

सूचना संख्या (NIQ)–01/2024–25

क्षेत्र यंत्र प्रमण्डल, दीघा पटना के अंतर्गत प्रमंडलाधीन योजनाओं के गहन अनुश्रवण एवं नहरों/बराज/अवर प्रमंडलों/प्रशाखाओं के अंतर्गत नहर गेट/निरीक्षण एवं उच्चाधिकारियों की बैठकों में भाग लेने इत्यादि कार्यों हेतु भाडें पर एक या एक से अधिक वाहन (वाणिज्य निबंधन सहित) (बोलेरो/स्कॉर्पियों/) .के लिए निम्नांकित शर्तों के अधीन ईच्छुक वाहन मालिको/फर्म से अल्पकालीन कोटशन आमंत्रित किया जाता है, जिसे प्रत्येक ग्रुप के लिए अलग – अलग मुहरबंद लिफॉफे में दिनांक 18.10.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक क्षेत्र यंत्र प्रमण्डल, दीघा पटना कार्यालय में जमा किया जायेगा और उसी दिन 03.30 बजे अपराह्न में खोला जाएगा। कोटेशनदाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खुलने के समय उपस्थित रहेगें।

कार्य की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| ग्रुपसं0 | कार्यालय का नाम | वाहन की संख्या | उद्धत दर | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | क्षेत्र यंत्र प्रमण्डल, दीघा पटना कैम्प करबिगहिया। | 01 | | |
| 02 | सिंचाई यॉत्रिक अवर प्रमंडल , बख्तियारपुर एवं सिंचाई यॉत्रिक अवर प्रमंडल , मीठापुर , पटना | 01 | | |
| 03 | बाढ़ नियंत्रण (यॉत्रिक) अनुमंडल , पटना एवं सिंचाई यॉत्रिक अवर प्रमंडल , दीघा पटना। | 01 | | |

कोई अन्य जानकारी कार्यालय में सम्पर्क कर अथवा कार्यालय सूचना पटट् के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता (यॉ.)
क्षेत्र यंत्र प्रमण्डल, दीघा पटना

PR. No. 010176 (WRD ) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1 सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियम 1999 और सीईआरसी (टैरिफ की शर्तें और नियम) विनियम 2019 के विनियम-86 के तहत स्वीकृति i) 2019-24 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का सही निर्धारण और ii) 2024-29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का निर्धारण

याचिका-1: पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में ओडिशा में चरण-II उत्पादन परियोजनाओं के लिए सामान्य ट्रांसमिशन सिस्टम के तहत टीबीसीबी लाइनों से जुड़े पावरग्रिड कार्यों के तहत संयुक्त परिसंपत्ति, याचिका-2: भारत और बांग्लादेश के बीच अंतर्संबंध पूर्वी क्षेत्र में भारत के हिस्से के लिए विद्युत ग्रिड।

2 पूर्वी क्षेत्र में उपर्युक्त ट्रांसमिशन प्रणाली के लाभार्थी हैं :

I) बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, II) पश्चिम बंगाल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, III) ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ उड़ीसा लिमिटेड, IV) दामोदर वैली कॉर्पोरेशन, V) विद्युत विभाग, सिक्किम सरकार, VI) झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड। VII) बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड, ढाका, केवल याचिका-I के लिए (1 से 6 लाभार्थियों के साथ): VIII) मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, जबलपुर (IX) मध्य प्रदेश औद्योगिक केंद्र विकास निगम (इंदौर) लिमिटेड, इंदौर (X) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, वडोदरा, (XI) विद्युत विभाग, गोवा सरकार, पणजी, (XII) महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, मुंबई, (XIII) डीएनएचडीडी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सिलवासा (XIV) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, रायपुर। (XV) ओडिशा जनरेशन फेज-II ट्रांसमिशन लिमिटेड (ओजीपीटीएल), नई दिल्ली

3. टैरिफ विवरण

ए) 2019-2024 ब्लॉक (रू. लाख में)

| पिटीशन नं. | संपत्ति विवरण | डीओसीओ/ईसीओडी | 31.03.2024 के अनुसार पूर्णता लागत | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पिटीशन -1 | 400 केवी डी/सी बहरामपुर-भेरामारा ट्रांसमिशन लाइन, बहरामपुर में 400 केवी एस/सी फरक्का-जीरात ट्रांसमिशन लाइन का #LILO और बहरामपुर में 01 नंबर 80 एमवीएआर बस रिएक्टर और संबंधित लाइन बे और रिएक्टर बे | 01.09.13 | 14057.44 | ट्रूइंग अप पर आधारित संशोधित एएफसी | 2,198.83 | 2,131.28 | 2,071.82 | 2,019.11 | 1,972.01 |
| पिटीशन -2 | संयुक्त संपति | 07.04.19 | 13616.62 | ट्रूइंग अप पर आधारित संशोधित एएफसी | 2402.67 | 2484.17 | 2446.37 | 2450.87 | 2467.76 |

बी) 2024-2029 ब्लॉक (रू. लाख में)

| पिटीशन नं. | संपत्ति विवरण | 31.03.2024 के अनुसार पूर्णता लागत | | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पिटीशन -1 | 400 केवी डी/सी बहरामपुर-भेरामारा ट्रांसमिशन लाइन, बहरामपुर में 400 केवी एस/सी फरक्का-जीरात ट्रांसमिशन लाइन का #LILO और बहरामपुर में 01 नंबर 80 एमवीएआर बस रिएक्टर और संबंधित लाइन बे और रिएक्टर बे | 14057.64 | एएफसी | 1,890.64 | 1,832.74 | 1,266.93 | 1,260.58 | 1,254.83 |
| पिटीशन -2 | संयुक्त संपत्ति | 13616.62 | एएफसी | 2613.87 | 2578.02 | 2529.31 | 2503.54 | 2437.85 |

4. इस नोटिस और टैरिफ निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर पोस्ट की गई है।

5. आवेदन में निहित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, तो लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029 (या अन्य पता जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष दायर की जानी चाहिए, जिसकी एक प्रति आवेदक को इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अपने कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर भेजी जानी चाहिए।

स्थान: गुरूग्राम
दिनांक : 09.10.2024

हस्ता
सीनियर जनरल मैनेजर (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
पंजीकृत कार्यालय: "सौदामणि", प्लॉट नं 2, सेक्टर 29, गुरूग्राम (हरियाणा)-122001, भारत,
सीआईएन: L40101DL1989GOI1038121

एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-90/Advt-120/2024-25 Nirman

## संक्षिप्त खबरें

### कुलपति के आदेश से मिली राहत पचास हजार रुपए का होगा भुगतान

दरभंगा। लनामिवि शारदीय दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य में 10 से 13 अक्टूबर को विश्वविद्यालय द्वारा अवकाश घोषित किया गया है। विगत जुलाई माह से वेतन नहीं मिलने के कारण बुधवार शाम कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के आदेश से कुलसचिव कार्यालय द्वारा पत्र जारी किया गया। जारी पत्र के आलोक में सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आदेश दिया गया है कि महाविद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और अतिथि शिक्षकों को पचास हजार रुपए की अग्रिम राशि दी जाएगी। उक्त राशि आगामी माह अक्टूबर- नवंबर 2024 की सैलरी से एडजस्ट की जाएगी। ज्ञातव्य हो कि बीपीएससी,बीएसयूसी से चयनित वैसे शिक्षक जिन्होंने एक माह की सेवा समाप्त कर ली है, उन्हें भी पचास हजार रुपए का भुगतान किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

### मुखिया पर मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के सिरसी वार्ड 03 में जमीनी विवाद को लेकर महथी दक्षिण के मुखिया सहित अन्य लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। सिरसी निवासी डॉ रामाशीष यादव ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए महती दक्षिण के मुखिया भोला शंकर दास, उनके भाई चंदन कुमार, रिशु कुमार को नामजद एवं उनका बहनोई व दो अन्य अज्ञात को आरोपित किया है। प्राथमिककी में कहा गया है की मैं अपने घर के बगल में निजी जमीन में लगे बड़ के पेड़ को जेसीबी से उखड़वा रहा था। तभी उपर्युक्त नामित व अज्ञात सभी मिलकर लाठी डंडे से मारपीट करने लगा जिसमें मेरा दाहिना हाथ टूट गया। वहीं भाड़ा पर लाए जेसीबी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मेरे पॉकेट से जबरदस्ती सात हजार रुपया निकाल लिया।केस करने पर जान मारने की धमकी दिया है। स्थानीय लोगों की मदद से मुझे पीएससी में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी ओर मुखिया भोले शंकर दास ने भी थाना में आवेदन देकर कहा है कि उक्त भूमि जिस पर झंझट हुआ है वह विवादित भूमि था। 7 अक्टूबर को जेसीबी से रास्ता काटा जा रहा था। स्थानीय लोगों के द्वारा मुझे सूचना दी गई। मैं वहां पहुंचा। मेरे साथ गाली गलौज करते हुए हमला किया गया। हमले से अपने आप को मैं बचाया। वहां उपस्थित जन समूह के द्वारा आपस में झड़प हुई।

### अधेड़ की लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या

कल्याणपुर, समसतीपुर। चकमहेसी थाना क्षेत्र के वार्ड 9 में बुधवार को गांव के ही एक अधेड़ की लाठी डंडे से पीट पीट पीट हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। अधेड़ मिरतक अपने घर के सामने अपनी जमीन में ईंट लेकर कुछ कार्य कर रहे थे। इसी बीच दो-तीन की संख्या में पहुंचकर अधेड़ पर लाठी बरसाना शुरू कर दिया। पिटाई की घटना से ही घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव के ही 80 वर्षीय स्वर्गीय केदार साह के पुत्र जय लाल साह के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी अपर थाना अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि मृतक की पत्नी मछिया देवी के फर्द बयान पर प्राथमिक की दर्ज की गई है।

### शादी का झांसा देकर 6 वर्षों तक किया युवती का यौन शोषण, दी हत्या की धमकी

समस्तीपुर, शादी का झांसा देकर छह वर्षो तक यौन शोषण करने और बाद में आरोपी युवक के द्वारा अपने दो साथियों के सहयोग व पिस्तौल के बल पर उसे अगवा कर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। मामला जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र का है। इसको लेकर पीड़िता युवती के द्वारा महिला थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी गई है। महिला थाना को दिए आवेदन में युवती ने आरोप लगाते हुए कहा है कि गांव का ही एक युवक जो वार्ड सदस्य भी है, बराबर उसके घर आता-जाता रहता था। उसी दौरान उसने उसे शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। यह सिलसिला कई वर्षो तक चला और जब उसके परिजनों व ग्रामीणों ने शादी करने का दबाव बनाया तो वह टालमटोल कर रहा था।

# चोरी के पांच मोटरसाइकिल व दो मोबाईल के साथ मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

## डीएसपी विप्लव कुमार के द्वारा प्रेस वार्ता कर अन्तर्राजिय गिरोह का किया खुलासा

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर थाना पुलिस के द्वारा चोरी के पांच मोटरसाइकिल और दो मोबाईल के साथ मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस के द्वारा मामले मे की गई कार्रवाई को लेकर बुधवार को थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विप्लव कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बेलही स्थित कुन्दन यादव के घर पर कुछ अपराधकर्मी एकत्रित हुआ है। मामले की जानकारी वरीय पुलिस पदाधिकारी को देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जयनगर के निर्देशन में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष जयनगर अंकुर कुमार द्वारा त्वरीत कार्रवाई करते हुए एक विशेष छापेमारी पुलिस टीम का गठन किया गया। छापेमारी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बेलही स्थित कुन्दन यादव के घर पर छापेमारी किया गया। छापामारी के क्रम में कुन्दन यादव के घर से चोरी का दो मोटरसाईकिल बरामद करते हुए थाना क्षेत्र के बेलही वार्ड तीन निवासी प्राथ. अभि. 25 वर्षीय कुन्दन यादव और 21 वर्षीय बलराम पासवान एवं 20 वर्षीय मनोज कुमार साह दोनों थाना क्षेत्र के सेलरा निवासी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी कुन्दन यादव के निशानदेही पर थाना क्षेत्र के सेलरा निवासी 30 वर्षीय रंजीत कुमार साह के घर पर गठीत टीम के द्वारा छापेमारी के क्रम में चोरी का तीन मोटरसाईकिल बरामद किया गया और रंजीत कुमार साह को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियो में थाना क्षेत्र के बेलही वार्ड तीन निवासी कुन्दन यादव 21 वर्षीय बलराम पासवान और 20 वर्षीय मनोज कुमार साह एवं 30 रंजीत कुमार साह थाना क्षेत्र के सेलरा वार्ड आठ निवासी बताया जाता है। मामले बरामदगी में पांच मोटरसाइकिल व दो मोबाईल जब्त किया गया है। आरोपियो का अपराधिक इतिहास जयनगर थाना, खुटौना थाना, राजनगर थाना, खजौली थाना में इनका पूर्व से अपराधिक इतिहास रहने की बात प्रकाश में आया है। गिरफ्तार आरोपी अन्तर्राजिय चोर गिरोह का सदस्य बताया जा रहा है। मामला दर्ज कर आरोपीयों से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियो को न्यायिक हिरासत मे भेजा जाएगा। छापेमारी पुलिस में परि. पुलिस उपाधीक्षक-सह-थानाध्यक्ष अंकुर कुमार, पु.अ.नि.शेषनाथ प्रसाद, पु.अ.नि. संतोष कुमार, सिपाही अशोक कुमार सिंह, रितेश कुमार, अशोक मालाकार, रमण राज समेत अन्य पुलिस बल शामिल थे। प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी विप्लव कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष अंकुर कुमार, पुलिस पदाधिकारी गोपाल कृष्ण समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल मौजूद थे।

# हरियाणा में भाजपा की जीत मोदी की स्वीकार्यता का प्रमाण : सांसद

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा।हरियाणा विधानसभा में भाजपा की हुई ऐतिहासिक जीत पर दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त की है तथा हरियाणा की जनता के प्रति आभार प्रकट किया है। जम्मू कश्मीर तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया में सांसद डा ठाकुर ने इसे पीएम मोदी की देश स्तर पर बढ़ रही स्वीकार्यता का प्रमाण बताते कहा है कि 39.9 प्रतिशत मतों को प्राप्त कर 48 क्षेत्रों में भाजपा की जीत होना इस बात को साबित करता है कि एक तरफ जहां पीएम मोदी की नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता देश स्तर पर लगातार बढ़ रही है वहीं गृह मंत्री अमित शाह तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में संगठन के मजबूत होने का क्रम जारी है। सांसद डा ठाकुर ने जम्मू कश्मीर में भाजपा को मिले सबसे ज्यादा मत प्रतिशत मतों को ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा है की धारा 370 हटने के बाद हुए पहले चुनाव में भले ही भाजपा को सरकार बनने लायक बहुमत नहीं मिला लेकिन 25.60 प्रतिशत मतों के साथ 2 9 सीटों पर भाजपा की जीत पार्टी के लिए बड़ी उपलब्धि है जिससे कार्यकर्ताओ में उत्साह का माहौल बना है।सांसद डा ठाकुर ने भाजपा की सोच और नीतियों की जमकर सराहना करते हुए कहा जिस तरह से जम्मू कश्मीर में शांति पूर्वक मतदान सम्पन्न हुए वह इस बात को प्रमाणित करता है की राज्य के अंदर 370 धारा को खत्म करने के केंद्र सरकार के निर्णय को जनता ने उत्साह से स्वागत किया है।सांसद डा ठाकुर ने आगामी दिल्ली महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में भी भाजपा के प्रचंड बहुमत की कामना की है।

# लनामिवि के 41 वां स्थापना दिवस पर संगीत विभाग में कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। विश्वविद्यालय संगीत एवं नाट्य विभाग, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय का 41वॉं स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो अजय नाथ झा, सांस्कृतिक समन्वयक सह जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि प्रो विनोद कुमार ओझा,निदेशक, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय सह परीक्षा नियंत्रक थे। आगत अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो लावण्य कीर्ति सिंह ह्यकाव्याह्न तथा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए संकायाध्यक्ष प्रो पुष्पम नारायण ने विभाग के विकास को चित्रित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा राग अल्हैया बिलावल की प्रस्तुति छात्र हर्ष,प्रतीक,अमित,आर्यन,प्रणव ने की तो नन्दिनी,दीपिका,रूचि कविता,श्रुति ने दरबारी कानडा का गायन किया।कजरी ह्यझमाझम बरस रही बदरियाह्न,दादरा ह्य चलो काहे को झूठी बनाओ बतियॉं ह्य तथा ह्यजगदम्बा घर में दियरा बार अइनी हेह्न आरती की मनभावन प्रस्तुतियाँ इन छात्र-छात्राओं ने दी।तबला संगति रवीन्द्र कुमार सिंह, नाल पर अंकित राज तथा हारमोनियम पर प्रियांशु कुमार चौधरी ने संगति की। विभाग की शोध-छात्रा सोमा मण्डल ने भरतनाट्यम नृत्य के द्वारा देवी आराधना की प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। छात्राओं द्वारा झिझिया की मोहक प्रस्तुति के बाद विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा कोणार्क नाटक का आकर्षक मंचन किया गया जिसके निर्देशक थे निखिल रंजन।इस अवसर पर संगीत शिक्षिका डॉ ममता रानी ठाकुर, डॉ ममता कुमारी, डॉ नितप्रिया प्रलय, डॉ पारुल बनर्जी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# गायघाट और औराई में 16 अक्टुबर से होगी न्याय यात्रा

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बदलो बिहार न्याय यात्रा की तैयारी के लिए भाकपा-माले जिला कमिटी की बैठक माले जिला कार्यालय परिसर स्थित हरिसभा चौक पर आयोजित की गई. बैठक में भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य व ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी मुख्यवक्ता के तौर पर मौजूद थीं बैठक में भाकपा-माले राज्य कमिटी के आह्वान पर आयोजित बदलो बिहार न्याय यात्रा को सफल बनाने पर विस्तार से चर्चा किया गया. बैठक में निर्णय लिया गया की 16 अक्टूबर से औराई विधानसभा से न्याय यात्र की शुरूआत की जायेगी। यह न्याय यात्रा विभिन्न गांवों, चौक चौराहों पर जनसंवाद और सभा करते हुए अगले दिन गायघाट पहुंचेगी। यहां भी जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। फिर 25अक्टूबर को शहीद जुब्बा सहनी स्मारक स्थल पर सभा का आयोजन होगा जिसे मुख्यरूप से माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य व विधायक वीरेन्द्र गुप्ता पश्चिम चंपारण के भीतहरवा से न्याय यात्र करते पहुंचेंगे और संबोधित करेंगे। 27अक्टूबर को पटना में बदलो बिहार न्याय सम्मेलन होगा जिसे माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य संबोधित करेंगे। ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव ने अपने बयान में कहा कि बिहार की तथाकथित डबल इंजन की सरकार डबल बुलडोजर की सरकार है। राज्य की भयावह गरीबी, पलायान, बाढ़ आदि समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं. कुछ सड़कों -हवाई अड्डों का सब्जबाग दिखलाकर बिहार के विकास का जो बखान किया जाता रहा है वह पूरी तरह बकवास है।विशेष राज्य के दर्जे बिहार को विशेष राज्य का दर्जा अथवा बैकवर्ड एरिया ग्रांट आदि सवालों से भी सरकर ने मुंह चुरा लिया है। दूसरी ओर, हाल के दिनों में राज्य में दलित-गरीबों-महिलाओं पर संगठित हिंसा, अपराध व बलात्कार हर रोज नया रिकॉर्ड बना रहा है। भूमि सर्वे गरीबों को उजाड़ने का अभियान बन रहा है। भूदान, सीलिंग, सिकमी बटाईदार सबों के लिए यह आफत बना हुआ है।. यहां तक कि बंटवारा व दाखिल खारिज न होना, कागजात की कमी आदि अनेक कारणों से यह अन्य लोगों के लिए भी तबाही का कारण बना हुआ है।जबतक इससे जुड़े तमाम मामले हल नहीं होते, इसपर रोक लगाने की जरूरत है। पूरे बिहार में स्मार्ट मीटर एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना हुआ है।हर कोने से इसपर रोक की मांग उठ रही है लेकिन सरकार चुपी साधे हुए है. इसी आलोक में भाकपा-माले आगामी 16 से 25 अक्तूबर तक बिहार में ह्यबदलो बिहार न्याय यात्राह्न निकालेगी। वक्त आ गया है कि बिहार में बदलाव की लड़ाई को तेज किया जाए। इसके तहत राज्य में मुख्यतः 5 यात्राएं निकलेगी। साथ ही, जिलों में भी यात्राएं आयोजित की जाएंगी।. 27 अक्टूबर को पटना में ह्यबदलो बिहार जन सम्मेलनह्न का आयोजन किया जाएगा।यात्रा के दौरान जीविका, आशा-रसोइया, आंगनबाड़ी सहित अन्य स्कीम वर्करों, रोजगार के लिए आंदोलनरत छात्र-युवाओं, मजदूर-किसानों के साथ-साथ अन्य ज्वलंत सवालों पर जन संवाद के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिला सचिव कृष्णमोहन ने कहा कि बिहार समेत मुजफ्फरपुर जिला के औराई, कटरा, पारू, साहेबगंज और मीनापुर आदि में बाढ़ की भयावह स्थिति के लिए दिल्ली-पटना की सरकारें जिम्मेवार हैं।.माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य के नेतृत्व में 6 अक्टूबर को भाकपा-माले नेताओं की एक उच्चस्तरीय टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर चुकी है ।. वे बागमती इलाके होते हुए कोसी कटाव स्थल तक गये थे। कोसी के तटबंधों का भाजपा-नीतीश सरकार में दो बार टूटना बड़ा सवाल करता है।. यह सरकार की आपराधिक लापरवाही को दशार्ता है।. आत्ममुग्ध सरकार जमीनी हकीकत से पूरी तरह कट सी गई है। उन्होने कहा कि औराई-कटरा प्रखंड के बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच औराई विधानसभा क्षेत्र के पुर्व माले प्रत्याशी आफताब आलम, औराई-कटरा माले के प्रखंड प्रभारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में माले की टीम प्रथम दिन ही से राहत अभियान चला रही है.उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों के घर ध्वस्त हो गए, उन परिवारों के लिए 7 हजार राहत की घोषणा ऊंट के मुंह में जीरा के समान है. औराई में राहत मांग रहे लोगों पर लाठीचार्य निंदनीय है।

# शोषणमुक्त समाज की स्थापना के पक्षधर थे प्रेमचंद : प्रोफेसर जायसवाल




प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । महान साहित्यकार , उपन्यासकार एवं कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को प्रेमचंद जयंती समारोह समिति की ओर से मोतीझील स्थित समिति के कार्यालय में ह्यवर्तमान युगीन परिस्थितियां और प्रेमचंदह्न विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वी आर ए बिहार विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं राम मनोहर लोहिया स्मारक कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि प्रेमचंद सांप्रदायिकता से मुक्त, जाति व्यवस्था से मुक्त तथा हर तरह के शोषण से मुक्त समाज बनाने का सपना देख रहे थे। इसकी झलक उनके साहित्य में मिलती है। परंतु वर्तमान व्यवस्था आम लोगों को इसके नशे में डूबोए रखना चाहती है। प्रोफेसर मनोज कुमार ने कहा कि आज दो सभ्यताओं के बीच संघर्ष जारी है।प्रेमचंद श्रम की सभ्यता के पक्षधर थे। अरुण कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी महापुरुष जो समाज को बदलना चाहे हैं वे पहले खुद को बदले हैं। प्रेमचंद भी अपने साहित्य के अनुरूप अपने को बदलने का काम किया। शशिभूषण चौधरी ने कहा कि प्रेमचंद के साहित्य के अनेकों आयाम है। प्रेमचंद व्यक्तिगत संपत्ति आधारित समाज को ही सभी तरह की समस्या की जड़ समझते थे। इसीलिए वे संपत्ति विहीन समाज बनाना चाहते थे। कार्यक्रम को सेवानिवृत शिक्षक ललन भगत, श्रवण कुमार, लाल बाबू राय,शंभुशरण ठाकुर आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमचंद जयंती समारोह समिति के सचिव अर्जुन कुमार ने किया।

# छात्रावास अनुसूचित जाति छात्रावास का किया गया औचक निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने अपने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में सदर अस्पताल मधुबनीअंबेडकर बालिका छात्रावास कपूरी ठाकुर बालक छात्रावास अनुसूचित जाति छात्रावास काऔचक निरीक्षण किया। उन्होने सदर अस्पताल मधुबनी के निरीक्षण के क्रम में अस्पताल की साफ-सफाई पर बल देते हुए कहा कि अस्पताल के बायो कचड़ा का नियमित उठाव सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा अविलम्ब बायो कचड़ा का निस्तारण करना सुनिश्चित करे। डीएम ने शौचालय की सफाई पर भी असंतोष व्यक्त किया। एसएनसीयू वार्ड के निरीक्षण के क्रम में उसके प्रतीक्षालय में कुर्सियो की संख्या बढ़ाने खराब पड़े पंखो को अविलम्ब ठीक करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने सर्जिकल वार्ड एवं पुरुष वार्ड का भी निरीक्षण किया। डीएम ने निरीक्षण के क्रम में अनुपस्थित एएनम एवं आशा से सपष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। उन्होंने सिविल सर्जन एवं अस्पताल उपाधीक्षक को नियमित रूप से अस्पताल के निरीक्षण करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पूरी सहजता के साथ लोगो को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे। डीएम ने अंबेडकर बालिका छात्रावास के निरीक्षण के क्रम में साफ सफाई एवं पेयजल की उपलब्धता को लेकर कई आवश्यकता निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में अतिरिक्त वर्ग कक्षा के निर्माण एवं छूटे हुए चाहदीवारी के निर्माण करवाने का निर्देश दिया। डीएम ने कपूरी ठाकुर बालक छात्रावास के निरीक्षण के क्रम में सोलर लाइट में हुई खराबी को अविलम्ब ठीक करवाने का निर्देश दिया ,साथ ही कुछ खिड़कियो के टूटे हुए शीश को भी अविलम्ब बदलने का निर्देश दिया। उन्होंने पोर्टिको में के ऊपर स्टील का ग्रीन लगाने का भी निर्देश दिया। डीएम ने भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति छात्रावास के निरीक्षण के क्रम में उसकी लाइब्रेरी में अतिरिक्त पुस्तक की व्यवस्था करने का निर्देश दिया साथ ही छात्रावास के की नियमित साफ सफाई एवं रखरखाव को लेकर भी कई आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित जिला कल्याण उपाधिकारी को दिया।

# राजनीति ऐसी होनी चाहिए जिसमें लोकनीति परिलक्षित हो : अब्दुल बारी सिद्दीकी




प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। लनामिवि के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर अध्ययन पीठ के तत्वावधान में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के स्मृति दिवस पर जय प्रकाश की नजरों में लोकनीति बनाम राजनीति विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय विचार गोष्ठी का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो मुनेश्वर यादव की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा जेपी में दूर-दृष्टता थी, वे जनता की भावनाओं से जुड़े हुए थे। उनके अनुसार लोकनीति बनाम राजनीति दो अलग-अलग विषय रहे। राजनीति,राजनीतिक दलों के अंदर का विषय है जबकि लोक नीति का विषय जनता के हितों से जुड़ा हुआ है। राजनीति ऐसी होनी चाहिए जिसमें लोकनीति परिलक्षित हो हो। पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में जहां विकृतियां आती है, वहां जेपी को याद किया जाता है। प्रो. रामभरत ठाकुर, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. चंद्रभानु प्रसाद सिंह, प्रो. प्रभाष चंद्र मिश्रा, विभागाध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव, प्रो. मुकुल बिहारी वर्मा ने सम्बोधित किया।संगोष्ठी का मुख्य आकर्षण प्रो मुनेश्वर यादव के संपादन में प्रकाशित पुस्तक डेमोक्रेटिक आईडियास ऑफ डॉ भीमराव आंबेडकर का विमोचन रहा। मंच संचालन विभागाध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन विभाग के वरीय शिक्षक प्रो. मुकुल बिहारी वर्मा ने किया। इस अवसर पर अनेक छात्र नेता प्रेमचंद यादव उर्फ भोलू यादव, डॉ. संतोष गोस्वामी, मो. इमाम, नागमणि यादव, मनीष कुमार व कृष्ण कुमार यादव, शोधार्थी व छात्र-छात्रा डिंपी, अंकू, सिद्धार्थ, रामनाथ शर्मा व प्रदीप कुमार शर्मा सहित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# नियति ने बिहारियों को पलायन के लिए मजबूर किया है : विजय कुमार

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर।बिहार से बिहारी ही रूठ गये हैं !किसीने रोटी की तलाश में बिहार को त्याग दिया है तो किसीने अपनी इज्जत बचाने के लिए-ये बातें राम दयालु सिंह महाविद्यालय के सभागार में पारु प्रखंड के धरफरी निवासी और बिहार प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहे जानकी शरण सिन्हा की स्मृति में ह्यबिहार की पीड़ा और निदान ह्यविषय पर आयोजित संगोष्ठी में छिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय गांधी विचार विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार ने कही !कार्यक्रम का आयोजन डेमोक्रेटिक एलायंस आठ टीचर्स एवं साईं एजुकेशनल फाउंडेशन,मुजफ्फरपुर ने संयुक्त रूप से किया था! उन्होंने कहा,विकासः के गांधी माडल को नहीं अपनाना भारी भूल थी ! बिहार के गाँवों में आज उदासी है !सब कोई सरकारी मदद को अंतिम उपाय मानने को विवश हैं। कहने को तो पंचायती राज व्यवस्था है लेकिन उन्हें नाम मात्र के अधिकार हैं। इसका एक दिन में निदान ढूंढना मुश्किल है। बिहार आज भी संसाधनों से पूर्ण है लेकिन यहाँ की चीनी मिलें बंद हैं। विषय प्रवेश कराते हुए डॉ विकास नारायण उपाध्याय ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद बिहार की स्थिति और भी बदतर होती चली गई। प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक लक्षन देव प्रसाद सिंह ने कहा कि गांधी ने लोकशाही को मजबूत करने की बात कही थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। अपने अध्यक्षीय संबोधन में पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बिहार को आगे बढ़ाने के लिए किसानों को और अधिक सुविधा देने की बात कही। उक्त अवसर पर जिला सर्वोदय मंडल मुजफ्फरपुर के पूर्व मंत्री रामेश्वर ठाकुर को समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री सत्यम साई ने स्वर्गीय जानकी शरण सिन्हा की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ अनीता सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन डेमोक्रेटिक एलायंस आफ टीचर्स के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व सेनेटर प्रो अरुण कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रो अबुजर कमालुद्दीन ,डॉ संजय पंकज, डॉ हरि किशोर प्रसाद सिंह, डॉ वंदना विजया लक्ष्मी, हरिराम मिश्रा, प्रो अवधेश कुमार, अनिल शंकर ठाकुर, वीरेंद्र राय, रविंद्र प्रसाद सिंह, अमरेंद्र ठाकुर, शाहिद कमाल, प्रभात कुमार, विनय कुमार प्रशांत, अच्युतानंद किशोर नवीन, प्रो नीलिमा झा, प्रो संजय सुमन, प्रो रमेश गुप्ता, प्रो सौरभ राज, प्रो जय कांत जय, प्रो बृजेन्द्र झा, सोनू सरकार, डॉ राकेश कुमार सिंह, अरविंद वरुण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा व सरकार बनाओ, अधिकार पाओ अभियान का तीसरा चरण प्रारंभ




समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) जिला इकाई की बैठक शहर के मोहनपुर स्थित एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में बुधवार को आयोजित की गई। इसमें वीआईपी सुप्रीमो सह पूर्व मंत्री सन ऑफ मल्लाह मुकेश सहनी ने स्थानीय कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की ओर से निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा एवं सरकार बनाओ, अधिकार पाओ अभियान का तीसरा चरण प्रारंभ हो चुका है। आगामी विधानसभा चुनाव 2025 से पूर्व बिहार के प्रत्येक बुथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना है और अपने की ताकत से सरकार में हिस्सेदारी भी तय करनी है। उन्होंने कहा कि सरकार बनाओ, अधिकार पाओ के तहत यह अभियान आगे चलेगा। उन्होंने निषाद समाज के अधिकारी व राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। कहा कि वीआइपी पार्टी की यह यात्रा समाज के हर तबके तब पहुंचकर पार्टी की जड़ों को मजबूत करने के साथ निषाद समाज की आवाज को बुलंद करेगा। इसके अलावे अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व स्थानीय कार्यकताओं ने मिथिला परंपरा के अनुसार वीआईपी सुप्रीमो को पाग, चादर, माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष आदर्श कुमार पिंटू ने किया। संचालन मोरवा प्रखंड अध्यक्ष यशवंत सहनी ने की। मौके पर ब्रह्मदेव सहनी, आनंद मधुकर, जंदाहा प्रमुख ओमप्रकाश सहनी, जिला प्रभारी संजय सहनी, रामबाबू यादव, संतोष सहनी, विश्वनाथ सहनी, भारतेन्दु पाठक, भारती कुमारी, पप्पू सहनी, रौशन सहनी, पंकज सहनी, अजय सहनी, विपत सहनी, दिलीप सहनी, विपिन सहनी, राजू सहनी, संगीता कुमारी, घर्मेन्द्र सहनी, मो तौहीद, बलबीर सहनी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसएसबी जवानों ने एक देसी कट्टा और बाईक के साथ दो नेपाली युवकों को गिरफ्तार किया

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी एसएसबी जवानो के द्वारा एक देसी कट्टा और एक बाईक के साथ दो नेपाली युवकों को गिरफ्तार किया गया। एसएसबी के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी ) जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत नेपाल बाह्य सीमा चौकी सिमराही के जिम्मेवारी क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली । कमांडेंट 48वीं वाहिनी एवं वाहिनी की असूचना विभाग की गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार की नेतृत्व मे चार अन्य जवानों के साथ विशेष विशेष चेकिंग ड्यूटी के दौरान की गयी कार्रवाई में भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 276/5 से लगभग दस मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ से एक बाईक पर सवार दो संदिग्ध नेपाली युवकों को रोका गया तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा बरामद हुआ। बबरामद देशी कट्टा व मोटरसाइकिल को जब्त कर मामले में दोनों युवकों को हिरासत में लिया गया। जब्त देशी कट्टा व बाईक के साथ दोनों आरोपियों को पूछताछ और कार्रवाई हेतू बीपीओ लाया गया। मामले में गिरफ्तार आरोपियो में नेपाल धनुषा जिला चौरा कोयालपुर वार्ड तीन निवासी 20 वर्षीय दीपेश यादव और एवं 30 वर्षीय जिसन कुमार यादव बताया जाता है। यह दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल से सवार होकर भारत से नेपाल जा रहे थे। जब्त किए गए देशी कट्टा और मोटरसाइकिल एवं मामले में गिरफ्तार को दोनो आरोपियो को कागजी कार्रवाई पूरी कर आगे की कार्रवाई हेतु बासोपट्टी थाना पुलिस को सपुर्द कर दिया गया। भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। पर्व त्योहार के मद्देनजर और आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियो को रोका जाएगा । गोविंद सिंह भंडारी कमांडेट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है। भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सिमा पर और क्षेत्र में पर्व त्योहार के मद्देनजर विशेष रूप से सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# 7 पैक्सों के औपबंधिक मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के 27 पैक्सों में चुनाव के लिए औपबंधिक मतदाता सूची का प्रकाशन आज कर दिया गया है। दो पैक्स खास टभका दक्षिण और विभूतिपुर पूरब में कार्यकाल पूरा नहीं होने के कारण बाद में मतदान कराया जाएगा। यह जानकारी बीसीईओ रामकुमार ने देते हुए बताया कि प्रखंड के महिषी पैक्स में सबसे अधिक मतदाता 3073 हैं, वही सबसे कम मतदाता बेलसंडी तारा पैक्स में 616 है। इसी तरह सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण में 1328,सुरौली दामोदरपुर में 1969, गंगौली मंदा में 1564, खास टभका उत्तर में 1585, विभूतिपुर उत्तर में 2401, देसरी करंख में 822, वाजितपुर बम्भैया में 2090, भरपुरा पटपारा में 1345, भूसवर में 1342, महथी उत्तर में 1859, आलमपुर कोदरिया 1858, कल्याणपुर उत्तर 2211, चकहबीब 1724, बोरिया 900, महथी दक्षिण 2954, सिंघिया बुजुर्ग उत्तर 1155, नरहन 1342, महम्मदपुर सकड़ा 1297, केराई 1820, कल्याणपुर दक्षिण 2214, टभका 1609, मुस्तफापुर डीह 1110, साख मोहन 792, पतैलिया 1118, चोरा टभका पैक्स में 2431 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि प्रकाशन के साथ ही दावे, आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 9 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरूवार, 10 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### पुत्र पर टांगी से वार कर पिता ने किया घायल

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के चांय गांव में मंगलवार की देर शाम को घरेलू विवाद में गुस्साए पिता ने अपने पुत्र पर टांगी से वार कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे डायल 112 की पुलिस टीम ने परिजनों के सहयोग से घायल को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां चिकित्सक के द्वारा घायल का इलाज किया गया। घायल की पहचान मुन्ना दास के रूप में हुई है। घायल ने बताया कि खजूर के पत्ता जिससे झाड़ू बनता है उसको लेने की बात पर मेरे पिता नशा में आया और मारपीट करने लगा और उसके बाद मेरे पिता ने मेरे सिर पर टांगी से वार कर दिया जिससे मेरा सिर फट गया।

### ब्रजपात से एक की मौत, दो घायल

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) हवेली खड़गपुर प्रखंड के मुरादाबाद पंचायत के 18 वर्षीय आतिश कुमार इमली वृक्ष पर वज्रपात होने से मंगलवार को अतीश कुमार की मौत हो गई और राजेश कुमार सौरभ कुमार झुलस गए हैं ग्रामीणों ने बताया कि वर्षा से बचने के लिए सभी इमली के पेड़ के पास खड़ा था तभी आकाशी बिजली गिरी जिससे उसकी मौत इलाज के क्रम में हो गई। पंचायत की मुखिया सरस्वती देवी ने परिवार जनों को कबीर अंत्येष्टि की योजना का लाभ दिए जाने की घोषणा की है।

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया फ्लैग मार्च

- जनता को शांति पूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने का दिया संदेश
- मेले में चाक चौबंद सुरक्षा का रहेगा इंतजाम : एसपी



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई : दुर्गा पूजा के अवसर पर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से चाक-चौबंद कर दिया है। त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने और शहर में शांति बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने अलर्ट मोड अपना लिया है। इस संदर्भ में मंगलवार को जमुई शहर में एक भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसका उद्देश्य सुरक्षा स्थिति का जायजा लेना और जनता को यह भरोसा दिलाना था कि प्रशासन पूरी तरह से चौकस और मुस्तैद है। फ्लैग मार्च की भव्य शुरूआत :फ्लैग मार्च की शुरूआत श्रीकृष्णा सिंह स्टेडियम से की गई। जिलाधिकारी (डीएम) अभिलाष शर्मा और पुलिस अधीक्षक (एसपी) चंद्र प्रकाश ने इस मार्च का नेतृत्व किया। उनके साथ इस मार्च में एसडीओ अभय कुमार तिवारी, एसडीपीओ सतीश सुमन, एसपी अभियान ओंकार नाथ, यातायात डीएसपी मनोज कुमार पाठक, थाना प्रभारी अरुण कुमार समेत कई प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान भी शामिल थे। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने पुलिस और सुरक्षा बलों को जरूरी निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी न रह जाए।शहर के प्रमुख क्षेत्रों में फ्लैग मार्च का आयोजन :यह फ्लैग मार्च शहर के प्रमुख स्थानों से होकर गुजरा। कचहरी चौक, महाराजगंज, पुरानी बाजार, थाना चौक, बोधवन तालाब, पंच मंदिर रोड और महिसौड़ी चौक जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर सुरक्षा का निरीक्षण करते हुए फ्लैग मार्च ने लोगों को शांति और सुरक्षा का संदेश दिया। इन सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और व्यवसायी उपस्थित थे, जिन्होंने प्रशासन के इस कदम की सराहना की। जनता से प्रशासन की अपील : फ्लैग मार्च के दौरान जिलाधिकारी अभिलाष शर्मा और एसपी चंद्र प्रकाश ने जनता से अपील की कि वे दुर्गा पूजा के इस पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को प्रशासन के साथ सहयोग करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि न हो। यदि किसी को किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति के बारे में जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करें ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश : डीएम और एसपी ने इस मौके पर पुलिस बल और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दुर्गा पूजा के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने का आदेश दिया गया है। डीएम अभिलाष शर्मा ने कहा, ह्णप्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि यह त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाया जाए। पूजा पंडालों और मेला स्थलों पर विशेष निगरानी : सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए प्रशासन ने यह भी निर्देश दिए कि सभी पूजा पंडालों और मेला स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती बढ़ाई गई है। इसके अलावा, यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस भी तैनात की गई है, ताकि पूजा स्थल पर जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। असामाजिक गतिविधियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : जलाधिकारी और एसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति समाज की शांति और सुरक्षा को खतरे में डालने का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूजा पंडालों और सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार : फ्लैग मार्च के दौरान डीएम और एसपी ने कहा कि प्रशासन दुर्गा पूजा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुरक्षा बलों को इस बात के लिए निर्देशित किया गया है कि वे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए मुस्तैद रहें। प्रशासन ने पूजा समितियों से भी सहयोग मांगा है और उन्हें निर्देश दिए हैं कि वे अपने पंडालों में पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करें। जनता में सुरक्षा को लेकर विश्वास : इस फ्लैग मार्च ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, बल्कि जमुई शहर की जनता में भी सुरक्षा को लेकर एक विश्वास पैदा किया। फ्लैग मार्च के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रशासन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह कदम उन्हें निश्चिंतता और सुरक्षा का एहसास दिलाता है।

# दो दिवसीय गिद्धौर महोत्सव का रंगा रंग समापन



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम गिद्धौर में आयोजित गिद्धौर सांस्कृतिक महोत्सव के दुसरे दिन जिला प्रशासन के देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समारोह के अतिथि पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक दामोदर रावत को एडीएम सुभाष चंद्र मंडल द्वारा बुके एवं शॉल भेंट कर सम्मनित किया गया।इस मौके पर आयोजित महोत्सव में मुंबई के सुप्रसिद्ध कवाल निजामी ब्रदर्स की टीम द्वारा कोई पुकारे अल्लाह तुझको कोई कहे भगवान। जिसके मन को जैसा भाए वैसा तेरा नाम प्यार मोहब्बत से है मतलब ओर नही कुछ काम हांथ खोलो तो अल्लाह अल्लाह हाथ खोलो तो राम की प्रस्तुति दे कार्यक्रम का शानदार आगाज किया गया।धीरे धीरे सांस्कृतिक महोत्सव अपने अपने परवाज पर चढ़ता गया व शाम ढलती गई, शमां बंधता गया, कार्यक्रम के सांसों की माला से सिमरू में पी का नाम की शानदार प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा। महोत्सव आयोजन के अवसर पर स्टेडियम परिसर में दर्जनों की तादात में संगीत प्रेमी व सम्मानित जन व कार्यक्रम का लुफ्त उठाने समारोह में शिरकत करते दिखे। सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान निजामी ब्रदर्स एंड म्यूजिकल ग्रुप के साथी कलाकारों द्वारा एक से एक संगीत की प्रस्तुति दी गयी। मौके पर कार्यक्रम स्थल कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में शाम ए महफिल आनंदमयी हो गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुलिस निरीक्षक प्रताप सिंह,प्रभारी थानाध्यक्ष पंकज कुमार,अनुज कुमार,रंजीत कुमार,आयुषी कुमारी, राजेश्वर प्रसाद,पीओ बिपिन कुमार, सहित अन्य कई पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी।

# रंगारंग माहौल में गिद्धौर सांस्कृतिक महोत्सव का हुआ आगाज

## कार्यक्रम प्रस्तुत करती बालिवुड गायिका अदिति पाल



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम गिद्धौर में गिद्धौर सांस्कृतिक महोत्सव का आगाज जिला प्रशासन के देखरेख में जमुई जमुई जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एडीएम चंद्रभूषण मंडल, एसडीओ अभय कुमार तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का आगाज आंगतुक कलाकारों द्वारा गणेश वंदना से की गयी। धीरे धीरे सांस्कृतिक महोत्सव अपने अपने परवाज पर चढ़ता गया व शाम ढलती गई, शमां बढ़ता गया। कार्यक्रम के दौरान बालीवुड गायिका अदिति पाल ने पानी दा रंग देख कर,अंखिया द मंजूर हो गए गानों पर दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए। आयोजन के अवसर पर स्टेडियम परिसर में दर्जनों की तादात में संगीत प्रेमी व सम्मानित जन व कार्यक्रम का लुफ्त उठा समारोह में डटे रहे। समारोह के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से सारा महफिल रंगीन हो गया। सांस्कृतिक महोत्सव के दौरान म्यूजिकल ग्रुप के साथी कलाकारों द्वारा एक से एक संगीत पर नृत्य प्रस्तुति कर की गई। मौके पर कार्यक्रम स्थल कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में शाम ए महफिल आनंदमयी हो गई। कार्यक्रम का सफल बनाने के लिए निरीक्षक प्रताप सिंह,पंकज कुमार,अनुज कुमार,रंजीत कुमार,आयुषी कुमारी,राजेश्वर प्रसाद के अलावे पीओ बिपिन कुमार द्वारा कार्यक्रम के हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी।

# शिक्षकों की स्थानांतरण नीति की घोषणा लाखों शिक्षकों व छात्रों के साथ एक धोखा है: प्रोफेसर योगेंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। एन. डी. ए. सरकार द्वारा शिक्षकों की स्थानांतरण नीति की घोषणा लाखों शिक्षकों एवं छात्रों के साथ एक धोखा है। यह स्थानांतरण नीति शिक्षकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए लाया गया है। वर्षों से शिक्षकों का स्थानांतरण उनके द्वारा किए गये आग्रह पर किया जाता था। अर्थात शिक्षकों का स्थानांतरण पूर्णरूपेण ऐच्छिक था। शिक्षकों का कार्य अन्य कर्मचारियों से भिन्न है। शिक्षक रचनात्मक कार्य करने में लगे रहते हैं। छात्रों के भविष्य निर्माण का कार्य शिक्षकों के द्वारा ही किया जाता है। इसलिए उन्हें मानसिक रूप से शांति की नितांत आवश्यकता होती है। यदि शिक्षक मानसिक रूप से परेशान रहेंगे तो वे छात्रों को सही तरीके से शिक्षा नहीं दे पाएंगे। पहले सरकारी स्कूल में पढ़कर ही जिलाधिकारी, डाक्टर , इंजिनियर जैसे शीर्षस्थ पद पर अपनी सेवा देते थे। बिहार की वर्तमान सरकार सरकारी विद्यालय को बर्बाद कर रहे हैं। हर पांच वर्ष पर स्थानांतरण करने से शिक्षा की गुणवत्ता में ह्रास होगा। जबतक शिक्षक समाज के स्थानीय माहौल के साथ सामंजस्य स्थापित करेंगे तब तक फिर उसे दूसरे जगह भेज दिया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारी माला माल होता रहेगा। इस प्रकार शिक्षकों के इस स्थानांतरण नीति से शिक्षा में गिरावट आएगी और सरकारी स्कूल बर्बाद हो जाएगा। वर्तमान सरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोची समझी नीति के तहत काम कर रही है। ताकि बच्चे अशिक्षित रहे। शिक्षा को महंगा किया जा रहा है ताकि अकल के बैलों को अंधविश्वास के हल से जोता जा सके।

# भाजपा के लोगों ने आतिशबाजी कर मनाई हरियाणा की जीत पर खुशी

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] हरियाणा की जीत हमारी अब झारखंड और महाराष्ट्र की है बारी का नारा भी लगाया। हरियाणा में भाजपा की जीत पर दुगार्मंदिर चौक के पास पार्टी के नगर एवं प्रखंड संगठन की ओर से नगर अध्यक्ष सूरज सिंह की अध्यक्षता में ढोल बाजे और पटाखे बाजी करते हुए विजय जश्न मनाया और लोगों के बीच लडडू वितरण करते हुए खुशी मनाई। हरियाणा और जम्मू कश्मीर में सीट भी बड़ा और वोट शेयर भी बड़ा जो दशार्ता है कि देश की जनता की पहली पसंद भाजपा है। भाजपा के वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक जीत एवं बहुमत से ज्यादा सट जीतना हरियाणा ने विकास की गारंटी की जीत है। यह जीत की गूंज दूर दूर तक जाएगी। भाजपा दुनिया का सबसे बड़े दल के साथ साथ देश में सबसे ज्यादा लोगों के दिलों में बसने वाली भी पार्टी है। वक्ताओं ने विपक्ष पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के लोग देश में सिर्फ जुमलेबाजी कर नफरत फैलाने का काम करते है जिसका जबाब हरियाणा में मतदाताओं ने दिया। लोगों ने कहा कि कांग्रेस परजीवी पार्टी बन गई है जो अपने सहयोगियों को भी समाप्त कर देती है। 370 हटने पर कश्मीर में विकास का कार्य बढ़ा है। विजय जश्न में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र प्रसाद यादव, पार्टी के वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शैलेश कुमार, परमेश्वर यादव, संतोष झुनझुनवाला, प्रशांत सुल्तानियां, भैयालाल माथुरी, संजीव बंका उपस्थित रहे ।

# गिद्धौर बाजार में दुर्गा पुजा पर्व को ले निकाला गया फ्लैग मार्च



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर।दुर्गा पुजा सह लक्ष्मीपुजा को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा गिद्धौर बाजार व मेला परिसर में फ्लैग मार्च निकाला गया।फ्लैग मार्च थाना से निकलकर गिद्धौर बाजार,मेला परिसर सहित विभिन्न चौक-चौराहा होते हुए पुनः थाना पहुंचा।इस दौरान अंचलाधिकारी आरती भूषण ने लोगों से दुर्गा पुजा सह लक्ष्मीपुजा शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की।उन्होंनें कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सुरक्षा बलों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया है।उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान उपद्रवियों द्वारा अफवाह फैलाने की कोशिश की गयी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग नही हो इस बात का खास ख्याल रखा जाएगा।अंचलाधिकारी आरती भूषण ने कहा कि बाजार के अलावा ग्रामीण इलाके में भी शांति भंग करने की कोशिश की जाएगी तो वैसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।उन्होंने आपसी भाईचारा,सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।उन्होंनें कहा कि कहीं भी गड़बड़ी की आशंका हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।फ्लैग मार्च में बीडिओं सुनील कुमार,थानाध्यक्ष प्रताप सिंह,अनुज कुमार,आयुषी कुमारी,रंजीत कुमार आदि शामिल थे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान की चौथी पुण्यतिथि तारापुर में मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर)। मंगलवार को तारापुर स्थित श्री श्री 108 बड़ी दुर्गा मोहनगंज तारापुर के प्रांगण में पूर्वी केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण से अलंकृत सह लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक रहे श्रद्धेय स्वर्गीय रामविलास पासवान की चौथी पुण्यतिथि एक सादे समारोह के बीच छात्र जिला अध्यक्ष लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के नितेश कुमार की अध्यक्षता में पुष्पांजलि अर्पित कर पार्टी के सभी कार्यकताओं के द्वारा मनाया गया । गौरतलब है कि पार्टी के संस्थापक रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री पासवान के जीवन वृत्तपरिडा विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए छात्र जिला अध्यक्ष नितेश कुमार ने कहा की दलित पिछड़ों अति पिछड़ा एवं अकलित के यह एक ऐसे नेता राष्ट्रीय स्तर पर थे ,जिन्होंने अपने संपूर्ण राजनीतिक जीवन काल में भारत के 6 प्रधानमंत्री के साथ विभिन्न मंत्रालयों में रहकर बेदाग केंद्रीय मंत्री के रूप में काम किया । जिन्हें आज हम सब देश के दूसरे अंबेडकर के रूप में जानते और मांगते हैं। इन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा शोषित वंचितों की आवाज को भारत के संसद में रखने का काम किया । आज इन्हीं के मार्गदर्शन और उनके बताए रास्ते पर चलकर लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का देश और दुनिया में राजनीतिक क्षेत्र के अलावे सामाजिक क्षेत्र में में डंका बज रहा है । तो वहीं पूर्व मुखिया शशि कुमार सुमन एवं पार्टी के प्रवक्ता रणधीर सिंह ने सामूहिक रूप से पुण्यतिथि के मौके पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने का अनुरोध किया । जिला सचिव कैलाश भगत ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री पासवान शोषित वंचित के अलावे स्वर्ण समाज के गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिलाने में इनकी अहम भूमिका रही है । पुण्यतिथि के मौके पर पूर्व मुखिया जितेंद्र शर्मा वार्ड पार्षद महेश पासवान विनोद सिंह सामाजिक कार्यकर्ता ओम प्रकाश चौधरी वैद्यनाथ सिंह सिकंदर सिंह विशाल शर्मा सहित दो दर्जन से अधिक पार्टी के कार्यकताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री पासवान के तैल्य चित्र पर बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन निवेदित किया।

# संदिग्ध अवस्था में पुलिस ने किया शव बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) हवेली खड़गपुर पुलिस ने नगर परिषद वार्ड नंबर 10 आर्य समाज के समीप बंद बिस्कुट फैक्ट्री से संदिग्ध अवस्था में 16 वर्षीय राज शेखर का शव बरामद किया है। मृतक के पिता गुड्डू साह ने बताया कि सोमवार की शाम को राज शेखर घर से बाहर निकला था लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं आया। काफी खोजबीन किया गया । उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम लाश मिलने की खबर पर परिजन घटना स्थल पर पहुंचकर सब की पहचान किया। ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई तत्काल स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सबको अपने कब्जे में ले लिया। इधर मृतक के पिता ने बताया कि मेरे पुत्र को अज्ञात लोगों के द्वारा मारे जाने की आशंका व्यक्त किया है। इस आशिक एक आवेदन मृतक के पिता ने थाना अध्यक्ष को दे देकर कार्यवाही करने की मांग की है इधर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर अनुसंधान कर रही है।

# चयनित लाभुकों के ऋणों की स्वीकृति वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया



प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभुकों के ऋणों की स्वीकृति वितरण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं निदेशक, हस्तकरधा एवं रेशम निदेशालय, उद्योग विभाग, बिहार, पटना निखिल धनराज की उपस्थिति में संग्रहालय सभागार में किया गया। इस अवसर पर पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत 50 लाभुकों को कुल 178.78 लाख रुपए का ऋण स्वीकृति, पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत 16 लाभुकों को कुल 74.59 लाख रूश का ऋण स्वीकृति एवं 9.90 लाख रुपए का ऋण वितरण, पीएमवीवाई योजना के अंतर्गत 02 लाभुकों को कुल 200 लाख रुपए का ऋण स्वीकृति तथा एमएमयूवाई योजना के अंतर्गत 02 लाभुकों को तृतीय किस्त कुल 5.00 लाख रूपए का ऋण की स्वीकृति / वितरण किया गया। चारो योजनाओं में कुल 258.37 लाख रुपए के ऋणों की स्वीकृति एवं कुल 9.90 लाख रुपए का वितरण विशेष कैम्प व शिविर में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा ढटऋहुए योजना में कम स्वीकृति पर असंतोष व्यक्त किया गया साथ ही आगामी माह तक सुधार हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं में भी तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सभी बैंको के प्रतिनिधि, उद्योग विभाग के पदाधिकारी एवं योजना के अंतर्गत लाभान्वित युवक व युवतियां उपस्थित थे।

# खेतीबाड़ी- पैक्स चुनाव के कारण धान खरीद में हो सकती है देरी,नई समिति ही करेगी खरीदारी

- समय पर बारिश होने से धान का पैदावार अधिक होने की संभावना

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर। प्रखंड में भले ही 15 नवंबर से धान खरीद शुरू करने की घोषणा कर दी गई है,लेकिन इस वर्ष दिसंबर माह से ही धान खरीद शुरू होने की पूरी संभावना है। पैक्स चुनाव के कारण इस बार जिले में सरकारी क्रय केंद्रो पर धान की खरीद हर बार की अपेक्षा विलंब से दिसंबर में शुरू होगी। बताया जाता है कि राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक पैक्स चुनाव की तिथि घोषित की है। ऐसे में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होने एवं नई समिति के गठन के बाद ही जिले के सरकारी क्रय केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर धान की खरीद शुरू हो पाएगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार पैक्स चुनाव संपन्न होने के बाद नए पैक्स अध्यक्षों को ही सीसी दी जाएगी। इसके बाद धान की खरीद शुरू होगी। फिलहाल चुनाव की तैयारी में पैक्स अध्यक्ष समेत सहकारिता विभाग के अधिकारी लगे हुए हैं। 25 सितंबर से ही हो रहा है निबंधन इधर 15 नवंबर से निबंधित किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीद किये जाने को लेकर ऑनलाइन आवेदन का पोर्टल 25 सितंबर से ही खोल दिया गया है। जबकि 25 अक्टूबर तक कृषि टास्क फोर्स की बैठक कर धान खरीद के लिए समितियां का चयन किया जाना है। वहीं इस बार सामान्य धान की कीमत 2300 रुपए क्विंटल एवं ए ग्रेड धान की कीमत 2320 रुपए तय की गई है। रजिस्ट्रेशन के लिए कागजात जरूरी सहकारिता विभाग समर्थन मूल्य पर धान की खरीदारी के लिए विभागीय पोर्टल पर किसानों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिला सहकारिता कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, रजिस्ट्रेशन के लिए किसानों को खेत की रसीद,आधार कार्ड और बैंक की पासबुक की प्रतिलिपि लगानी होगी। विभागीय अफसरों के अनुसार विभाग द्वारा जारी पत्र के आलोक में रैयत किसानों से 250 क्विंटल एवं गैररैयत किसानों से 100 क्विंटल धान की खरीद की जाएगी। विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचने के लिए जिले के इच्छुक किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन निबंधन करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को विभिन्न माध्यमों से विभाग के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है,ताकि जिले से अधिक से अधिक किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर अपना धान बेचकर समर्थन मूल्य का लाभ ले सके।

# दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था को लेकर डीएम और एसपी ने संयुक्त निरीक्षण किया

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर । दुर्गा पूजा के अवसर पर रावण दहन एवं प्रतिमा विसर्जन की तैयारी को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद द्वारा संयुक्त रूप से पोलो मैदान तथा सोझी घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान पदाधिकारी द्वय द्वारा रावण वध को लेकर पोलो मैदान में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था संधारण के आवश्यक निर्देश दिए गए। वहीं प्रतिमा विसर्जन को लेकर सोझी घाट सहित पूरे विसर्जन मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था तथा रोशनी आदि की पर्याप्त व्यवस्था की बात कही। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रभारी नगर आयुक्त कुमार अभिषेक,सहित अन्य उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा के अवसर पर पोलो मैदान में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रावण दहन तथा प्रतिमा विसर्जन की तैयारी को लेकर आज पोलो मैदान तथा सोझी घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के क्रम में जहां पोलो मैदान में होने वाले रावण दहन को लेकर आने वाले आमजनों अथवा दर्शकों के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सहित रोशनी आदि के उत्तम प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही मैदान के सभी गेटों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस बल की भी तैनाती का निर्देश दिया गया है। इसके अलावे रावण दहन तथा प्रतिमा विसर्जन में ड्रोन कैमरे तथा सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जाएगी, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की कोई हरकत न कर सके। इसके अलावे मैदान में चार टावर भी बनाए जाएंगे, जहां तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा पीए सिस्टम से माइकिंग कर लोगों को दिशा निर्देश दिया जाएगा। पूरे मैदान परिसर में रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था करने का विशेष निर्देश दिया गया है, ताकि रावण दहन देखने आए आमजन को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। किला परिसर के बाहर ही वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था करने तथा आमजनों के आगमन के लिए अलग अलग मार्ग से प्रवेश की व्यवस्था की गयी है। वहीं सोझी घाट में होने वाले प्रतिमा विसर्जन को लेकर भी सभी दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी के साथ बैठक कर ब्रिफिंग के माध्यम भी प्रतिमा विसर्जन को लेकर दिशा निर्देश जारी किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुंगेर में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का एक विशेष महत्व है, विशेषकर बड़ी मां दुर्गा के विसर्जन यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है, जिसे देखते हुए सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था के बेहतर इंतजाम किए गए हैं।

# देवी की आंचल भराई कैसे करें ?

देवी का आंचल भरते समय साडी और चोली वस्त्र-नारियल से देवी का आंचल भरना, यह देवी के दर्शन के समय किया जानेवाला एक प्रमुख उपचार है । यह शास्त्र समझकर, इसे भावपूर्ण करने से, उसका आध्यात्मिक लाभ अधिक प्रमाण में श्रद्धालु को मिलता है । आगे दी गई जानकारी पढकर, श्रद्धालुगण देवी का आंचल योग्य पद्धति से भरें और देवी की कृपा संपादन करें । १. देवी की आंचलभराई का क्या महत्त्व है ? 2. देवी को साडी एवं चोली वस्त्र अर्पण कर, अर्थात देवी की आंचलभराई कर, देवीपूजन संपन्न करना होता है । देवी को साडी एवं चोली वस्त्र अर्पित करना, अर्थात अपनी आध्यात्मिक उन्नति अथवा कल्याण हेतु देवी के निर्गुण तत्त्व को सगुण में आने का आवाहन करना । सर्व पंचोपचार पूजाविधियां ईश्वर के निर्गुण रूप से संबंधित हैं । देवी की आंचलभराई करते समय, प्रत्यक्ष कार्य हेतु देवी से प्रार्थना की जाती है । इससे पूर्व पंचोपचार विधि से कार्यरत देवी के निर्गुण तत्त्व को, साडी एवं चोली वस्त्र के माध्यम से, मूर्त सगुण रूप में साकार होने हेतु सहायता मिलती है । २. देवी की आंचलभराई की उचित पद्धति 3. अ. उत्तर भारत में देवी को लाल चुनरी चढाते हैं । लाल रंग शक्तितत्त्व सर्वाधिक आकृष्ट करता है । भारत के अधिकांश राज्यों में स्त्रियां चोली के वस्त्र एवं नारियल से देवी का आंचल भरती हैं । आ. देवी को सूती अथवा रेशमी साडी अर्पण करें; क्योंकि इन धागों में देवता से प्रक्षेपित सात्त्विक तरंगें ग्रहण करने एवं संजोए रखने की क्षमता अधिक होती है । इ. एक थाली में साडी रखकर उस पर चोली वस्त्र, नारियल (चोटी देवी की ओर कर) तथा थोडे से चावल रखें । नारियलकी चोटी देवी की ओर हो । तत्पश्चात थाली में रखी सर्व वस्तुएं अपने हाथों की अंजुलि में लेकर, हाथ अपनी छाती के समक्ष लाकर देवी के सामने खडे हों । ई. चैतन्य मिलने एवं आध्यात्मिक उन्नति हेतु देवी से भावपूर्वक प्रार्थना करें । इससे देवीतत्त्व के जागृत होने में सहायता मिलती है । उ. आंचलभराई की सामग्री को देवी के चरणों में अर्पित करने के उपरांत उस पर चावल चढाएं । उ. देवी को अर्पित की गई साडी संभव हो, तो परिधान करें तथा नारियल की मलई प्रसाद रूप में ग्रहण करें । ३. आंचल भरते समय हाथों की अंजुली छाती के सामने रखकर खडे रहने से होनेवाले सूक्ष्म-स्तरीय लाभ दर्शानेवाला चित्र ३. देवी की आंचलभराई की सूक्ष्म-स्तरीय प्रक्रिया एवं उसके परिणामस्वरूप लाभ अ. नारियल की चोटी की ओर देवीतत्त्व आकृष्ट होता है । इस तत्त्व को साडी एवं चोली वस्त्र में संक्रमित करने में नारियल सहायक होता है । साथ ही, नारियल की चोटी से प्रक्षेपित तरंगों के कारण, जीव के शरीर के आसपास सुरक्षा-कवच का निर्माण होता है । अ. पृथ्वीतत्त्व की सहायता से, वस्त्र से सात्त्विक तरंगें प्रक्षेपित होती हैं । नारियल-पानी में विद्यमान आपतत्त्व की सहायता से प्रक्षेपित तरंगों के कारण, ये तरंगें गतिमान एवं कार्यरत होती हैं । इससे पूजक की देह के सर्व ओर इन तरंगों के सुरक्षा-कवच की निर्मिति में सहायता मिलती है । साथ ही, साडी एवं चोली वस्त्र में विद्यमान देवीतत्त्व की सात्त्विक तरंगें, हमारी प्राणदेह एवं प्राणमयकोश की शुद्धि में सहायक होती हैं । इ. अंजुलि छाती के सामने हो, इस प्रकार से खडे होने पर उत्पन्न मुद्रा, शरीर में चंद्रनाडी के कार्यरत होने में एवं मनोमयकोष में सत्त्वकणों की वृद्धि में सहायक होती है; फलस्वरूप मन शांत होता है । इस मुद्रा के कारण पूजक देवता के समक्ष अधिकाधिक नम्र बनता है । हाथों की उंगलियों द्वारा, देवता से प्रक्षेपित सात्त्विक तरंगों के संक्रमण में सहायता मिलने से, शरीर में अनाहत चक्र कार्यरत होता है और पूजक का देवी के प्रति भाव जागृत होता है । इससे उसकी स्थूल एवं सूक्ष्म देहों की शुद्धि में सहायता मिलती है । देवी के प्रति भाव जितना अधिक होगा, उतने अधिक काल तक पूजाविधि से प्राप्त सात्त्विकता के टिके रहने में सहायता मिलेगी । ई. चावल सर्वसमावेशक होने के कारण चैतन्य ग्रहण एवं प्रक्षेपित करने में अग्रसर होते हैं । इसलिए उनका समावेश आंचल में प्रधानता से किया जाता है । ४. विशिष्ट देवी को विशिष्ट रंग का चोली वस्त्र अर्पण करने से क्या लाभ होता है ? विशिष्ट देवता को उसका तत्त्व अधिकाधिक एवं शीघ्र आकृष्ट करनेवाले रंग का चोलीवस्त्र एवं साडी अर्पण करने से उस विशिष्ट देवी का तत्त्व जीव के लिए अल्प कालावधि में कार्यरत होता है । विशिष्ट देवी के तत्त्व को सर्वाधिक एवं शीघ्र आकृष्ट करनेवाले रंग की साडी एवं चोली वस्त्र अर्पण करने से विशिष्ट देवी का तत्त्व जीव के लिए अल्प अवधि में कार्यरत होता है ।

# भाजपा ने हरियाणा में पलट दी बाजी पीछे रहने की वजह कांग्रेस खुद

हरियाणा विधानसभा चुनाव में आम धारणा यही थी कि कांग्रेस सत्ता में आ रही है, लेकिन नतीजे बिल्कुल उलट रहे। वास्तव में पिछले डेढ़ सप्ताह से हरियाणा की जमीनी स्थिति में बदलाव दिखने लगा था। कुछ कांग्रेस नेता खुद यह मानने लगे थे कि मुकाबला कांटे का हो गया है। इसमें संदेह नहीं कि भाजपा के कार्यकताओं-समर्थकों और उसके मतदाताओं में सरकार और संगठन के व्यवहार पर थोड़ी नाराजगी-निराशा थी, किंतु कांग्रेस की कुछ ऐसी प्रवृत्तियां थीं, जिनमें उनके सामने भाजपा ही विकल्प बची। हरियाणा की जनता ने यह भी देखा कि कांग्रेस के मुकाबले उसे भाजपा की विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कहीं बेहतर तरीके से मिला है। यह भी स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव के विपरीत इस बार राज्य के दलित और पिछड़ों ने यह महसूस किया कि उसकी वास्तविक हितैषी भाजपा ही है। यदि हरियाणा में कांग्रेस लगातार तीसरी बार भाजपा से पीछे रह गई तो इसके लिए वही अधिक जिम्मेदार है। कांग्रेस ने 2014 से ही संगठन, सोच, नेतृत्व और व्यवहार के स्तर पर ऐसा परिवर्तन नहीं किया कि उसके प्रदर्शन में चमत्कारिक बदलाव हो। बावजूद इसके लोकसभा चुनाव में उसने भाजपा की आंतरिक कमजोरी, आरक्षण एवं संविधान खत्म किए जाने के निराधार भय के साथ जातीय विभाजन की बातों से दस में से पांच सीटें हासिल कीं। इससे कांग्रेस को लगा कि थोड़ा परिश्रम करें तो भाजपा को हरा सकते हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा जैसे अनुभवी नेता एवं प्रभावशाली-बलशाली जाति के चेहरे को संपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने से भी कांग्रेस का आत्मविश्वास बढ़ा था। हुड्डा की स्थिति इतनी प्रभावी थी कि केंद्रीय नेतृत्व आम आदमी पार्टी से गठबंधन चाहता था, लेकिन उनके दबाव में पीछे हटा। यह निर्णय स्थानीय स्थिति के मद्देनजर गलत नहीं था, किंतु भाजपा के विरुद्ध आइएनडीआइए की एकजुटता का दावा अवश्य कमजोर पड़ा। हरियाणा के जनादेश को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से अलग करके नहीं देखा जा सकता। खासकर भाजपा के शीर्ष पर आने के बाद भारतीय विचारधारा से जुड़े मुद्दे हिंदुत्व, राष्ट्रीय एकता-अखंडता, संस्कृति, भाषा, धर्मस्थलों और अल्पसंख्यकों के प्रति विपक्ष का रवैया। ये ऐसे विषय हैं, जो लंबे समय से हर चुनाव में कम या ज्यादा भूमिका निभाते हैं। लोकसभा चुनाव में फैजाबाद से भाजपा की पराजय और सपा की विजय को विपक्ष ने जिस तरह प्रसारित किया, वह राम मंदिर समर्थकों और हिंदुत्व की विचारधारा वाले लोगों के जले पर नमक छिड़कने के समान था। भाजपा समर्थकों को इसकी गहरी टीस थी और जब राहुल गांधी ने कहा कि हमने अयोध्या के विचार को हरा दिया है तो इसकी तीखी प्रतिक्रिया हुई। संसद में राहुल गांधी के ह्यहिंदू-हिंदू कहने वाले हिंसा करते हैंह्न जैसे बयान और साफ दिखती मुस्लिमपरस्ती पर भी प्रतिक्रिया हुई। राहुल ने अमेरिका में सिखों को लेकर ऐसी बातें बोलीं, जो विभाजनकारी थीं। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि भाजपा समर्थकों में यह भाव पैदा हुआ कि भले ही हमारी सरकार और पार्टी ने हमें कुछ निराश किया हो, लेकिन हिंदुत्व और देश का सवाल सर्वोपरि है और विपक्ष राष्ट्रीय हितों की परवाह नहीं कर रहा है। इसके बाद भाजपा के जनाधार वाले किसी क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी पार्टी के जीतने की संभावना क्षीण हो जाती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जहां सामाजिक न्याय और गारंटियों पर फोकस किया और इसके चलते अयोध्या एवं हिंदुत्व के मुद्दे शुरूआती दो चरणों में पीछे चले गए, वहीं हरियाणा में विपक्ष की तुष्टीकरण नीति तथा भारत की एकता-अखंडता को कमजोर करने वाली नीतियों पर प्रहार उसके प्रचार के प्रमुख अंग बन गए। जहां राहुल गांधी हरियाणा में दलितों की अस्मिता को लेकर सवाल उठाते रहे, वहीं कुमारी सैलजा की भूमिका दलितों के लिए सम्मान का विषय बन गई।

# पूरक आहार बाल कुपोषण के लिए सबसे महत्वपूर्ण एजेंडा क्यों है?

**निर्णायक रूप से पूरक आहार 7वें पोषण माह 2024 का एक महत्वपूर्ण घटक था, जो मातृ और बाल पोषण के सबसे अधिक अनदेखे पहलुओं में से एक को संबोधित करता है। साक्ष्य-आधारित प्रथाओं को बढ़ावा देने, अन्नप्राशन जैसी सांस्कृतिक परंपराओं का लाभ उठाने, सस्ती और स्थानीय रूप से उपलब्ध खाद्य व्यंजनों का प्रसार करने और बच्चों को अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों से बचाने से, देश कुपोषण को खत्म करने के अपने प्राथमिकता वाले एजेंडे को हासिल करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकता है। सरकार के प्रयास ह्लजन आंदोलनह्न या सामूहिक लामबंदी के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी बच्चों को उनके विकास के लिए आवश्यक पोषण मिले, जिससे राष्ट्र के लिए एक स्वस्थ भविष्य की नींव रखी जा सके।**



इस सितंबर में भारत ने 7वां राष्ट्रीय पोषण माह 2024 मनाया गया। यह पोषण जागरूकता और कार्रवाई के लिए समर्पित महीना है, एक महत्वपूर्ण पहलू जो सभी के सामूहिक ध्यान की मांग करता है, वह है पूरक आहार। शिशुओं को केवल स्तनपान से ठोस और अर्ध-ठोस खाद्य पदार्थों वाले आहार में बदलने की यह प्रथा भारत में कुपोषण की लगातार समस्या को दूर करने के लिए मौलिक है। पूरक आहार केवल भोजन के बारे में नहीं है; यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि बच्चों को सही समय पर सही पोषक तत्व मिलें। यह एक स्वस्थ और उत्पादक जीवन की नींव रखता है। चूँकि केवल दूध बढ़ते बच्चे की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा नहीं कर सकता है, इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू एच ओ) 6 महीने की उम्र में पोषण संबंधी पर्याप्त और सुरक्षित पूरक खाद्य पदार्थों की शुरूआत के साथ-साथ 2 साल की उम्र या उससे आगे तक स्तनपान जारी रखने की सलाह देता है। पूरक आहार मस्तिष्क के कार्य, शारीरिक विकास और प्रतिरक्षा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क के विकास पर वैज्ञानिक प्रमाण बताते हैं कि जन्म के दो साल के भीतर, मस्तिष्क का आकार 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाता है, जो मुख्य रूप से ग्रे मैटर के विकास से प्रेरित होता है। इसी तरह पहले वर्ष के दौरान एक बच्चे का वजन लगभग तीन गुना बढ़ जाता है। इसलिए पूरक आहार न केवल मस्तिष्क के विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि बाल कुपोषण को रोकने में भी इसकी भूमिका है - एक ऐसी स्थिति जो भारत में पाँच वर्ष से कम उम्र के लगभग एक-तिहाई बच्चों को प्रभावित करती है। बच्चों में कुपोषण में स्टंटिंग (उम्र के हिसाब से कम ऊँचाई), वेस्टिंग (ऊँचाई के हिसाब से कम वजन) और अंडरवेट (उम्र के हिसाब से कम वजन) शामिल हैं। यह बढ़ते बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। उदाहरण के लिए शोध से पता चलता है कि स्टंटिंग वाले बच्चों के टेस्ट स्कोर कम होने, खराब ज्ञान-संबंधी परिणाम और यहाँ तक कि बाद के जीवन में आर्थिक उत्पादकता कम होने की संभावना अधिक होती है। इसके अलावा पूरक आहार एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली के निर्माण में आवश्यक है। यह दस्त, श्वसन संबंधी बीमारियों और खाद्य एलर्जी जैसे संक्रमणों को कम करने में मदद करता है, जो छोटे बच्चों में आम हैं। जाहिर है बच्चे के जीवन के पहले दो साल एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जहाँ पर्याप्त पोषण हमारी भावी पीढ़ियों के शारीरिक विकास, अनुभूति और प्रतिरक्षा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकता है। यह एक महत्वपूर्ण अवधि है जहाँ विटामिन युक्त फलों और सब्जियों, साबुत अनाज, फलियाँ, अंडे और डेयरी उत्पादों से भरा संतुलित आहार बच्चे के स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकता है। इसके बावजूद भारत में पूरक आहार का प्रचलन चिंताजनक रूप से कम है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के डेटा छोटे बच्चों के लिए पूरक आहार में एक महत्वपूर्ण अंतर दिखाते हैं। कुपोषण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय पोषण माह 2024 में महिला और बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) द्वारा पूरक आहार को प्राथमिकता देना, भारत के पोषण एजेंडे में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह हमें महत्वपूर्ण प्रश्न की ओर ले जाता हैः भारत में छोटे बच्चों के बीच पूरक आहार को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं? सफल पूरक आहार के लिए सबसे पहले और सबसे जरूरी है आहार में स्वस्थ और पौष्टिक भोजन को शामिल करना, खासकर छह महीने से दो साल के बीच की अवधि के दौरान। भारत की समृद्ध रसोई की विरासत पोषक तत्वों से भरपूर कई विकल्प प्रदान करती है, जो छोटे बच्चों के लिए आदर्श हैं। खिचड़ी और दलिया जैसी पारंपरिक खाना न केवल बनाने में आसान हैं, बल्कि आवश्यक पोषक तत्वों से भी भरपूर हैं। उदाहरण के लिए रागी केला दलिया आयरन और कैल्शियम का एक उत्कृष्ट स्रोत है, जबकि बाजरा खिचड़ी विटामिन और खनिजों का एक अच्छा मिश्रण प्रदान करती है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मिशन पोषण के दूसरे चरण के लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशों में ह्लआहार विविधताह्न को बढ़ावा देने और ताजे फल, सब्जियां, बाजरा और साबुत खाद्य पदार्थों के सेवन पर बहुत बल दिया गया है। इन दिशानिर्देशों के आधार पर स्थानीय रूप से उपलब्ध और किफायती सामग्री से बने पारंपरिक खाद्य पदार्थों को पुनर्जीवित करने से यह सुनिश्चित होगा कि बच्चों को संतुलित आहार मिले, जो उनके विकास और वृद्धि में सहायक हो। दूसरा, वैज्ञानिक संदेश के लिए सांस्कृतिक प्लेटफार्मों का उपयोग बड़े पैमाने पर सामाजिक और व्यवहारिक परिवर्तन को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण रणनीति हो सकती है। दिलचस्प बात यह है कि जन्म के छह महीने बाद पूरक आहार शुरू करने के लिए डब्ल्यूएचओ की सिफारिश की गई समय-सीमा, भारतीय सांस्कृतिक संदर्भ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर ह्यअन्नप्राशनह्न की सदियों पुरानी प्रथा से पूरी तरह मेल खाती है। पूरक आहार के महत्व को पहचानते हुए महिला और बाल विकास मंत्रालय देश भर में आंगनवाड़ी कार्यकताओं द्वारा आयोजित एक समुदाय-आधारित कार्यक्रम के रूप में अन्नप्राशन दिवस के उत्सव को बढ़ावा देता है। इससे माताओं और स्थानीय समुदायों को बच्चों के आहार में विविध और पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करने के महत्व के बारे में परामर्श दिया जा सके। इस प्रकार वैज्ञानिक संदेश के लिए पारंपरिक ज्ञान और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाओं का उपयोग करना साक्ष्य-आधारित शिशु और छोटे बच्चे के आहार प्रथाओं की स्वीकृति और अपनाने को बढ़ावा देने के लिए एक सर्वोत्तम अभ्यास के रूप में उभरता है। तीसरा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी छोटे बच्चों को सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना पौष्टिक भोजन तक पहुंच मिले वर्त्तमान सरकारी कार्यक्रमों का लाभ उठाना महत्वपूर्ण है। महिला और बाल विकास मंत्रालय का पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी) छह महीने से छह साल की उम्र के बच्चों को घर ले जाने का राशन और गरम पका हुआ भोजन प्रदान करता है। यह परिवारों के लिए जीवन रेखा के रूप में कार्य करता है, विशेष रूप से कम आय वाले समुदायों में जहां पोषक तत्वों से भरपूर भोजन तक पहुंच अक्सर सीमित होती है। चौथा स्वस्थ खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देते समय बच्चों को ह्लजंकह्न और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों, विशेष रूप से उच्च वसा, चीनी और नमक के खाद्य पदार्थों के खतरों से बचाना भी बहुत महत्वपूर्ण है। कुकीज, चिप्स, नमकीन, इंस्टेंट नूडल्स, सॉफ्ट ड्रिंक और बेकरी उत्पाद जैसे जंक फूड दुर्भाग्य से ह्लबच्चों के खास भोजन बन गए हैं।

# नवरात्र के आठवां दिन होती है महागौरी आराधना-पूजा

**वहीं ऊपर वाले बाएँ हाथ अभय मुद्रा में और नीचे के बाएँ हाथ में डमरू हैं। मां महागौरी का मुद्रा अत्यंत शांत है। मां महागौरी देवताओं की प्रार्थना पर हिमालय की श्रृंखला मे शाकंभरी के नाम से प्रकट हुई थी। नवदुर्गा का सबसे दीप्तिमान और सुंदर रूप है महागौरी। महा शब्द का अर्थ है महान और गौरी शब्द का अर्थ उज्वल या गोरा, इसलिए इनका नाम महागौरी पड़ा। वह दयालु, देखभाल करने वाली और अपने सभी भक्तों की गहरी इच्छाओं को पूरा करने के लिए जानी जाती है।**





जितेन्द्र कुमार सिन्हा,
लेखक

नवरात्र के नौ दिनों की आराधना क्रम में आठवां दिन मां महागौरी की आराधना- पूजा होगी। नवरात्र के पहले दिन से सातवें दिन तक देवी दुर्गा के शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, मां कूष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी और मां कालरात्रि की पूजा हो चुका है। अब अंतिम दो दिन मां महागौरी और मां सिद्धिदात्री की दिव्य रूप की पूजा होगी। नवरात्र के आठवें (अष्टमी) दिन मां दुर्गा का आठवां स्वरूप महागौरी की पूजा आराधना होगी। अष्टमी तिथि को कुंवारी पूजा के नाम से और महा अष्टमी जिसे दुर्गा अष्टमी के नाम से भी जाना जाता है। महागौरी का वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। इनकी आयु आठ वर्ष की मानी गई है- ह्यअष्टवर्षा भवेद् गौरी।ह्न इनके समस्त वस्त्र एवं आभूषण आदि भी श्वेत हैं। मां महागौरी की चार भुजाओं में, ऊपर के दाहिने हाथ में त्रिशूल और नीचे वाले दाहिने हाथ वर-मुद्रा में है, वहीं ऊपर वाले बाएँ हाथ अभय मुद्रा में और नीचे के बाएँ हाथ में डमरू हैं। मां महागौरी का मुद्रा अत्यंत शांत है। मां महागौरी देवताओं की प्रार्थना पर हिमालय की श्रृंखला मे शाकंभरी के नाम से प्रकट हुई थी। नवदुर्गा का सबसे दीप्तिमान और सुंदर रूप है महागौरी। महा शब्द का अर्थ है महान और गौरी शब्द का अर्थ उज्वल या गोरा, इसलिए इनका नाम महागौरी पड़ा। वह दयालु, देखभाल करने वाली और अपने सभी भक्तों की गहरी इच्छाओं को पूरा करने के लिए जानी जाती है। यह भी माना जाता है कि मां महागौरी हर तरह के दर्द और पीड़ा से राहत देती हैं और अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करती है। जो स्त्री मां महागौरी की पूजा भक्ति भाव साहित करती हैं उनके सुहाग की रक्षा देवी स्वंय करती है। अष्टमी तिथि के दिन मां महागौरी को नारियल का भोग लगाना चाहिए फिर नैवेद्य रूप वह नारियल ब्राह्मण को दे देना चाहिए। मां महागौरी ने देवी पार्वती के रूप में भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। एक बार भगवान शिव ने माता पार्वती जी को देखकर कुछ कह देते हैं। जिससे देवी का मन आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वषों तक कठोर तपस्या करने पर जब माता पार्वती जी नहीं आती है तो, माता पार्वती जी को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुँचते हैं, वहां माता पार्वती जी को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। माता पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के सामन श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। वहीं दूसरी कथा अनुसार, भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए माता पार्वती जी ने कठोर तपस्या की थी, जिससे माता पार्वती जी का शरीर काला पड़ जाता है। माता पार्वती जी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव इन्हें स्वीकार करते हैं और भगवान शिव जी इनके शरीर को गंगा-जल से धोते हैं तब देवी विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं तथा तभी से इनका नाम गौरी पड़ा। महागौरी रूप में देवी करूणामयी, स्नेहमयी, शांत और मृदुल दिखती हैं। देवी के इस रूप की प्रार्थना करते हुए देव और ऋषिगण कहते हैं-

सर्वमंगल मंग्ल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।।

माता पार्वती जी से संबंधित एक अन्य कथा भी प्रचलित है, जिसके अनुसार, एक सिंह काफी भूखा था, वह भोजन की तलाश में वहां पहुंचा जहां देवी उमा तपस्या कर रही होती हैं। देवी को देखकर सिंह की भूख बढ़ गयी परंतु वह देवी के तपस्या से उठने का इंतजार करते हुए वहीं बैठ गया। इस इंतजार में वह काफी कमजोर हो गया। देवी जब तप से उठी तो सिंह की दशा देखकर उन्हें उस पर बहुत दया आती है और माता पार्वती जी उसे अपना सवारी बना लेती हैं, क्योंकि एक प्रकार से उसने भी माता पार्वती के साथ तपस्या की थी। इसलिए देवी गौरी का वाहन बैल और सिंह दोनों ही हैं। एक अन्य कथा के अनुसार दुर्गम दानव के अत्याचारों से संतप्त जब देवता भगवती शाकंभरी की शरण मे आये तब माता ने त्रिलोकी को मुग्ध करने वाले महागौरी रूप का प्रादुर्भाव किया। यही माता महागौरी आसन लगाकर शिवालिक पर्वत के शिखर पर विराजमान हुई और शाकंभरी देवी के नाम से उक्त पर्वत पर उनका मंदिर बना हुआ है यह वही स्थान है जहां देवी शाकंभरी ने महागौरी का रूप धारण की थी। नवरात्रि की अवधि में के दिन मां महागौरी का ध्यान, स्मरण, पूजन-आराधना भक्तों के लिए सार्वधिक कल्याणकारी होता है। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है। पुराणों में माँ महागौरी की महिमा का प्रचुर आख्यान किया गया है। ये मनुष्य की वृत्तियों को सत की ओर प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं।

मन्त्र

येथे सम श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभंदद्यान्महादेव-प्रमोद-दा।।

# हरियाणा-जम्मू-कश्मीरः परिणाम अप्रत्याशित नहीं....?

ओमप्रकाश मेहता

देश के दो प्रधान धर्मों हिन्दू व मुस्लिम के बाहुलय मतदाताओं वाले राज्यों की विधानसभा चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन राज्यों के मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही है। जम्मू-कश्मीर में जहां भाजपा को नेशनल कांफ्रेस से करीब आधी सीटें मिली, वहीं हिन्दू मतदाताओं के बाहुल्य वाले हरियाणा में कांग्रेस का काफी अवमूल्यन हुआ है, वैसे इस राज्य में कांग्रेस की जड़े गहरी है, किंतु इस बार मतदाताओं की सोच में समयानुसार परिवर्तन आया है, जिसका परिणाम यहां भाजपा का परचम लहराना है।

यद्यपि राजनीतिक पण्डितों की जम्मू-कश्मीर को लेकर यह सोच या आशंका अवश्य है कि वहां से नेशनल कांफ्रेस का जीतना भारत के लिए खतरनाक इसलिए है, क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला व उनके बेटे उमर अब्दुल्ला की निजी सोच पाकिस्तान के काफी निकट है, वे समय-समय पर पाकिस्तान की पैरवी करते रहते है, इसलिए यह भारत की एकता के लिए खतरनाक हो सकता है, किंतु चूंकि जम्मू हिन्दू प्रधान और कश्मीर मुस्लिम प्रधान क्षेत्र है, इसलिए जम्मू और कश्मीर के राजनेताओं और मतदाताओं की सोच अलग हो सकती है, किंतु इस मसले को भारत सरकार को समय रहते गंभीरता से लेना चाहिए, वर्ना धरती का स्वर्ग हमारे हाथों से खिसक सकता है, इसी विभाजनकारी खोज के कारण भाजपा का कश्मीर में कोई अस्तित्व नही रह गया है, जबकि जम्मू में भाजपा का स्थान काफी अहम है, इसलिए यदि यह कहा जाए कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति धर्म आधारित है तो वह कतई गलत नही होगा। फिर इस राजनीतिक बिन्दु पर हमने अभी से गंभीर रूप से ध्यान नही दिया तो फिर हम पाक अधीकृत कश्मीर को हमारे पाले में लाने के बारे में भी सोच नही कर पाएगें। इस तरह कुल मिलाकर हमारे मस्तक पर विराजित इन दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू एवं कश्मीर के भविष्य पर गंभीर चिंतन जरूरी है और इस चिंतन की शुरूआत इन विधानसभा चुनाव परिणामों के साथ ही शुरू करना चाहिए। करीब एक दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए है और जनता ने भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही सीधे-सीधे नकारते हुए नेशनल कांफ्रेंस के हाथों में राज्य की बागडोर सौंप दी है और लगे हाथ फारूख अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित भी कर दिया। यहां इस राजनीतिक माहौल में कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद को भी भुलाया नही जा सकता, जिनकी वजह से अतीत में जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस का परचम लहराया करता था, किंतु अब वे कांग्रेस से नाराज होकर अपने स्वयं द्वारा गठित नए राजनीतिक दल के सर्वेसर्वा है, यद्यपि उनकी अपनी पार्टी का राज्य में फिलहाल कोई विशेष अस्तित्व नही है, किंतु वे एक जाने-पहचाने राष्ट्रीय नेता अवश्य है। उनकी अपनी इन चुनावों में क्या भूमिका रही? यह अभी तक स्पष्ट नही हो पाया है किंतु उनकी मुख्य पहचान जम्मू-कश्मीर से ही हैं।

अब राजनीतिक पंडितों का इन चुनाव परिणामों को लेकर मुख्य चिंतन यह है कि इन दोनों राज्यों हरियाणा व जम्मू-कश्मीर के परिणामों का इस वर्ष के अंत तक होने वाले दो राज्यों व अगले वर्ष के प्रारंभ में दिल्ली तथा उसके साथ होने वाले राज्यों के विधानसभा चुनावों पर क्या होगा? भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों के वरिष्ठ नेता इसी चिंतन में व्यस्त है।

आज की एक और परिपाटी बन गई है वह यह कि जब चुनाव आते है तो वहां राजनीति केंद्रित हो जाती है और परिणामों के असर जैसे कई भविष्यवादी मुद्दों पर चिंतन करती है और फिर ह्यकुर्सीह्न मिल जाने के बाद सब कुछ भुला देती है। यह सोच देश के राजनीतिक भविष्य के लिए कितनी सही है, इस पर निष्पक्ष चिंतन जरूरी है और इन चुनाव परिणामों के भावी असर पर सोच-विचार भी निष्पक्षता की परिधि में जरूरी है।

# दुर्गापूजा में संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने का डीएम ने दिया निर्देश

## ड्रोन से होगी निगरानी, सिविल ड्रेस में पुलिस रखेगी हुड़दंगियों पर नजर

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। इस वर्ष दुर्गा पूजा का त्यौहार 03 अक्टूबर को कलश स्थापना से प्रारंभ होकर 12 अक्टूबर को विजयादशमी को समाप्त होगी। दुर्गा पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने से मंदिरों एवं अन्य आयोजन स्थलों पर मेले जैसा माहौल उत्पन्न हो जाता है जिसमें व्यवस्था संधारण बहुत ही आवश्यक होता है। बताया गया कि पुजा समिति एवं आयोजनों को पूर्व में ही प्रतिमा के अधिष्ठापन, विसर्जन एवं जुलूस हेतु आदेशित कर दिया गया है। आदेश का उल्लंघन करने की स्थिति में पूजा समिति एवं आयोजकों पर सुसंगत अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

सभी पूजा समितियों को जिला प्रशासन द्वारा दिए गए निदेश के अनुरूप ही मूर्ति विसर्जन एवं जुलूस का आयोजन करना होगा। सभी पूजा समितियों को पूजा पंडाल पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश भी दिया गया है। जुलूस के दौरान डीजे बजाने, भड़काऊ गाना, अश्लील गाना पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वह निश्चित रूप से प्रतिमा विसर्जन दसवीं से 2 से 3 दिनों के अंदर करवाना सुनिश्चित करेंगे।

सभी संवेदनशील स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले जगह पर पुलिस बल, पुलिस पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं सादे लिवास में भी पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी को संवेदन स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने एवं सामाजिक तत्वों के विरुद्ध दंडात्मक एवं निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी के निदेशानुसार विधि व्यवस्था संधारण हेतु ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।

## पंडालों में मां दुर्गा के खुले पट, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



इसुआपुर। प्रखंड के सढ़वारा-चहपुरा, इसुआपुर, निपनिया, मुंड़वा, गम्हरियां, शामकौरिया, नवादा, सहवां, अगौथर, आजाद चौक परसा, केरवां, बाजारों समेत 38 पूजा पंडालों में बुधवार को मां दुर्गा के पट खुले। इस मौके पर वैदिक मंत्रोच्चारण तथा जय माता दी के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सढ़वारा बाजार स्थित शिव मंदिर के परिसर में 55 फीट ऊंचे भव्य,सुंदर व मनमोहक पंडाल में 15 फीट ऊंची मां दुर्गा की मूर्ति बनी है। मंदिर के पुजारी तथा जय माता दी पूजा समिति के अध्यक्ष कृष्णा गिरी ने बताया कि यहां 60 वर्षों से दुर्गा पूजा का आयोजन होते आ रहा है। व्यवस्थाक अमित कुमार शर्मा ने बताया कि सप्तमी तिथि की रात्रि में गोरखपुर की रामलीला मंडली द्वारा झांकी व रामलीला प्रस्तुत की जाएगी। वहीं अष्टमी तथा नवमी तिथि को अखिलेश गुप्ता, गुंजन कुमार सिन्हा तथा बादल कुमार सिन्हा की मंडली द्वारा सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतिकी जाएगी। शिक्षक विकास गौरव अंकित राय, राहुल कुमार, सूरज कुमार सिन्हा तथा कन्याओं द्वारा मां दुर्गा की आरती की बेहतरीन प्रस्तुति की गई।

# दशहरा को ले महापौर ने की बैठक, दिए कई दिशा-निर्देश

**■ खुले में मांस- मछली बेचना, नगरपालिका अधिनियम के विरुद्ध**

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा । बुधवार को महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नगर आयुक्त सुनील कुमार पाण्डेय एवं उप मेयर प्रतिनिधि धर्मनाथ पिंटू की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें खुले में मांस, मछली एवं मुर्गा बेचने वाले दुकानदारों को बंद कराने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया क यह निर्णय बिहार नगरपालिका अधिनियम के तहत लिया गया है कइस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगरपालिका अधिनियम के तहत मांस, मछली एवं मुर्गा बेचने वालो को नगर निगम से ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है, और नगर पालिका अधिनियम का पालन करना भी आवश्यक होगा कजिसके लिए आप नगर निगम कार्यालय से संपर्क कर सकते है कदहशरा पर्व से लेकर छठ पूजा तक खुले में मांस, मछली एवं मुर्गा बेचने वालो को अंतिम चेतवानी दे दी गई है, इसके बाद अगर बिक्री करते पाया जाता है, तो उस पर जुमार्ना एवं दंड लगाया जायेगा क

महापौर लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने सफाई एजेंसी के साथ दुर्गा पूजा पंडालो में सफाई को और बेहतर ढंग से करने हेतु समीक्षा किया ,और महापौर के द्वारा आदेश दिया गया की पूजा के सम्बन्ध मे सफाई में कोई भी लापरवाही होंगी,उसके लिए सफाई एजेंसी को बर्दास्त नहीं किया जायेगा कउन्होंने कहा कि सभी चौक -चौराहो या निचले रोड में माँ दुर्गा की प्रतिमा बनी है,सभी रूट मे स्पेशल सफाई कराना आवश्यक है क उप मेयर प्रतिनिधि धर्मनाथ पिंटू ने सफाई एजेंसी को कहा कि तीनों समय सफाई होनी है, सुबह, शाम और नाईट में सफाई कराना होगा ' इस कार्य में लापरवाही के लिए सफाई एजेंसी के काम को बर्दास्त नहीं किया जायेगा क महापौर के द्वारा कहा गया कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक मे छपरा नगर निगम के द्वारा दुर्गा पूजा समिति को उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्ककार दिया जायेगा ' महापौर के द्वारा कहा गया तीन पुरस्कार के आलावा 11 अन्य पूजा समिति को भी संतावाना पुरस्कार महापौर के द्वारा दिया जायेगा, जिसके लिए नगर निगम के द्वारा कमिटी बना दी गई क इसके लिए सभी पूजा समिति को आवश्यक दिशा -निर्देश दे दिया गया है कजबकि सफाई एजेंसी के द्वारा कहा गया कि दुर्गा पूजा से लेकर छठ पूजा तक सफाई अतिरिक्त मजदूर लगाकर कराई जाएगी क महापौर ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में फॉगिंग कराने हेतु गठित टीम के माध्यम फॉगिंग करवाने का आदेश दिया गया है क बैठक मे उप नगर आयुक्त अजीत कुमार, सिटी मैनेजर, अरविन्द कुमार, वेद प्रकाश वर्णवाल, स्वच्छता पदाधिकारी संजीव कुमार मिश्रा, सुमित कुमार, सिटी मिशन मैनेजर, सुधीर कुमार हिमांशु, लिपिक दीपक कुमार तथा सफाई एजेंसी मैनेजर प्रवीण कुमार आदि उपस्थित थे ।

# संक्षिप्त खबरें

## बच्चों ने मां दुर्गा की निकाली आकर्षक झांकी

प्रातः किरण संवाददाता

आदापुर। प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर के बच्चों द्वारा बुधवार को विद्यालय परिसर में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की आकर्षक झांकी निकाली गई। विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से अध्ययनरत बच्चों को मां दुर्गा एवं असुरों के मुखौटा से सजाया गया था। मां दुर्गा द्वारा धरती पर बढ़ रहे असुरों के आतंक से जनमानस की रक्षा हेतु महिषासुर का संहार किया गया।इस झांकी के माध्यम से बच्चों ने अपने भीतर शक्ति का संचार करके कठिनाइयों का सामना करने का संदेश दिया। वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने बच्चों को बताया कि रास्ते चाहे जितना भी कठिन हों परन्तु सच्चाई के मार्ग पर चलने से हमेशा जीत मिलती है। जितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि हमें हमेशा जुल्म और अत्याचार का विरोध करना चाहिए तथा सत्य और न्याय के लिए खड़ा होना चाहिए। प्रधान शिक्षक मनोज कुमार ने बच्चों को नवरात्र के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बच्चों ने मां दुर्गा के भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया।

## लाई दारू के साथ बाइक जप्त,धंधेबाज फरार

प्रातः किरण संवाददाता

चनपटिया( ए के सिंह ) ।पुलिस ने शराब धंधेबाजों के खिलाफ विभिन्न जगहों पर छापेमारी की ।इस दौरान दस लीटर देशी चुलाई शराब,व बाइक जप्त किया है । जबकि पुलिस को चकमा देकर धंधेबाज फरार हो गया ।मनुआपुल थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया की क्षेत्र के भरपटिया मुशहरी टोला गांव के समीप दस लीटर देशी चुलाई शराब बरामद करते हुए बाईक को जप्त किया गया है ।यह कारवाई वाहन जांच के दौरान हुई है ।शराब धंधेबाज बाइक से शराब को लेकर अन्यत्र जगह पर जाने के फिराक में था।, उन्होंने ने बताया कि पुलिस वाहन को देख बाइक छोड कर धंधेबाज फरार हो गया है ।शराब धंधेबाज को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कारवाई की जा रही है।

## युवक से उच्चकों ने बाईक, मोबाइल ,नगदी छीने

प्रातः किरण संवाददाता

बनियापुर। थाना क्षेत्र के बारोपुर गाव मे तीन अज्ञात उच्चको ने युवक से बाईक,मोबाइल,नगदी आवश्यक कागजत छीन लिया है,जिस घटना की प्राथमिकी पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गयी है। घटना के संबंध मे पीड़ित गौरा निवासी मिथलेस कुमार ने बताया है कि घर से हम दो व्यक्ति बाईक से जा रहे थे,जैसे ही गौरा नहर पर पहुंचे जहा पहले से तीन व्यक्ति खड़े थे,बाईक रोककर बाईक के साथ दोनो आदमी का मोबाइल आवश्यक कागजात पर्स मे रखे नगदी पच्चीस रुपया छीन लिए,मामले मे पुलिस अनुसन्धान कर रही है। इधर पूछरी हंसराजपुर बजार मे बीती रात अज्ञात चोरो ने दुकान का ताला तोड़कर बैटरी नगदी की चोरी कर लिया है ।मामले मे जलालपुर गमहरिया निवासी जयराम राय ने प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## बाइक के धक्के से साइकिल सवार जख्मी,आरोपी फरार

प्रातः किरण संवाददाता

लहलादपुर । महाराजगंज-पैगम्बरपुर मुख्य सड़क पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय, लहलादपुर के समीप तीव्र गति से जा रही एक मोटरसाइकिल ने एक साइकिल सवार को जोरदार धक्का मारते हुए फरार हो गया. जिससे साइकिल सवार दूर जा गिरा और बेहोस हो गया. उसके सिर में गंभीर चोट आयी. आसपास के लोगों ने जख्मी को पीएचसी, लहलादपुर में भर्ती कराया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया. जख्मी सिवान जिला के महाराजगंज थाना क्षेत्र के दलपतपुर निवासी 24 वर्षीय मिथिलेश कुमार बताया जाता है. घटना मंगलवार के देर संध्या की है. समाचार प्रेषण तक इस मामले में प्राथिमिकी दर्ज होने की सूचना नहीं है.

## रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

पानापुर( सारण )प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसौली में बुधवार को नवम वर्ग की छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता के लिए चार चार छात्राओं का एक समूह बनाया गया था।

प्रतियोगिता में पलक सिंह ,ब्यूटी सिन्हा ,खुशी सिंह एवं रोशनी सिंह की बनायी गयी रंगोली को प्रथम स्थान मिला।विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जीतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।इस मौके पर राजन कुमार पंडित ,सम्राट कुमार सिंह ,सरिता रंजन ,मधु कुमारी ,पूजा कुमारी ,अनुराधा कुमारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# शहर की प्रतिष्ठित महिलाओं ने किया प्लंबर हाउस का उद्घाटन एक नई शुरूआत

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा ' दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर शहर के मौना गोला रोड में राजेश फैशन का एक और प्रतिष्ठान प्लंबर हाउस का उद्घाटन महिलाओं एवं शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ ' यह प्रतिष्ठान ग्राहकों के एक कॉल पर सामान आपके घर पर होगा । बता दें कि यह उद्घाटन प्लंबरिंग सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है ।प्लंबरिंग एक ऐसी सेवा है, जो हर घर और व्यवसाय के लिए आवश्यक है। अक्सर लोगों को सही जानकारी और सेवाओं की आवश्यकता होती है। प्लंबर हाउस ने इस कमी को समझा और एक ऐसा केंद्र स्थापित किया,जहां ग्राहकों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्लंबरिंग सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर गायत्री आर्यनी, वीना शरण,सुषमा सोनी, बिंदिया जायसवाल, कुंती देवी,ममता मिश्रा, अनीता राज, किरण सिंह, मिस शालू सभी महिलाओं ने एक साथ फीता काट कर उदघाटन किया सभी ने कहा की यह पल्मबर हाउस उच्च गुणवत्ता की सेवाओं के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर भी काम करेगा। शहर में इस तरह की सेवाओं की कमी थी, जिसे राजेश फैशन के प्रतिष्ठान ने पलंबर के क्षेत्र में इसकी शुरूआत कर दी है 'उद्घाटन समारोह में शहर के प्रमुख व्यवसायियों, बड़ी संख्या में शहर की सामाजसेवी महिलाएं तथा स्थानीय लोगों की उपस्थिति दिखी । प्रतिष्ठा का शुभारंभ एक पारंपरिक तरीके से दीप जलाकर किया गया ' शहर की महिलाओं ने उपस्थित लोगों को प्लंबर हाउस के उद्देश्यों और सेवाओं के बारे में बताया। राजेश फैशन के पुत्र आर्यन राज , तथा पियूष ने कहा कि प्लंबर हाउस में ग्राहकों को विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएंगी, और नए प्लंबरिंग सिस्टम की सुविधा मिलेगी । इसके अलावा यहां प्रशिक्षित और अनुभवी प्लंबर्स की एक टीम होगी, और ग्राहक अब एक ही स्थान पर सभी आवश्यक प्लंबरिंग सेवाओं

# किसानों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लगाई गुहार, पटवन बिना खेत हो रहे हैं बंजर

**■ नहरों से निकलने वाले उप वितरणी की हो साफ सफाई**

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकिनगर व रामपुरवा पंचायत के किसानों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नहरों से निकलने वाले उप वितरणी के सफाई के बारे में ध्यान आकृष्ट कर गुहार लगाई है ।साथ ही किसानों ने इस पत्र की एक एक पत्रलिपि जिलाधिकारी बेतिया,अनुमंडल अधिकारी बगहा, कार्यपालक अभियंता प्रमंडल 01,और त्रिहुत नहर बेतिया को भेजा है। पूर्व मुखिया व किसान नेता मोहम्मद कलाम ने बताया कि मुख्य तिरहुत नहर से निकली उप वितरणी और उससे निकलने वाली वाटर कोर्स के बेड में सिल्ट भर गया है जिस वजह से पानी खेतों तक नहीं पहुंच रहा है। यह हालत करीब 2005 से चला आ रहा है। उप वितरणी और उसके वाटर कोर्स के बेड और उसके बैंक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिसका मरम्मत अत्यंत जरूरी है ।कलाम मुखिया ने बताया कि उप वितरणी के मुहाने पर सिल्ट का जमाव हो गया है। उन्होंने आगे बताया कि उप वितरणी और वाटर कोर्स माइनर ओ एल 01,ओ एल 2,ओ आर 01,ओ आर 2 और ओ आर 3 के बेड और उसके बांधों की मरम्मती अतिशीघ्र हो ताकि किसानों के खेती की जमीन बंजर होने से बच जाए।

# कपड़े की दुकान से विशालकाय किंग कोबरा का वनकर्मियों ने किया रेस्क्यू

बगहा, प्रातः किरण। बगहा के वाल्मीकिनगर थाना अंतर्गत भेड़ियारी स्थित कपड़े की दुकान से किंग कोबरा सांप का वनकर्मियों ने रेस्क्यू किया ।पकड़ा व्यवसायी सुरेश पटवा ने बताया कि शाम करीब 7 बजे दुकान में लगे कपड़े की रैक में कुछ गड़बग देखी तो ध्यान से देखा,देखने के बाद तो मेरे होश उड़ गए ।तुरन्त लोगों की भीड़ लग गई ।हमने भेड़ियारी कम्पाट के फॉरेस्टर नवीन कुमार को फोन से इसकी जानकारी दी ।नवीन कुमार के नेतृत्व में वन विभाग के वाइल्ड डॉक्टर मनोज टोनी और रंजन कुमार वनरक्षी के साथ रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुट गई ।वनपाल नवीन कुमार ने बताया कि रेस्क्यू में काफी दिक्कतें आई क्योंकि कपड़े के गत्ते की ढेर और रैक के बीच में कोबरा छुप गया था ।बहरहाल 12 फिट किंग कोबरे का काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर लिया गया ।वनपाल ने बताया कि रेस्क्यू के बाद विशालकाय किंग कोबरा को वीटीआर के घने जंगल मे सुरक्षित छोड़ दिया गया।

# माता की निकली भव्य डोली यात्रा, झूमते रहे भक्त

चनपटिया, प्रातः किरण। विश्वास सिरिसियां देवी माता मंदिर परिसर से बुधवार को गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओ ने भव्य डोली निकाली ।जिसमें पुजा समिति के सभी सदस्यों व सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने गांजे बाजें पर माता की जयघोष पर थीरकते हुए कई गांवों का भ्रमण कर पुजा स्थल पहुंचे ।यह डोली मंदिर परिसर से होते हुए क्षेत्र के विभिन्न गांव होते हुए सिरिसियां पहुंची जहां आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ साथ माता की आगमन के लिए पूजन किया गया ।माता की डोली लेकर विश्वास सिरिसियां माता मंदिर प्रांगण पहुंचकर पुजा अर्चना की गई । माता कि जयघोष से सारा इलाका भक्तिमय हो गया । पुजा समिति के अध्यक्ष बाबा ललन दास तथा पुजा समिति के सदस्य दिनेश सिंह, मनोज साह , सुरेन्द्र सिंह ने बताया की दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में विगत बिस वर्षों से पूजा पंडालों में माता दुर्गा का भव्य स्वरूप का दर्शन भक्त करते आ रहे हैं। यहां महाप्रसाद का वितरण किया जाता है।

# गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा धमःधूमल



एकमा, प्रातःकिरण। प्रखंड के रसूलपुर चट्टी स्थित एनएच-531पर अवस्थित एपीडी हॉस्पिटल का उद्घाटन एकमा के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच फीता काटकर किया। इस मौके पर पूर्व विधायक धूमल सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा करना हीं सबसे बड़ा मानव धर्म है ।उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसी भी अस्पताल, नर्सिंग होम या क्लिनिक में अगर एक दिन भी गरीबों का निःशुल्क ईलाज किया जाता है तो इससे बड़ा सेवा कार्य कोई नहीं है ।मौके पर मौजूद हॉस्पिटल संचालक डॉ अजीत कुमार ने कहा कि कम आय वाले मरीज जिला मुख्यालय या राजधानी पहुंचकर अपना ईलाज नहीं करा पाते इस सींदूर ग्रामीण क्षेत्र में गरीबों को सस्ते में अच्छा इलाज देना हमारा संकल्प है ।मौके पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा पूर्व विधायक को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर बिपिन सिंह, नन्हकू सिंह,रौशन सिंह भवानी,विकास जी,मुरली सोनी,राजेश्वर सिंह,अर्जुन सिंह, सिकंदर सिंह,अमन राज,जाटा शंकर सिंह आदि मौजूद थे।

# माई डोली चढ़ी अईली सेवक घरवा



प्रातः किरण संवाददाता

आदापुर। माई डोली चढ़ी अईली सेवक घरवा, भक्तों की लगी है कतार भवानी आदि भक्ति गीतों पर थिरकते भक्तों की झुंड ने शारदीय नवरात्रि के सप्तम दिवस बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न देवी पंडालों से डोली यात्रा निकाली। डोली यात्रा में रथ पर विभिन्न देवी-देवताओं के वेशभूषा पहने भक्त काफी उत्साहित थे। उधर प्रखंड क्षेत्र के नकरदेई थाना अंतर्गत कटकेनवा चौक पर स्थापित देवी पंडाल से भक्तों ने डोली यात्रा निकाली। जय-जयकारों के संग भक्तों ने ग्राम भ्रमण किया। फिर एक दिन पूर्व निर्मंत्रित बिल्व तरु से देवी की बिल्वफल रुपी प्रतिरुप लेकर पंडाल तक आए। उक्त बाबत मां चैनिया दुर्गा पूजा समिति कटकेनवा को अध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा ने बताया कि उल्लेखित स्थान पर विगत 25 वर्षों से देवी का पूजन हो रहा है ।इस वर्ष गतिशील मूर्तियां स्थापित की गयी है। साथ ही समाजसेवी किशोरी पटेल ने बताया कि शारदीय नवरात्रि का महात्म्य सर्वोत्तम है। देवताओं ने दैत्यों से परास्त होकर आद्या शक्ति की प्रार्थना की थी और उनकी पुकार सुनकर देवी माँ का आविर्भाव हुआ। उनके प्राकट्य से दैत्यों के सँहार करने पर देवी माँ की स्तुति देवताओं ने की थी। उसी पावन स्मृति में शारदीय नवरात्रि का महोत्सव मनाया जाता है। डोली यात्रा में प्रकाश गिरि, किशोरी पटेल, कामेश्वर पटेल, विष्णुकांत मिश्र, भरत पटेल, जटाशंकर पटेल, मुन्ना कुशवाहा, सचिदानंद कुशवाहा, शंभू साह,भूकन राम, रामदेवी पासवान, पारसनाथ साह आदि थे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हुई प्रसव पूर्व जांच

प्रातः किरण संवाददाता

बेतिया । जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच महिला चिकित्सक, नर्स व स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में की गई। नरकटियागंज अनुमण्डलीय अस्पताल में 105 महिलाओं की एएनसी जाँच की गई। अनुमण्डलीय अस्पताल बगहा के उपाधीक्षक डॉ अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि 105 महिलाओं की जाँच हुई है। एएनसी जाँच के साथ हीमोग्लोबिन, शुगर, एचआईवी, बीपी, वजन आदि की भी जाँच की गई। आयरन, कैल्सियम की गोली व अन्य दवाओं का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर महिला चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचाव को लेकर लौह तत्व युक्त हरी पत्तेदार साग-सब्जी, फल, दूध, अंडा, मांस-मछली, चुकंदर, केला, मौसमी फल आदि खाने की सलाह दी।

सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने बताया कि गर्भावस्था में पोषक तत्वों की आवश्यकता बढ़ जाती है। इस दौरान पर्याप्त मात्रा में कैल्सियम, आयरन लेने से समय से पूर्व नवजात की मृत्यु को रोका जा सकता है। कैल्सियम लेने से माता की हड्डियां मजबूत होती हैं। मां के दूध में कैल्सियम की मात्रा बढ़ने से नवजात की हड्डियों का विकास भी अच्छा होता है। गर्भवती महिलाओं को एनीमिया से बचने के लिए आयरन की 180 गोली प्रसव से पहले व 180 गोली प्रसव के बाद 6 महीने तक लेनी चाहिए। इससे खून की कमी का खतरा नहीं रहता एवं जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहते हैं।

**मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी हेतु एएनसी जांच जरूरी:**

डॉ अशोक तिवारी ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी करने के लिए एएनसी जांच को सबसे महत्वपूर्ण बताया गया है। जांच के जरिये गर्भावस्था की गंभीर जटिलताओं को समय रहते दूर करते हुए माता और शिशु के प्राणों की रक्षा की जा सकती है। जिले के सभी अस्पतालों के साथ-साथ सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अन्तर्गत प्रत्येक महीने एएनसी जांच की जाती है। इस दौरान जांच को आई गर्भवती महिलाओं की हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी), एचबी प्रतिशत, एचआईवी, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज आदि का परीक्षण किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सरकारी अस्पताल में हर माह की 9 एवं 21 तारीख को आरोग्य दिवस का आयोजन कर एएनसी जांच के साथ ही महिलाओं को सुरक्षित प्रसव, परिवार नियोजन के विषय में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जानकारी दी जाती है। इस मौके पर डॉ ए के तिवारी, डॉ विनय कुमार, डॉ संजय गुप्ता, डॉ सुनिष्ठा कुमारी, डॉ रोकोया यास्मीन, डॉ राजीव कुमार, डॉ अमृता मशु, मनी पाण्डेय, डॉ मुन्ना कुमार, शालिनी, एएनएम अनुपमा, जीएनएम किरण, शहजादी, सरला, राधिका, जीपी त्यागी आदि उपस्थित थे।

# सारण जिला में इस चरण के लिये 850 के शेष लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक 253 आवेदन प्राप्त

**■ जिलाधिकारी ने लक्ष्य से दोगुना आवेदन सृजित कराने का सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया स्पष्ट निदेश**

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम परिवहन व्यवस्था एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है ।मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के 11 वें चरण में व्यवसायिक सवारी वाहनों के क्रय पर राज्य सरकार द्वारा 50 प्रतिशत (अधिकतम 1 लाख रुपये) तथा ई-रिक्शा के क्रय पर 70 हजार रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। इस चरण में सारण जिला में कुल शेष लक्ष्य 850 निर्धारित है। इस लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक मात्र 253 आवेदन सृजित हुये हैं।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के क्रम में लक्ष्य के विरुद्ध कम आवेदन सृजित करने को लेकर काफी अप्रसन्नता व्यक्त किया ।उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लक्ष्य से दोगुना आवेदन सृजित करने का टास्क दिया। अधिक से अधिक अर्हता प्राप्त इच्छुक लोगों से आवेदन सृजित करने को कहा गया। कुछ प्रखण्डों में लक्ष्य के विरूद्ध काफी कम आवेदन सृजित हुये हैं, इसपर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त किया ।पानापुर,अमनौर, दिघवारा,जलालपुर, एकमा, मशरख, इसुआपुर, तरैया एवं लहलादपुर में लक्ष्य के विरूद्ध काफी कम आवेदन सृजित होने के कारण संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अधिक से अधिक आवेदन सृजित करने का स्पष्ट रूप से निदेश दिया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में बस पड़ाव के निर्माण हेतु परिवहन विभाग द्वारा सारण जिला के लिये 62 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।इसमें से जिला में अबतक 15 बस पड़ावों का निर्माण किया गया है। शेष लक्ष्य के अनुरूप बस पड़ाव के निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल चयन करने का निदेश अंचलाधिकारी मढ़ौरा, सोनपुर, पानापुर, तरैया, अमनौर,परसा, मशरख, गड़खा मांझी, सदर,एकमा , दिघवारा एवं लहलादपुर को दिया गया।

# पूजा पंडाल में माता का खुला पट दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

प्रातः किरण संवाददाता



बेतिया( कुमार अभिजितम )। बैरिया प्रखंड क्षेत्र के सभी पूजा पंडालो में बुधवार के दिन शारदीय नवरात्रि के अवसर पर धूमधाम से माता का डोली यात्रा निकाला गया जो सभी पूजा पंडालून में माता रानी का पाठ खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का भीड़ उमर पाड़ा जिसमें खासकर प्रखंड क्षेत्र के ताधवा नंदपुर पंचायत अंतर्गत बरगछिया भेड़ी हरवा बैरिया लौकरिया बलुआ रामपुर तिलंगई मठ गांव के मंदिर परिसर में माता भगवती का पूजा अर्चना किया गया माता का पट खुलते ही सभी भक्तजन श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने माता दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि माता का दर्शन किए एवं अपनी मुराद पूरा करने के लिए पूजा अर्चना किया । इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने बाजे गांजे के साथ डोली यात्रा निकाला एवं बैरिया टांड़ पर बेर पूजन पूजा प्रधान नथनी यादव एवं उनके धर्मपत्नी प्रभावती देवी ने किया पंडित अवधेश पांडेय ने बताया माता दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि माता को शुभंकरी यानी शुभ करने वाली देवी के नाम से भी जाना जाता है डोली यात्रा में माता की जय घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हुआ मौके पर पुजा कमिटी के विंध्याचल पटेल , गोपाल पटेल, रामप्रवेश यादव,विनय यादव, गुंजन कुमार ,राहुल कुमार, सत्यांशु कुमार करण कुमार ,मुन्ना यादव ,राहुल यादव, रोहित यादव ,प्रेम शंकर पटेल, मोगल आलम ,राजू यादव , नीरज कुमार ,विवेक कुमार, आदि लोग शामिल रहे

# सीएसपी कर्मी पर अपराधियों ने चलाई गोली

प्रातः किरण संवाददाता

माँझी। माँझी थाना क्षेत्र के सन्यासी बाजार के समीप बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे अज्ञात अपराधियों ने एक सीएसपी कर्मी पर गोली चला दी। लेकिन गोली सीएसपी कर्मी को नहीं लगी और वह जान बचाकर भागने में सफल रहा। इस संबंध में कर्मी द्वारा माँझी थाने में एक लिखित आवेदन दिया गया है। दिए गए आवेदन में माँझी थाना क्षेत्र के डुमरी निवासी सुभाष भगत का पुत्र रंजन भगत ने बताया है कि प्रतिदिन की तरह बुधवार को भी वह अपने गाँव डुमरी से लगभग 10:00 बजे सन्यासी बाजार स्थित इंडियन बैंक के अपने सीएसपी शाखा पर जा रहा था। इस बीच उसने देखा कि सन्यासी बाजार के समीप नहर के किनारे पहले से तीन बाइक के साथ कुल आठ लोग खड़े हैं। वह जैसे ही वहाँ पहुंचा उन लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह बाइक को तेज गति में लेकर भागने लगा। तभी पीछे से किसी ने गोली चल दी हालाँकि उसे गोली नही लगी और वह बाल बाल बच गया। बाद में सन्यासी बाजार पर पहुँचकर वहाँ मौजूद लोगों को उसने घटना की जानकारी दी। बाद में घटना की सूचना पाकर पहुँची पुलिस गाँव में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर अपराधियों की निशानदेही में जुट गई है। हालाँकि पुलिस को अभी तक इस मामले में कोई सफलता हाथ नहीं लग सकी है।

# छपरा में 30 पुरूषों ने करायी नसबंदी , सरकार देगी प्रोत्साहन राशि

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। पुरुषों में अभी भी मिथक हैं कि नसबंदी से वो कमजोर हो जाएंगे। मर्दानगी खत्म हो जायेगी। इन तमाम भ्रांतियों और मिथकों को दरकिनार कर सारण जिले में 30 पुरूषों ने परिवार नियोजन कार्यक्रम में अपनी सहभागिता को सुनिश्चित कराते हुए सफल नसबंदी करायी है। दरअसल जिले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से 17 से 30 सितंबर तक मिशन परिवार विकास अभियान चलाया गया था। परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चलाए गए मिशन परिवार विकास अभियान के तहत सारण जिले में 30 पुरुषों ने नसबंदी कराने का साहस दिखाया है। इस पहल ने उन मिथकों को दरकिनार किया है जो पुरुषों में नसबंदी के प्रति संकोच और भ्रांतियों का कारण बनते हैं। इस दौरान सबसे अधिक मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुरूषों का नसबंदी हुआ है। मांझी में 9 और छपरा सदर अस्पताल में 5, एकमा में 4 इसी तरह से पूरे जिले में कुल 30 पुरूषों का नसबंदी किया गया है। इस अभियान ने सारण जिले में नसबंदी को लेकर जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वास्थ्य विभाग की कोशिश है कि भविष्य में और अधिक पुरुष इस दिशा में कदम बढ़ाएं और परिवार नियोजन में सहयोग दें। जिला स्वास्थ्य समिति के डीसीएम सह परिवार नियोजन के नोडल पदाधिकारी ब्रजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुरुष नसबंदी के बाद किसी भी तरह की शारीरिक या यौन कमजोरी नहीं आती है। यह पूरी तरह सुरक्षित और आसान है। लेकिन अधिकांश पुरुष- अभी भी इसे अपनाने में हिचक रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि कहीं ना कहीं समुदाय में अभी भी पुरुष नसबंदी से संबंधित जानकारी का अभाव है। उन्होंने बताया कि नसबंदी के प्रति पुरुषों की उदासीनता की सबसे बड़ी वजह इससे जुड़ी भ्रांतियां हैं। लेकिन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, विश्व स्वास्थ्य संगठन, सेंटर फार डिजिज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन जैसे आधिकारिक एजेंसियों के सर्वे और शोध इन अफवाहों और मिथकों का पूरी तरह खंडन करते हैं। उनका कहना है कि पुरुष नसबंदी से ना ही शारीरिक कमजोरी होती है और ना ही पुरुषत्व का क्षय होता है। दंपती जब भी चाहे इसे अपना सकते हैं। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि परिवार नियोजन में महिलाओं के साथ पुरुष की भी अहम भूमिका होती है। दो बच्चों के बाद यदि किसी कारण से महिला नसबंदी नहीं कर सकती है ।

# एसएसबी 65 वीं बटालियन ने बाढ़ पीड़ितों के बीच पोष्टिक आहार का वितरण किया

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। बगहा स्थित सशस्त्र सीमा बल 65 वी बटालियन ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों के बीच राहत खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान एसएसबी ने मेडिकल कैंप के साथ ही बाढ़ पीड़ितों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराए। बतादें ,बगहा के कैलाशनगर में सशस्त्र सीमा बल की ओर से राहत वितरण कैंप का आयोजन किया गया वहीं चिकित्सकों की टीम ने मेडिकल कैंप लगाकर प्रभावित लोगों का इलाज और मुफ्त दवाओं का भी वितरण किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर परिषद बगहा की उप सभापति रश्मि रंजन शामिल हुई।

बतातें चलें की एसएसबी ने बाढ़ के दौरान रेस्क्यू दल का गठन किया था जो प्रभावित गांवों में पहुंच कर लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाई थी । अब कैलाशनगर के करीब 800 बाढ़ पीड़ित परिवारों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया।इस दौरान मेडिकल कैंप में दवा इलाज के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी । 65 वी बटालियन के कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा ने बताया कि एसएसबी की टीम लगातार बाढ़ राहत कार्य चला रही है। आपदा के इस घड़ी में एसएसबी आम जनता के साथ मजबूती से खड़ी है । वही उपसभापति रश्मि रंजन ने कहा कि एसएसबी का कार्य काफी सराहनीय है। सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में लगातार 65 वी बटालियन काम कर रही है। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट अभिषेक सुहानी , सहायक कमांडेंट सौरव कुमार के साथ ही एसएसबी के तमाम अधिकारी और जवान मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### विभिन्न कांडो में फरार चल रहा यूट्यूबर धराया

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर और पटना जिले के विभिन्न कांडो में फरार चल रहे एक चर्चित यूट्यूबर को कोईलवर पुलिस ने मंगलवार को धर दबोचा। पकड़ा गया यूट्यूबर जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के नोनाडीह निवासी रामबालक राय का पुत्र चितरंजन राय है जो अपना यूट्यूब चैनल चलाता है। इस बाबत सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त चितरंजन राय है जो भोजपुर जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के नोनाडीह का रहने वाला है। जिसपर भोजपुर समेत पटना जिले में भी कई मामले दर्ज हैं। दर्ज मामलों में फरार चल रहे चितरंजन राय के बारे में सूचना मिली कि वह आरा आया हुआ है जिसके बाद कोईलवर थानाध्यक्ष द्वारा टीम बनाकर छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान ही उसे आरा से धर दबोचा गया।पकड़े गए अभियुक्त पर जिले के बड़हरा थाना में कांड संख्या 157/24,कोईलवर थाना में कांड संख्या 310/23 दर्ज है वहीं पटना जिले के कदमकुआं थाने में कांड संख्या 322/23 और मनेर थाना में कांड संख्या 679/24 दर्ज है। पुलिस को इन सभी मामलों में उसकी तलाश थी। पकड़े जाने के बाद बुधवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### वंचित समाज को शिक्षित करेंगे राकेश,बने असिस्टेंट प्रोफेसर



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एसबी कॉलेज के अतिथि सहायक प्राध्यापक डॉ राकेश कुमार रंजन के सहायक प्राध्यापक पद पर बहाल होने पर कई लोगों ने बधाई दी है। बता दे कि राकेश कुमार रंजन की नियुक्ति भौतिकी विषय में बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग से हुई है। राकेश कुमार रंजन को प्रचार्या डॉ पूनम कुमारी ने बधाई देते हुए कहा कि राकेश शुरू से ही अच्छे शिक्षक है। मालूम हो कि राकेश कुमार रंजन शुरू से ही मेधावी रहे है।इनकी शिक्षा आरा में हुई है। बताया कि हमारा लक्ष्य है कि शोषित सहित सभी समाज के वैसे बच्चे जो शिक्षा से वंचित है उन्हे शिक्षित किया जाय।बताया कि इसके लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे।बधाई देने वालों में डॉ श्वेता कुमारी, डॉ बिंकटेश्वर चौधरी, डॉ आदित्य कुमार, डॉ राकेश चौधरी, डॉ पंकज कुमार, प्रो उमेश कुमार राय आदि शिक्षक शामिल है।

### बाढ़ पीड़ितों के मदद के लिये समाजसेवी व राजनितिक दल ने बढ़ाया हाथ

प्रातः किरण संवाददाता

बिरौल(दरभंगा)। गौड़ा बौराम एवं किरतपुर में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिये समाजसेवी,विभिन्न राजनीति दल आगे आ रहे है। इस क्रम में वीआईपी के सुप्रीमो मुकेश सहनी की ओर से लगातार आठ दिनों से बाढ़ पीड़ितों के बीच बिरयानी एवं मछली, भात वितरण किया जा रहा है। वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सहनी अपने दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ बाढ़ प्रभावित इलका गौड़ा बौराम क्व पुनाच, मलय, चतरा, रही टोल, किरतपुर के जमालपुर, भुबोल समेत अन्य प्रभावित इलाकों में जरूरत के सामान बांटे। वीआईपी पार्टी की ओर बाढ़ पीड़ितों के बीच भोजन वितरण कार्य जारी रहेगा। मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बैधनाथ सहनी, जिलाध्यक्ष बिनोद बम्पर,घूरन सहनी, सजन सहनी, राजेन्द्र सहनी समेत लोग मौजूद थे।

### हुंडई मोटर ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश का रखा प्रस्ताव

प्रातः किरण संवाददाता

पटना/दुगार्पुर। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार, हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने 15 अक्टूबर को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश खोलने का प्रस्ताव रखा है। एंकर निवेशक बोली लगाने की तिथि बोली-ऑफर खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पहले है, जो 14 अक्टूबर है। बोली-ऑफर बंद होने की तिथि 17 अक्टूबर है। ऑफर का मूल्य बैंड 1,865 रूपए प्रति इक्विटी शेयर से 1,960 रूपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है।

न्यूनतम 7 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 7 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोलियां लगाई जा सकती हैं। यह प्रस्ताव प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) नियम, 1957 के नियम 19(2)(बी) के अनुसार किया जा रहा है। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

# आरण्य देवी के दर्शन के लिए उमड़ी आस्था की भीड़

## हजारों की संख्या में महिला पुरुष भक्तों ने माता के दरबार में टेका मत्था

● आरा शहर की अधिष्ठात्री देवी है मां आरण्य देवी

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को देवी दुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि की पूजा-अर्चना की गई। सप्तमी तिथि को पूजन करने के लिए पूजा पंडालों एवं मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में पूजन एवं दर्शन को लेकर बुधवार की अहले सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। हजारों की संख्या में महिला पुरुष भक्तों ने माता के दरबार में माथा टेक कर पूजा अर्चना की। इसके पूर्व मां आरण्य देवी के मंदिर में कोलकाता के सुप्रसिद्ध फूल-श्रृंगार के कारीगर द्वारा आकर्षक सजावट एवं माता का श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात शनिवार की सुबह साढे.4 बजे मंगला आरती हुई, जिसमें मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष श्रवण जलान, मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार एवं मारवाड़ी समाज के लोग सहित सैकड़ों की संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

मंगला आरती के पश्चात भक्तो के बेसन से निर्मित बुंदिया का प्रसाद वितरित किया गया। आरती के बाद हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने माता के दरबार में हाजिरी लगाकर पूजा अर्चना की।

शाम 4 बजे मंदिर में दीप जलाने के लिए महिलाओं एवं युवतियों की भारी भीड़ उमड़ी रही। संध्या समय 8 बजे मां की भव्य आरती की गई, जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

मंदिर परिसर में व्यवस्था को लेकर मां आरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक भीम सिंह भवेश, सचिव अरविंद कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार जलान, राजू मेहता, संतोष सिंह, अशोक सिंह, नवीन प्रकाश, गजेंद्र सिंह, मनोज कुमार पांडेय, संजय मिश्रा, रंगनाथ मिश्रा, गोलू मिश्रा, कन्हैया प्रसाद, सोनू कुमार उर्फ रिशु समेत अन्य सक्रिय रहें।

# प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन भोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री राज को अंग वस्त्र से किया गया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन भोजपुर के अध्यक्ष मैडम स्मिता सिंह के निर्देशन में सचिव एन के पांडे ,विनोद शाह ,विकास परिहार और निर्मल कुमार सिंह प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन भोजपुर के जिला सम्मेलन में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र लेकर भोजपुर एसपी मि०राज से मिलकर सम्मेलन में शामिल होने को कहा गया है जिसको भोजपुर एस पी ने कहां की मैं जिला सम्मेलन में उपस्थित रहूंगा। इसके उपरांत पसावा की टीम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी हसन सर से मिलकर जिला सम्मेलन में उपस्थित होने को निमंत्रण दिया गया है जिसको जिला शिक्षा पदाधिकारी हसन सर स्वीकार करते हुए कहा कि मैं सम्मेलन में शामिल रहूंगा। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन आप सभी को हार्दिक अभिनंदन एवं बंधन करते हैं।

## डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा नवरात्र के अवसर पर माता दुर्गा एवं नौ देवियों की गई पूजा अर्चना व आरती

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल,मौलाबाग ,पुरानी पुलिस लाइन,आरा में नवरात्र के अवसर पर माता दुर्गा एवं नौ देवियों की पूजा अर्चना व आरती की गई। नवदुर्गा का रूप लेकर विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहन झांकी की प्रस्तुति दी निदेशक अंकुर आनंद वर्मा ने नवदुर्गा को चुनरी भेंट कर नवदुर्गा का विधिवत पूजन कर नवदुर्गा से आशीर्वाद लिया । तथा सभी देवियों को प्रणाम किया साथ ही साथ सभी शिक्षकों ने नौ दुर्गा की पूजा की । नौ देवियों के रूप में विद्यालय की छात्रा आर्य नंदिनी, प्रियंका, गौरीशा कुमारी, एनवी राजपूत, ट्विंकल कुमारी आद्रिका कुमारी, अनन्या कुमारी अंशिका कुमारी, आकृति कुमारी क्रमशः पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कूष्मांडा, पांचवी स्कंध माता, छठी कात्यायिनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी और नौवीं सिद्धिदात्री। ये मां दुर्गा के नौ रुप मैं विद्यालय की छात्राएं विद्यालय को सुशोभित कर रही थी ऐसा लग रहा था कि जैसे नवरात्र में नवदुर्गा के दर्शन विद्यालय के प्रांगण में ही हो गया।उसके पश्चात नवरात्र पर डांडिया का आयोजन किया गया डांडिया में छात्र-छात्राओं मैं खूब मस्ती की तथा तथा शिक्षकों ने भी डांडिया गरबा किया। उसके बाद सभी छात्र-छात्राओं को मिठाइयां बांटी गई। डीपीएस इंटरनेशनल के निदेशक अंकुर आनंद वर्मा ने पूरे विद्यालय परिवार की तरफ से भोजपुर वासियो को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा की पूरा भोजपुरी नवरात्र के पावन पर्व पर नौ देवियों की आराधना कर रहे सभी व्यक्तियों की मनोकामना पूर्ण हो। विद्यालय की शिक्षिका शिप्रा पांडे, रोजी पांडे,दीप्ति कुमारी,सानिया नाज, अर्चना सिंह, सरोज पांडे,अक्षय कुमार तथा अन्य शिक्षकों ने पूरे कार्यक्रम को सफल बनाया।

## भाजपा की हरियाणा में ऐतिहासिक जीत और जम्मू कश्मीर में शांतिपूर्ण सफल चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा मे ऐतिहासिक हैट्रिक जीत और जम्मू काश्मीर मे पार्टी के प्रदर्शन पर आरा परिसदन में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता किया।

जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते.हुए कहा कि हरियाणा की जीत ऐतिहासिक जीत है।हरियाणा मे विकास को लोगो ने प्राथमिकता देते हुए लगातार तीसरी बार भाजपा को बहुमत दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नीतियो और नेतृत्व के बल और कार्यकताओं के समर्पण से यह ऐतिहासिक जीत प्राप्त हुआ है।जम्मू काश्मीर मे शांतिपूर्वक चुनाव कराना केन्द्र सरकार की उपलब्धि है।

बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और विदेश मे भारत का मान-सम्मान बढ़ा है।आज मोदी जी विश्वव्यापी नेता बन गए है। हरियाणा का चुनाव परिणाम आने के पहले मीडिया और विपक्षी कॉंग्रेस द्वारा भाजपा को कम सीट दिया जा रहा था,लेकिन परिणाम मे भाजपा का बहुमत आने पर देश के भाजपा कार्यकताओ मे जोश और दोहरी शक्ति प्रदान किया। हरियाणा मे सभी वर्गो का वोट भाजपा को प्राप्त हुआ। दलित, महिला,युवा किसानों का साथ देश मे भाजपा के साथ है।प्रधानमंत्री के नेतृत्व को सभी ने माना है। जम्मू काश्मीर में पहली बार लोगो ने खुलकर मतदान किया।अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहला चुनाव शांतिपूर्ण रहा।कही कोई बड़ी घटना घटित नही हुआ।पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी हमला और देश के अस्थिर करने के मंसूबे को केन्द्र सरकार ने नकार दिया।आज केन्द्र सरकार की उपलब्धि है कि काश्मीर घाटी मे शांति व्याप्त है। भाजपा का काश्मीर घाटी मे प्रदर्शन विपरीत परिस्थितियों मे भी सराहनीय रहा। बाढ़ आपदा पर पूर्व मंत्री ने कहा कि भोजपुर जिला के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो के लोगो के खातों मे पैसा जा रहा है। दो-तीन दिनो मे सभी के खाते मे पैसा चला जाएगा।सभी बाढ़ पीड़ितों को बाढ़ आपदा की राशी मिलेगा।

## डांस इज लाइफ आर्ट एंड स्टडी सेंटर के तत्वाधान में दिल से डांडिया का किया गया आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । स्थानीय चंदवा मोड़ स्थित डंस इज लाइफ आर्ट एंड स्टडी सेंटर के तत्वाधान में दिल से डांडिया का आयोजन किया ।

जिसका उद्घाटन महापौर इंदु देवी एवं सीपी जैन , संस्था की संरक्षिका शशिकला दीक्षित एवं मधुलिका सिंह ने दीप प्रज्वलित कर साथ ही साथ नव कुंवारी कन्या का पूजन कर किया । तत्पश्चात बच्चों ने महाशक्ति दुर्गा ,गरबा, डांडिया कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया ।सभी अतिथि ने हे राम रे सबसे बड़ा तेरा नाम ,सची रे मारी सच रे भवानी ,रमती आवे माड़ी,अम्बा रे आओ जगदंबा रे आओ आदि गीत पर बच्चों के साथ मिलकर डांडिया एवं गरबा खेला ।

अतिथि का स्वागत संस्था के निदेशक आशुतोष दीक्षित ने अपने अभिभाषण से किया । मंच संचालन आद्रिका कौशल ने किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता शुभिका अंजलि एवं वामिका कौशल ने किया । इस उपलक्ष पर अभिषेक ,साहिल , गोलू, अदिति , एवं। बच्चों के साथ उनके अभिभावक व अतिथि मौजूद रहे ।

# मां दुर्गा का खुला पट, दर्शन को उमड़े श्रद्धालु पूरे दिन मां की होती रही पूजा-अर्चना



प्रातः किरण संवाददाता

दावथ (रोहतास) नवरात्रि की सप्तमी तिथि ,बुधवार को दुर्गा पंडालों एवं देवी मंदिरों में मां दुर्गा का पट खुलते ही भक्तों की भीड़ मंदिरों में उमड़ी। साक्षात मां के दर्शन करने को उतावले हर उम्र के भक्त पूजा पंडाल तक पहुंचने लगे। पूरे दिन मां की पूजा-अर्चना होती रही। भक्त भी मां की आराधना में लीन रहे। वहीं श्री दुर्गा पूजा समिति दावथ के प्रांगण में वैदिक मंत्रों के साथ पूज अर्चना करा कर मां का पट खुलवाया। पूजा स्थल पर भी जय माता दी की उद्घोष के बीच मां के दर्शन को भक्तों का तांता लगा रहा। पट खुलने के बाद से ही लगातार पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में लोगों ने मां दुर्गा की पूजा की। इस दौरान भक्तों ने मां के दर्शन कर परिवार की सलामती की मन्नत मांगी। शुभ मुहूर्त में घंटे-घड़ियाल एवं शंख ध्वनियों के बीच पट खोलने का सिलसिला शुरू हो गया। भक्ति गीतों की गूंज उठने लगी। या देवी सर्व भूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता जैसे महामंत्र से गूंजते रहे। प्रखंड क्षेत्र के दावथ, बभनौल,मालियाबाग, कोआथ,योगिनी, चौराती आदि जगहों पर दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालु हुए पूजा-पाठ करते दिखे गए।वही पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन भी हर जगह दल बल के साथ नजर आए।

## आर्यन स्कूल ने धूमधाम से मनाया अपना रजत जयंती



प्रातः किरण संवाददाता

आरा भोजपुर। स्थानीय आर्यन स्कूल के प्रांगण में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी, गड़हनी अर्चना कुमारी के कर कमलों द्वारा रजत ध्वज का ध्वजारोहण कर स्कूल के रजत जयंती के मुख्य कार्यक्रम से पुर्व के त्रैमासिक गतिविधियों का शुभारंभ किया गया। ढोल नगाड़ों के कर्णप्रिय ध्वनि व गगनचुम्बी पटाखों के नभभेदी प्रकाश के बीच रजत मशाल प्रज्वलित करते हुये मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की तथा आशा व्यक्त किया कि भविष्य में स्कूल अपने उद्देश्यों के प्रति मिल का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर कामयाबी गीत के बीच तिरंगा व मशाल के साथ छात्र-छात्राओं ने भव्य परेड की ओजपुर्ण प्रस्तुति दी। इससे पुर्व अंगवस्त्र व गुलदस्ते से प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।अपने स्वागत संबोधन में प्रधानाचार्य बाबूराम पांडेय ने बताया कि रजत जयन्ति का मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्यारह दिसम्बर को होना है, इस बीच प्रत्येक सप्ताह शिक्षण के साथ साथ स्कूल में सुलेख, सामान्य ज्ञान, वाद विवाद, रंगोली प्रतियोगिता के साथ साथ आर्ट एण्ड क्राफ्ट, टेराकोटा, मेहंदी, चेस, वॉलीवॉल, आओ खेलें खेल, बैडमिंटन, सरीखे ज्ञानवर्धक व जीवनोपयोगी रोजगारपरख गतिविधियों का आयोजन होना है। आज के इस भव्य उद्घाटन सत्र का संचालन शिक्षिका प्रियांशु शर्मा, अंशिका उज्जैन, अन्वी शौर्या, शेफाली कुमारी, खुशी कुमारी, शाम्भवी कुमारी ने किया। वहीं संबोधन सत्र का संचालन शिक्षिका पशुपति कुमारी, संध्या सिंह, सविता कुमारी एवं तनुजा वर्मा के द्वारा किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक विनोद कुमार राय तथा धन्यवाद ज्ञापन उपनिदेशक विजय कुमार ठाकुर ने किया। एक ओर जहां परेड का नेतृत्व शिक्षक जय किशोर शर्मा, राम कुमार सिंह, विनय शंकर तिवारी, निशांत आदि थे।

## शारदीय नवरात्र के सप्तमी तिथि की संध्या में निकली कलश यात्रा

काराकाट(रोहतास) काराकाट, प्रातः किरण। नगर पंचायत के गोडारी स्थित सब्जी मंडी दुर्गा स्थान पंडाल परिसर से शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि की संध्या बुधवार को आचार्य पंडित शचितानंद दुबे के नेतृत्व में राधे कृष्णा की झांकी और हाथी-घोड़े व बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे हजारों पुरुष, महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया । कलश यात्रा पूजा पंडाल से आरंभ होकर एनएच 120 पथ स्थित बहुआरा काली मंदिर सहित नगर की भ्रमण करते हुए गोडारी नहर छठ घाट पर आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी की । इसके बाद कलश यात्रा पूजा पंडाल पहुंच संपन्न हो गई। आचार्य ने बताया कि सप्तमी तिथि को इस जल से पूजा अर्चना कर संध्या से मां की पट भक्तो के लिए खोल दी जाएगी । कलश यात्रा के दौरान जयकार एवं देवी गीत के साथ राधे कृष्णा की झाकियों से पूरे नगर की वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में 51 कन्या के अलावा काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। इस दौरान पूजा समिति के सदस्य सक्रिय थे। पिछले 58 वर्षों से इसी दुर्गा स्थान पर धूम-धाम से लगातार दुर्गा पूजा मनाई जा रही है । मौके पर उपमुख्य पार्षद रविश रंजन, अनिल पासवान, प्रकाश तिवारी,एसआई अंजली कुमारी, एसआई रोहित कुमार, पूजा कमेटी के सदस्यों में अध्यक्ष -विशाल भारती, कोषाध्यक्ष-प्रशांत कुमार, सचिव -दिलीप कुमार, उमाशंकर, ओम कुमार, कुंदन पासवान, पिंटू कुमार, पवन कुमार, गोपाल कुमार, संतोष कुमार यादव, संजय कुमार, रंजन चौरसिया, ललन सोनी, रमाशंकर आदि श्रद्धालु शामिल थे ।

## सीएस ने किया गड़हनी में नवनिर्मित सीएचसी भवन का निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

गड़हनी। बुधवार के दोपहर में भोजपुर सिविल सर्जन शिवेन्द्र कुमार सिन्हा ने गड़हनी में बना नवनिर्मित सीएस बिल्डिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चिकित्सक सुनील महेन्द्र कपूर, स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार, चिकित्सक विवेक कुमार सिंह उपस्थित रहे। वही नई बिल्डिंग में बना ओपीडी रूम, लेबर रूम, दवा स्टोर रूम, दवा काउंटर, रोगी प्रतीक्षालय सहित बिल्डिंग में बना सभी रूम का निरीक्षण किया। बता दे कि गड़हनी पीएचसी सीएससी में तब्दील हो चुका है। जिसको ले सीएससी का नई बिल्डिंग बन कर तैयार हो चुका है, इसका उद्घाटन भी सितंबर माह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर चुके है लेकिन अभी रोगियों के लिये हैंड ओवर नही किया गया है।

## दुर्गा पूजा में विद्युत व्यवस्था को लेकर नियंत्रण कक्ष का हुआ गठन



बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रशाखा बिक्रमगंज में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार द्वारा बताया गया कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत अनुरक्षण एवं संपोषण संबंधित कार्यों का निरीक्षण हेतु कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बताते चलें कि मां दुर्गा का पट खुलने के पश्चात दर्शन और पूजन करने के लिए लोगों की भीड़ पूजा पंडालों पर जुटेगी। शाम में लोग घरों से लाइटिंग और पंडालों के साथ मां दुर्गा को देखने के लिए परिवार के साथ निकलेंगे। जिस दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के विभिन्न प्रशाखा क्षेत्रान्तर्गत दुगार्पूजा पंडालों में सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज, कनीय विद्युत अभियंता,कस्टमर केयर,पावर हाउस का नम्बर प्रसारित की गई है। जिसमें विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज नियंत्रण कक्ष का नम्बर सहायक विद्युत अभियंता का मोबाइल नंबर 7763814621,कनीय विद्युत अभियंता 7763814400,कस्टमर केयर 7033095842,पावर हाउस बिक्रमगंज 77638181 67, पावर हाउस नोनहर 9264195188 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बखोरापुर मंदिर में नवरात्रि पर 24 घंटे का अखंड हरीनाम संकीर्तन का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । बड़हरा प्रखंड के पंचायत बखोरापुर मंदिर प्रांगण में नवरात्रि के शुभ अवसर पर 24 घंटे का अखंड हरीनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया. इस मौके पर पहुंची राष्ट्रीय स्तर की प्रवचन कर्ता सुदीक्षा जी महाराज का भव्य स्वागत किया गया. उन्हें मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह सुनील सिंह गोपाल तथा मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा के द्वारा फूल माला तथा माता की चुनरी से स्वागत किया गया. साथ में उपस्थित सभी मीडिया कर्मी तथा आगंतुक अतिथियों सहित कुल 251 लोगों को सम्मानित किया गया. सदीक्षा जी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि धर्म के कार्य में दिया गया चंदा जीवन में आने वाले बड़े-बड़े परेशानियों को चट्टान बनकर उन्हें रोक देता है. तथा उस व्यक्ति को मदद करता है इसलिए धार्मिक अनुष्ठान में जितना संभव हो मदद करना चाहिए तथा किसी भी असहाय व्यक्ति का मदद करना चाहिए. जो लोगों की मदद करते हैं उनका मदद स्वयं भगवान करते हैं.

आचार्य रामानुजाचार्य श्री धर्मेंद्र स्वामी जी महाराज ने कहा कि उस व्यक्ति का सौभाग्य होता है जो धर्म के कार्य में अपना उपस्थिति दर्ज करता है. यह व्यक्ति के लिए सौभाग्य की बात होती है. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विधि सिंह ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है की माता रानी के दरबार में लोगों की सेवा करने का मौका मिला है.

मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल ने कहा कि जब तक जीवन रहेगा माता रानी के बैनर तले लोगों की सेवा करते रहेंगे तथा कहीं भी किसी भी मंदिर में किसी भी तरह का कार्यक्रम हो चाहे वह विकास करने का हो या कीर्तन करने का हो हम सहयोग करते रहेंगे. दोनों कीर्तन मंडलियों के लोगों को श्री इऊसिंह तथा लक्ष्मण तिवारी ने माता का चुनरी तथा प्रसाद देकर सम्मानित किया 9 अक्टूबर को 1:00 बजे तक कीर्तन गायन होगा तथा उसके बाद पूणार्हुति की जाएगी. नवरात्र को लेकर भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है इसको देखते हुए व्यापक स्तर पर व्यवस्था की गई है.

भीड़ को संभालने हेतु पुलिस बल की भी व्यवस्था की गई है.

इसके लिए मंदिर ट्रस्ट के सभी सदस्य तैयारी में जुट चुके हैं इस मौके पर रवि शंकर सिंह मंगल सिंह कुंवर गुप्ता कंचन जी जितेंद्र सिंह रामनाथ चौरसिया पवन सिंह सत्येंद्र सिंह विनय सिंह धर्मवीर सिंह मेजर राणा प्रताप सिंह शाहिद काफी संख्या में मंदिर ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे.

# रामलीला के सातवें दिन निषाद राज से राम की भेंट और केवट संवाद का हुआ मंचन

प्रातः किरण संवाददाता



आरा- (भोजपुर ) 400 वर्ष पुरानी नगर रामलीला समिति के तत्वाधान में आज सातवें दिन की रामलीला का मंचन हुआ .प्रभु श्री राम का आज निषाद राज से भेंट हुई और गंगा घाट पर केवट से प्रभु श्री राम ने गंगा पार करने के लिए निवेदन किया. इस पर केवट ने श्री राम से कहा कि आपका स्पर्श मात्र से पत्थर स्त्री में बदल गई. प्रभु मेरी नाव तो उससे भी कोमल है अगर यह स्त्री बन गई तो मेरे परिवार का जीविका कैसे होगी. पहले आप मुझे अपने चरण धोने दें. फिर अपने नौका से आपको पर कराऊंगा केवट ने प्रभु श्री राम के पांव धोने के पश्चात उन्हें गंगा पार कराया इस खबर को सुमंत जी ने राजा दशरथ से बताया कि मेरे बार-बार अनुरोध करने पर भी प्रभु श्री राम अयोध्या वापस नहीं आए यह सुनकर दशरथ जी राम-राम का रट लगाते हुए अपने प्राण त्याग दिए यह दृश्य बहुत ही मार्मिक था . चित्रकूट के घाट पर भरत प्रभु श्री राम को वापस लाने के लिए जाते हैं और प्रभु श्री राम के मना करने पर वह निशानी के तौर पर उनके खड़ाऊ लेकर वापस अयोध्या आते हैं वृंदावन की मंडली द्वारा सारा मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो उठे. सर्वप्रथम अपनी प्रथा का निर्वहन करते हुए समिति के सदस्यों ने आमंत्रित किए गए अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया और उसके बाद अध्यक्ष सोनू राय ने आए हुए सभी अतिथियों एवं दर्शकों का अभिवादन किया. कार्यक्रम के माध्यम से सोनू राय जी ने कहा की जागरण के जितने भी कलाकार हैं वह सभी सोशल मीडिया के माध्यम से अपने-अपने परिचय के साथ शहर के नागरिकों को जागरण में आमंत्रित करने का कार्य कर रहे हैं. उन्होंने शहर के लोगों से जागरण को सफल बनाने के लिए निवेदन किया और रोटी बैंक के सदस्यों को उनके कार्य के लिए उनके द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया. कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति देख उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि नारी शक्ति ही देश को महान बनाएगी रामलीला मैं जहां प्रभु श्री राम का महत्व है पुरुष प्रधान होने से वही माता सीता का भी महत्वपूर्ण स्थान है दोनों एक दूसरे के पूरक हैं उम्मीद है आगे भी हमारी माताए और बहने . ऐसे कार्यक्रम में भाग लेकर हमारी सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाएंगी. आज के मुख्य अतिथि में डॉक्टर केएन सिं नहा , डॉ कन्हैया सिंह थे. रोटी बैंक के सदस्यों में राजेश कुमार, राजकुमार, शैलेश कुमार, निकेश पांडे के अलावा सभी सदस्य थे. रोहित सिंह पार्क व्यू संजीत सिंह, समृद्धि होटल, संरक्षक मंडल ; हकीम प्रसाद, रामेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता, मदन प्रसाद ,शंभूनाथ केसरी, गौतम उर्फ.राजा ,विजय भारती, शत्रुघ्न प्रसाद ,मुख्य सचिव शंभूनाथ प्रसाद और समिति के सभी सदस्य आज मौजूद थे इस बात की जानकारी प्रवक्ता पंकज प्रभाकर ने दी.

## खुशी : हरियाणा में भाजपा के हैट्रिक जीत से देश में खिलेगा कमल: डॉ. मनीष

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की तीसरी बार जीत की हैट्रिक ने इतिहास रच दिया है। भाजपा नेता डॉ मनीष रंजन ने भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मंगलवार के दिन अप्रत्याशित जीत मिली। जीत को लेकर कॉन्फिडेंट कांग्रेस के लिए शुरू के दो घंटे बाद तस्वीर ऐसी बदली कि फिर पार्टी की वापसी संभव नहीं दिखी। बीजेपी और कांग्रेस को बराबर के ही वोट प्रतिशत मिले लेकिन, सीटों के मामले में दोनों में 10 से ऊपर का अंतर रहा। वहीं रेस से बाहर मानी जा रही भारतीय जनता पार्टी ने जो बाजी पलटी, उससे तमाम राजनीतिक पंडित भी हैरान है। हरियाणा में भाजपा अप्रत्याशित जीत का श्रेय भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। डॉ रंजन ने यह भी कहा कि बीजेपी ने सत्ता की बाजी लगातार तीसरी बार मार ली है। कांग्रेस की उम्मीदों पर पानी फिर गया है.साथ ही भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह दिनारा पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र सिंह ने कहा कि यह लगातार तीसरी बार भाजपा की जीत का श्रेय हमारे यशश्वी प्रधानमंत्री का है,जिनके प्रति पूरे देश की जनता समर्पित है.उनके नेतृत्व में हरेक राज्य में भाजपा की अप्रत्याशित जीत हो रही है। जीत पर खुशी जाहिर करने वालो में नगर परिषद बिक्रमगंज के पूर्व चेयरमैन सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर सिंह, बिरेंद्र चौधरी,लालबिहारी सिंह ,नंदा पांडे,भीम पांडे आदि थे।

# दुर्गापूजा में अलर्ट मोड पर रहेगा प्रशासन: डीएम

## जिलाधिकारी व एसएसपी ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक, हुड़दंगियों पर सख्ती के निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



गया। दुर्गा पूजा 2024 शांतिपूर्ण एवं सद्भावना आयोजन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा हर स्तर पर पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर पुलिस लाइन गया के परिसर में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम तथा वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती की संयुक्त अध्यक्षता में की गई है।

प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा अलर्ट मोड में कार्य करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने प्रतिनियुक्त सभी अधिकारी को निर्देश दिया कि ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कर्तव्यों के निर्वहन गंभीरतापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि पूजा का आयोजन शांतिपूर्ण हो इस बाबत चुस्त प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ पूजा में व्यवधान करने वाले, सामाजिक माहौल को दूषित करने वाले एवं अफ-वाह फैलाने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए कठोर कार्रवाई करे। रात्रि में श्रद्धालुओं एवं आम जनों का भीड़ मूर्ति प्रतिमा को देखने हेतु एक साथ निकलते हैं इसे देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को रेगुलेट होते रहे इस पर विशेष नजर रखें। कोई भी वाहन सड़क पर खड़ी नही रहे, नजदीकी पार्किंग स्थलों में ही वाहन को लगाए। पूजा,विसर्जन जुलूस ,डीजे पर प्रतिबंध इत्यादि को लेकर निर्देश दिए गए। निर्गत लाइसेंस में निहित शर्तो के पूरी तरह पालन करवाना सुनिश्चित करे। ड्यूटी का टाइमिंग को लेकर गंभीर रहने, कोई कोताही,लापरवाही करने पर कारवाई, नियंत्रण कक्ष, ट्रैफिक व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण इत्यादि को लेकर निर्देश दिए गए हैं।

किसी भी सूरत में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि पॉल्युशन एक्ट के तरह जो मानक है उसे पूरी तरह पालन करवाने को कहा है। विभिन्न पूजा पंडाल आयोजक द्वारा जो भी गाने बजाए जाएंगे उसे संबंधित थाने से वेरीफाई आवश्यक है।

उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन एवं विधि व्यवस्था संधारण प्रशासन के सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, विधि व्यवस्था संधारण, बैरिकेडिंग, विद्युत आपूर्ति, ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन की व्यवस्था सहित सभी बिंदुओं पर एक-एक कर तैयारियों के बारे में सभी अधिकारियों को बताया है। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से भी लगातार नजर रखी जाएगी। भीड़ नियंत्रण हेतु प्रमुख जगहों पर ड्राप गेट भी लगाए जाएंगे। भीड़ नियंत्रण पर बेहतर प्रबंधन हेतु कई आवश्यक निर्णय भी लिए गए हैं। सदर अनुमंडल क्षेत्र के भीड़ वाली क्षेत्रो में 24 स्थानों पर वीडियोग्राफर को रखा गया है। 27 स्थानों पर वाच टावर,बैरिकेटिंग एव ड्राप गेट लगाए गए है। इसके अलावा 25 स्थानों पर हाई रेजोल्यूशन वाले सीसीटीव लगाए गए हैं। डीएम ने कहा कि नियंत्रण कक्ष के मदझम से हर 02-02 घंटे पर उपस्थिति की जानकारी ली जाएगी। अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। हर विसर्जन स्थलों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था मजबूत रूप से रखे साथ ही विसर्जन के लिये नदी, तालाब,पोखर में गोताखोर की भी प्रतिनियुक्ति रखें। विसर्जन रूट्स में सीसीटीवी, लाइट, वीडियो ग्राफी की पूरी व्यवस्था रखे । डीएम ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में प्रवेश एव निकास की व्यवस्था मुकम्मल रहे हैं।वरीय पुलिस अधीक्षक ने सख्त निर्देश दिया कि हुड़दंग बाजी करने वालों पर पूरी पैनी नजर रखी जाएगी किसी भी सूरत में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैला कर सामाजिक ताने-बाने को डिस्टर्ब करने का प्रयास करता है तो ऐसे लोगों,तत्वों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 153झ ए एवं 505 के अंतर्गत अविलंब कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारों लीटर महुआ शराब एवं चुलाई शराब किया गया नष्ट

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव एवं पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निदेशांनुसार दशहरा पर्व को ध्यान में रखते हुए उत्पाद विभाग की टीम और अछळाऋपुलिस थाना की संयुक्त कार्रवाई कुर्था थाना क्षेत्र में कुर्था मुसहरी और दरहेटा मुसहरी में ड्रोन की सहायता से अवैध शराब निर्माण भट्टी पर की गई जिसमें 7050 लीटर अर्ध निर्मित जावा महुआ शराब एवं 35 लीटर चुलाई शराब घटनास्थल पर नष्ट किया गया । अधीक्षक मध निषेध के नेतृत्व मैं ब्रेथ एनालाइजर अभियान में 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया एवं दो व्यक्ति 23.5लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किए गए जिन्हें विधिवत अगरतर कार्रवाई हेतु विशेष उत्पाद न्यायालय जहानाबाद भेज दिया गया ।

### काशीराम का भव्य तरीके से परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मनोज सिंह यादव के अध्यक्षता में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर काशीराम साहब का भव्य तरीका से परिनिर्वाण दिवस मनाया गया । मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश बहुजन समाज पार्टी के कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शामिल हुए । बैठक में प्रदेश महासचिव अशोक कुमार शर्मा जिला उपाध्यक्ष प्रोफेसर शिव कुमार चंद्रवंशी जिला प्रभारी कैलेंडर कुमार जिला महासचिव अखिलेश कुमार मीडिया प्रभारी और जिला सचिव दिलीप कुमार अरवल विधानसभा अध्यक्ष शहर भारती संयोजक निर्भय दीवाना मंटू यादव राजनीति यादव बबन दास सैकड़ो लोग बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता भाग लेकर महापरिनिर्वाण दिवस समारोह मे शामिल हुए।

### विष्णु विहार होटल में साहिल रॉय द्वारा डांडिया हुआ समारोह

प्रातः किरण संवाददाता

गया। विष्णु विहार होटल में मेडिवर्स अस्पताल द्वारा आयोजित डांडिया कार्यक्रम का आयोजन कोरियोग्राफर साहिल रॉय द्वारा किया गया है। इस भव्य समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. ए. एन. राय और डॉ. चौधरी लक्ष्मी नारायण ने किया।विशेष अतिथियों में डॉ. मृदुला नारायण, डॉ. तेजस्वी नंदन, डॉ. नवनीत निश्छल, डॉ कविता निश्चल, डॉ. क्रांति किशोर, प्रिया पायल, डॉ. दीप्तिशिखा काव्या, डॉ. निब्हा जयन, डॉ. कुमार अनुपम, डॉ. विवेक कुमार, ऋषि यादव, कन्हैया कुमार सिंह, आर्यन राज, संगीता देवी, नेहा खत्री, और साक्षी जैन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के आयोजक साहिल रॉय ने सभी का स्वागत करते हुए इस प्रकार के संस्कृति कार्यक्रमों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि यह ना केवल हमारी संस्कृति को जीवित करती है बल्कि हमे एकजुटता और उत्सव के माहौल को भी बढ़ावा देता है ।करीब 500 लोगों ने डांडिया की धुन पर जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम को सभी ने खूब सराहा और इसे एक भव्य सफलता माना गया है।

### कुर्था पुलिस ने पांच को किया गिरफ्तार ,भेजा जेल

प्रातः किरण संवाददाता

कुर्था (अरवल) पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत कुर्था थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से शराबी शराब कारोबारी व वारंटी को गिरफ्तार किया इस संबंध में कुर्था थानाध्यक्ष सु-रेंद्र कुमार ने कुर्था थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पत्रकारों को बताया कि कुर्था थाना क्षेत्र के दरहेटा गाब निबासी थाना कांड संख्या 168/24 के तहत उत्पाद अधिनियम के मामले में दर्ज केस के आरोपी भारी मांझी, आजाद बीघा गांव निवासी लक्ष्मी कुमारी व नॉन बेलेबल वारंटी सचई गांव निवासी विजय पासवान ब सराबी जहानाबाद जिले के कंसुआ गांव निवासी अरुण राम ब महेंद्र मांझी को गिरफ्तार किया गया इनमें शराब कारोबारी शराबी व वारंटी शामिल है इस मौके पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुर्था थानाध्यक्ष के अलावा एस आई रिकी कुमारी, समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

### बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी है जरूरी : आलम

कुर्था (अरवल) बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी है जरूरी है ताकि बच्चों के मानसिक व शारीरिक विक-ास हो सके और बच्चों को पढ़ाई में भी मन लगे चुकी बच्चों को शिक्षा के तरफ केंद्रित करने का खेल ही एक सशक्त माध्यम है जिसे खेल-खेल मैं भी बच्चों को बेहतर शिक्षा ग्रहण कराया जा सकता है उक्त बातें बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के बेनीपुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अर्धवार्षिक परीक्षा समापन होने के पश्चात व दशहरा पर्व के मौके पर विद्यालय के शिक्षक मिस्टर आलम ने कही। इस मौके पर मिस्टर आलम के द्वारा विद्यालय के सभी बच्चो के लिए खिलौने एवं चॉकलेट देक-र प्रोत्साहित किया गया । सभी बच्चे खिलौने पाकर बहुत ही उत्साहित दिखे चुकी दशहरा पर्व के मौके पर बच्चों को एक से बढ़कर एक खिलौने विद्यालय के शिक्षक द्वारा उपहार स्वरूप प्रदान किया गया सभी बच्चे हाथों में खिलौने लेकर अपने-अपने घर को लौटे इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार के अलावा कई शिक्षक शिक्षिका शामिल थे।

# शांति निकेतन एकेडमी में दशहरा उत्सव का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया।शांति निकेतन एकेडमी की सभी शाखाओं में दशहरा उत्सव एवं रामरीला मंचन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा प्लेग्रुप से नित्या, ओशु राज, रीत सिन्हा कक्षा नर्सरी से अद्विक सिंह, प्राकृति सिंह, वेद प्रकश कक्षा जूनियर केजी से पिहू रानी, सान्वी रंजन, अभिजीत कुमार, कक्षा सिनियर केजी से प्रियांशु रंजन, ऊर्जा कली, श्रेयस, अंश राज तथा श्री हरी, रीत सिन्हा, सारांश चंद्र, अथर्व अभिषेक, रूद्र यादव अभी सिंह - श्रीराम जी बने थे, नित्यांश राज, अभिनव आनंद ओशु राज, अंकित मौर्य, आयांश, अरनव वर्मा - लक्ष्मण जी बने थे, प्राकृति, ऊर्जा कली, मौर्य सिंह, पीहू रानी, दिव्यांशी, प्राणवी कुमारी, अंशिका सिंह, वैष्णवी शर्मा, नायरा सिंह - सीता माँ बनी थी एवं आहान, अभिजीत कुमार, यशवंत, श्रेयांश, आदित्य, ओम शंकर, अंश राज अक्षत - हनुमान जी की वेशभूषा मे थे। इन बच्चो ने अपनी-अपनी भूमिकाओं का बहुत ही अच्छे ढंग से अभिनय किया है। विद्यालय परिसर में राम दरबार सजाया गया और रावण का पुतला बना कर राम की वेशभूषा मे छात्र ने रावण का वध और माता सीता की कुटिया बनाकर सीता हरण का दृश्य प्रस्तुत किया गया। शिक्षिका, नूतन, सोनी, हबीबा, नासरीन, प्रिया और शालिनी मैम ने कहानी पपेट एवं एक्टीविटी के माध्यम से दशहरा त्योहार के बारे में बच्चों का बताते हुए कहा कि किस प्रकार से बुराई का अंत तथा अच्छाई की जीत हुई।

इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि दशहरा त्योहार सच्चाई उमंग तथा उल्लास का प्रतीक है इसीलिए हमे सच्चाई के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। यह पर्व अधर्म पर धर्म की विजय का है सभी लोगों को धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए तथा प्रत्येक मानव को प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र का अनुकरण करना चाहिए। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं एवं प्राचार्या की देख-रेख में संपन्न हुआ है।

# बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाना हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है: डॉ धीरज

● इस तरह के आयोजनों से बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा निखर कर बाहर आती है : प्राचार्य

प्रातः किरण संवाददाता



गया। शहर की नैली रोड खटकाचक स्थित श्री शिक्षा निकेतन स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा फल के वितरण के साथ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। कक्षा प्रथम से 5 के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाकर अपने द्वारा बनाए गए मॉडल का प्रदर्शित किया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गया कॉलेज शिक्षा शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ धनंजय धीरज एवं वरिष्ठ पत्रकार श्याम भंडारी ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की हौसला अफजाई की है। सबसे पहले आगत अतिथियों को विद्यालय के बच्चियों ने तिलक लगाकर एवं आरती कर स्वागत किया गया है। इसके पश्चात प्राचार्य पूनम सिन्हा ने आगत अतिथियों अंगवस्त्र एवं तुलसी का पौधा देकर अभिनंदन किया गया है। इस विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने जहाँ वाटर प्यूरीफायर, विंडमिल से बिजली उत्पादन, चन्द्रयान-3, सोलर एनर्जी सिस्टम के साथ सूर्य ग्रहण कैसे लगता है, हाइड्रोलिक कंप्रेशर, वाटर बोट आदि का मॉडल बनाया गया है। आगत अतिथियों इसे देखकर बच्चों की प्रशंसा की है। आंगतु अतिथियों के साथ प्राचार्य सिन्हा ने विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया है।

इस मौके पर विभागअध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग डॉ धनंजय धीरज ने कहा कि बच्चों के अंदर असीम संभावनाएं हैं।आवश्यकता इस बात की है कि अभिभावक और शिक्षक उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा को पहचाने एवं उसे सही दिशा निर्देश करने का प्रयास करें। बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाना हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। विद्यार्थी यदि मोबाइल का उपयोग करते हैं तो उसका प्रयोग धनात्मक रूप से ज्ञान अर्जन एवं मनोरंजन के लिए होना चाहिए और विद्यालयि बालकों को सदैव अभिभावकों की उपस्थिति में ही मोबाइल का प्रयोग करना चाहिए। डॉ धीरज ने कहा कि आज बच्चों की दुनिया ही मोबाइल तक सिमट कर रह गई है और बच्चे आउटडोर गेम्स में बिल्कुल रुचि नहीं लेते हैं। विद्यार्थियों को इससे बचने एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद और व्यायाम करने के लिए भी प्रेरित करने की आवश्यकता है। अंत मे सबों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्राचार्य श्रीमति सिन्हा ने कहा कि विद्यालय में आये दोनों अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन करती हूँ कि हमारे आग्रह पर अपना मूल्यवान समय हमारे बच्चों के लिये निकाला गया है।

# विजयादशमी पर रामलीला मंचन की तैयारी में जुटे कलाकार



प्रातः किरण संवाददात

करपी, अरवल। प्रखंड क्षेत्र के झिकटिया खेल मैदान में जागृति युवा क्लब सह दुर्गा पूजा समिति के तत्वाधान में समाजसेवी डॉक्टर ज्योति प्रसाद के नेतृत्व में लंका दहन सह रामलीला मंचन की तैयारी जोरों पर चल रही है कलाकार भी खूब पसीना बहा रहे हैं 12 अक्टूबर विजयादशमी के दिन रामलीला संपूर्ण रामायण शुरू होगा जिसकी तैयारी को लेकर कलाकार रिहर्सल करने में जुटे हुए हैं इस बार बड़े स्तर पर रामलीला लंका दहन झिकटिया में मनाया जाएगा झिकटिया खेल मैदान पर रावण का पुतला 30 फीट का कुंभकरण का पुतला 25 फ-ीट और मेघनाथ का पुतला 20 फीट का बनाया जा रहा है रामलीला लंका दहन को देखने के लिए आसपास के गांव से हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे जिसे देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सभी जगह सीसीटीवी कैमरे बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जा रही है वही कलाकारों को रिहर्सल करते हुए डॉक्टर ज्योति ने बताया कि संपूर्ण रामायण का दृश्य आउटडोर शूटिंग की तरह होगा जिसमें सभी कलाकार के सेट फिल्म की तरह अलग-अलग बनाई जाएगी डॉ ज्योति ने बताया कि विजयादशमी और रामलीला हमें यह सिखाती है कि अधर्म पर धर्म का विजय जो बुरे कार्य का परिणाम सर्वनाश की ओर ले जाती है जिस तरह से रावण ने सीता का हरण कर अपना सर्वनाश किया था इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष रविंद्र सिंह एवं सचिव अमित कुमार रिंटू ने बताया कि रामलीला और लंका दहन का दृश्य इतना मनमोहक होगा कि हर किसी का मन मोह लेगा मौके पर कलाकार संतोष कुमार अमरेंद्र कुमार कमलेश कुमार आशीष कुमार रंजन गुड्डू कुमार हरेंद्र कुमार नागेंद्र कुमार सुंदर मांझी आदि थे

# स्वच्छता के दृष्टिकोण से पंडालों एवं पूजा समिति को नगर निगम द्वारा किया जाएगा पुरस्कृत



प्रातः किरण संवाददात

गया। गया नगर निगम कार्यालय में नगर विकास एवम आवास विभाग के पत्रांक- 13/ स्ट -36/2024 के आलोक में नगर आयुक्त महोदय के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया है।पूरे राज्य भर में सभी नगर निकायों में स्वच्छता ही सेवा अभियान का संचालन दिनांक 08/11/24छठ पूजा तक आयोजित है।

बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान स्वच्छता के उत्कृष्ट मानदंडों को अपनाने वाले पंडालों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य नगर को साफ-सुथरा बनाए रखते हुए त्योहारी सीजन की भव्यता को बढ़ाना है।नगर आयुक्त ने बताया कि 2 अक्टूबर से 15 नवंबर तक नगर निगम के अधिकारी और स्वच्छता कर्मी स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कार्यरत रहेंगे। इस दौरान, सभी पंडालों को निम्नलिखित मापदंडों पर आंका जाएगाःपडालों की सम्पूर्ण स्वच्छता एवम साफ सफाई,अपशिष्ट का उचित प्रबंधनमहिला एवम पुरुष शौचालय की उपलब्धता,डस्टबिन की उपलब्धता,दर्शनार्थी महिला एवम पुरुष हेतु अलग अलग लाइन की व्यवस्था,सुरक्षा और लाइट की पर्याप्त व्यवस्था,स्वच्छ स्थान पर फूड स्टॉल एवम पीने की व्यवस्था,गंदे पानी की निकास की व्यवस्था,मेला स्थल पर सेनेटरी नेपकिन एवम हैंड सेनिटाइजर की व्यवस्था,स्थानीय नागरिकों , संगठनों के साथ मिलकर स्वच्छता के लिए रचनात्मक कार्य करना, स्लोगन ,पोस्टर मीडिया कवरेज आदि के माध्यम से प्रचारित करना है।

सभी मानदंडों पर खरा उतरने वालों पंडालों को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है।सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ पंडालों को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किये जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 10,000, द्वितीय पुरस्कार 5,000 और तृतीय पुरस्कार,000 के रूप में निर्धारित किये गए हैं।पुरस्कारों का निर्णय के हेतु आयुक्त श्यामनंदन प्रसाद के अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया है जिसके अन्य सदस्य सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी शुभम कुमार एवम मोनू कुमार को बनाया गया है

नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य हेतु प्रत्येक पूजा पंडालों में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता से संबंधित बैनर पोस्टर अनिवार्य रूप से लगाए जाने का निर्णय लिया गया है।इस अवसर पर आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता को बनाए रखने में योगदान दें और गया को एक स्वच्छ और सुरक्षित शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करें।इस बैठक में उप नगर आयुक्त ,दोनो स्वच्छता पदाधिकारी , संबंधित सहायक एवम अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वास्तिक भूमि का यह प्रयास नवरात्रि की महत्ता बताता है

प्रातः किरण संवाददाता

गया। दुर्गापूजा नवरात्र के अवसर परहोटल स्वास्तिक भूमि के बैनर तले नवरंग डांडिया कार्यक्रम द्वारा गया विष्णुपद रोड में आयोजित डांडिया कार्यक्रम का शुभारंभ वरिय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती विशेष अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा डांडिया के आयोजक मुकेश कुमार नंदन सिंहा सोनी प्रसाद के द्वारा किया गया है। यहकार्यक्रम न केवल धार्मिक मान्यता का प्रतीक है, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।डांडिया, जो कि नवरात्रि के दौरान एक प्रमुख रस्म है, इस साल स्वास्तिक भूमि ने इसे एक भव्य और यादगार आयोजन के रूप में प्रस्तुत किया है। इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में उत्साह और उमंग का संचार हुआ है । डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने उद्घाटन भाषण में कहा कि डांडिया केवल एक नृत्य नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक मेलजोल का माध्यम है, जो हमें एकजुट करता है और भारतीय संस्कृति की विविधता को दर्शाता है।

इस कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने विशेष रूप से भाग लिया, जो इस आयोजन की रौनक को और बढ़ा रहा था। संगीत, नृत्य और रंग-बिरंगी रोशनी ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया है ।

डॉक्टर मिश्रा ने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे इस तरह के आयोजनों में भाग लेकर हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का प्रयास करें। स्वास्तिक भूमि का यह प्रयास न केवल नवरात्रि की महत्ता को उजागर करता है, बल्कि समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देता है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से क्लब ने सभी को एक साथ लाने का कार्य किया, जिससे सभी ने मिलकर देवी दुर्गा की आराधना की और एक दूसरे के साथ खुशी साझा की।

इस प्रकार, डांडिया कार्यक्रम ने नवरात्रि के इस पावन पर्व को और भी खास बना दिया है। इस डांडिया नाइट में चार चांद लगाने के लिए इंडिया गरबा कोरियोग्राफर अमित राय सहित कोलकाता से आये कलाकार डीजे निशा ने मंच का संचालन किया है

# लोक शिकायत निवारण अधिनियम द्वारा 20 मामले की सुनवाई जिलाधिकारी ने की

प्रातः किरण संवाददाता



गया।लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 द्वितीय अपील के तहत जिला पदाधिकारी, गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुल 20 मामलों की सुनवाई की गई है ।जिसमें कुछ मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया है।सुनैना देवी, पति- धर्मेंद्र मांझी ग्राम -चौहान, थाना- टनकुप्पा के बाद में परवाना से प्राप्त भूमि पर अवैध दखल कब्जा को मुक्त करने एवं ऑनलाइन जमाबंदी संधारित करने के संबंध में परिवाद दायर किया गया था। सुनवाई के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया की अभियान बसेरा के तहत दखल दिहानी के तहत कब्जा दिलाये गे।वही अनिता कुमारी, ग्राम - हमजापुर, शेरघाटी थाना -आमस के द्वारा 3 डिसमिल भूमि बंदोबस्त करने के संबंध में वाद दायर किया गया था। सुनवाई के क्रम में जिला पदाधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया कि दो सप्ताह के अंदर भूमि बंदोबस्त करते हुए परवाना निर्गत करेंगे। विनोद मिस्त्री, ग्राम-पण्डारडीह , बोधगया के द्वारा परवाना के माध्यम से प्राप्त भूमि को ऑनलाइन लगान आदतन करने के संबंध में वाद दायर किया गया था। सुनवाई के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि अपर समाहर्ता, गया परवाना सत्यापन कर नियम अनुसार आगे की कार्रवाई करेंगे।

# बदलो बिहार न्याय यात्रा के तहत निकालेंगे पैदल पदयात्रा: महानंद

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था ( अरवल )स्मार्ट मीटर लगाने की अनिवार्यता खत्म करने,बिजली की दर आधी करने,कृषि कार्य व गरीबों के लिए 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने,दलित गरीब - महिलाओं पीआर जारी हिंसा पर रोक लगाने, दस लाख से ज्यादा स्कीम वर्कर - जीविका दीदी,आशा,आंगनवाड़ी,रसोइया,आदि को केंद्र सरकार द्वारा घोषित नई मजदूरी दर के मानदेय गारंटी करने,सरकारी वादा के अनुसार तमाम गरीबों को 2 लाख रु,5 डीसामिल आवास भूमि,और पक्का मकान की गारंटी करने को लेकर 16 अक्तूबर को नवादा में 80 घर दलितों को जलाए जाने वाले पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद बदलो बिहार - न्याय यात्रा भाकपा - माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉ. दीपांकर भट्टाचार्य,अरवल विधायक महानंद सिंह शुरू करेंगे,जिसमें कई माले विधायक व केंद्रीय टीम के नेता सामिल रहेंगे,जिसमे गया के रास्ते टेकारी, पंचानपुर,मऊ में जगह जगह जन संवाद करते हुए, 21 अक्तूबर को मानिकपुर से कुर्था पहुचेंगे,जिसमें कुर्था में शाम 4 से 5 बजे स्मार्ट मीटर एवं अन्य मुद्दा पर लोगो से जन संवाद करेंगे,तथा रात्रि विश्राम कुर्था डाकबंगला में करेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए अरवल विधायक महानन्द् सिंह ने कहा कि लगभग दो दशक से बिहार पर शासन कर रही भाजपा - जदयू की सरकार लूट और झूठ की सरकार साबित हुई है न्याय के साथ विकास का नारा देने वाले और खुद को अतिपिछड़ा - महादलित की हिमायती होने का दंभ भरने वाली सरकार लम्बे शुषण के बाद भी बिहार की एक तिहाई यानी 94 लाख से ज्यादा परिवारों को गुजारा करने के लिए दिन की 200 रु भी जुटती,केंद्र सरकार ने दैनिक मजदूरी की घोसाना तो कर दी लेकिन बिहार में जीविका दीदी सहित लाखो स्कीम वर्करों कुछ राशि पर बेगार पर खटवाया जा रहा है।

इन सारी सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ ये बदलो बिहार न्याय यात्रा है।बैठक में भाकपा - माले प्रखण्ड सचिव अवधेश यादव,जिला सचिव जितेंद्र यादव,जिला परिषद सदस्य महेश यादव, करपी सचिव मिथलेश यादव,राजेश्वरी यादव,अनिल कुमार,दीपक कुमार,सतेंद्र दास,कारू मांझी,गणेश यादव,संजय कुमार,बृजबिहारी यादव,विशु यादव, बालसुंदरी मिस्त्री आदि नेता उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शेरघाटी में भव्य विजयादशमी संचलन का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



शेरघाटी। विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवकों द्वारा शेरघाटी में भव्य संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बनते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। संचलन का शुभारंभ शेरघाटी के तीनशिवाला से हुआ, जो गोला बाजार, हैदरशाह मोड़, हाटिया मोहल्ला और जेपी चौक से होकर पुनः तीनशिवाला पर संपन्न हुआ।

इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने अपने अनुशासन और समर्पण की अद्भुत छवि प्रस्तुत की। संचलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश प्रसारित करना था। विजयादशमी, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, इस संचलन के माध्यम से देशभक्ति, भारतीय संस्कृति और धर्म के प्रति आस्था को प्रदर्शित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें गया विभाग के प्रचारक श्री अंशुमान जी, शेरघाटी जिला सह संचालक श्री कमल किशोर सिंह, सह जिला कार्यवाह अरविंद सिंह, जिला व्यवस्था प्रमुख कुणाल कुमार, नगर कार्यवाह उत्तम प्रकाश, शिवपूजन कुमार, अभिषेक कुमार और अनुराग कुमार शामिल थे। इस आयोजन में सैकड़ों स्वयंसेवकों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता दिखाई। यह आयोजन न केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धांतों और मूल्यों को समाज के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर बना, बल्कि इसमें भाग लेने वालों और दर्शकों के मन में राष्ट्रप्रेम और समर्पण की भावना को और भी प्रबल किया। इस तरह के आयोजन समाज में एकता और देशभक्ति के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनते हैं।

## राशन का खराब चावल लेने से उपभोक्ताओं ने किया इनकार, पार्षद ने जताई आपत्ति

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल । राशन कार्ड से उपभोक्ताओं को मिलने वाले राशन वितरण के दौरान जन वितरण प्रणाली के विक्रेता द्वारा खराब चावल दिया जा रहा है। जिसे लेने से उपभोक्ताओं ने इनकार कर दिया. उपभोक्ताओं का कहना है कि जब चावल का उपयोग हम लोग नहीं करेंगे इसे लेने से क्या फायदा.

इस समस्या को लेकर वार्ड नंबर 16 के आम जनता ने अपने वार्ड पार्षद के पास जाकर समस्या को रखें जिस पर पार्षद नुरैन जौहर के द्वारा जन वितरण प्रणाली के विक्रेता से संपर्क किया गया तो जन वितरण प्रणाली के विक्रेता द्वारा कहा गया कि गोदाम से इसी तरह का चावल का उठा हुआ है तो हम लोग दूसरी चावल कहां से देंगे. जिस पर वार्ड पार्षद ने आपत्ति जताई है और आपूर्ति पदाधिकारी से मांग किया है कि खराब चावल को रिटर्न कराकर राशन कार्ड के उपभोक्ताओं को अच्छी क्वालिटी की चावल निर्गत की जाए.

## शहर की सूरत बदलने के लिए मेयर-डिप्टी मेयर, स्टैंडिंग सदस्य सड़कों पर लगाया झाड़ू

प्रातः किरण संवाददाता



गया। शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना, इसी उद्देश्य को लेकर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत तीसरे दिन बुधवार को नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव व पार्षदों ने स्वयं हाथों में झाड़ू लेकर युद्ध स्तर पर व्यापक साफ-सफाई की है।

उस दौरान उन्होंने गया रेलवे स्टेशन से शुरू हुई अभियान वार्ड संख्या-13, 14, 15 और 16 में चलाया गया है। इन चार वार्डों में जहां भी गंदगी दिख रही थी, उसे हटाया जा रहा था। मेयर-डिप्टी मेयर स्वयं हाथों से गंदगी हटाते दिखे। वहीं जानलेवा साबित हो रही डेंगू को भगाने हेतु जबरदस्त तरीके से फॉगिंग कराई गई। निगम के दर्जनों आधुनिक मशीनों से फॉगिंग कराया गई है।

अभियान के दौरान स्वच्छता में जुटे सफाईकर्मियों व पदाधिकारी को मेयर-डिप्टी मेयर व पार्षदों ने उनके हौसला अफजाई को लेकर अंग वस्त्र से उन्हें सम्मानित किया है।

अभियान के दरम्यान मेयर गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी व स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने खुद हाथों झाड़ू लेकर पूजा पंडालों व दुखहरणी मंदिर, जामा मस्जिद सहित विभिन्न मार्गों पर साफ सफाई की और आसपास के लोगों स्वच्छता के प्रति जागरूक किया है। मेयर ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे हैं। पूजा-पंडालों में भी स्वच्छता को लेकर पुरस्कार घोषित किया गया। ताकि एक ही मकसद हमे क्लीन गया और ग्रीन गया बनाना है। इसके लिए जनता सहयोग काफी अहम है। सभी सहयोग से शहर स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

स्टैंडिंग कमेटी सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता एक सामाजिक दायित्व है और सभी को मिलकर स्वच्छ गया शहर बनाने में योगदान देना चाहिए. यह अभियान महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने का है। उन्होंने लोगों से भरपूर सहयोग की अपेक्षा की है।इस मौके पर उप नगर आयुक्त शिवनाथ ठाकुर, सफाई पदाधिकारी शुभम कुमार, चंद्र मोहन उर्फ चिंटू, पार्षद डिम्पल कुमार, दीपक चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार, अशोक कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## जनता के बुलावे पर नहीं ईडी के बुलावे पर आते हैं नेता प्रतिपक्ष : नीरज

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के दूसरे चरण की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए विधान पार्षद सह जनता दल यू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने सवाल किया है। कहा है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ता दर्शन संवाद कार्यक्रम का दूसरा चरण दिनांक 16 से 26 अक्टूबर तक का कार्यक्रम घोषित किया है जो उनका राजनीतिक अधिकार है। जदयू प्रवक्ता ने आगे कहा कि जानना चाहते हैं कि कार्यकर्ता दर्शन से संवाद कार्यक्रम के नामाकरण से यह प्रमाणित होता है कि 10 सर्कुलर रोड जहां आप स्थाई वास करते हैं वहां कार्यकर्ता का प्रवेश निषेध है। अन्यथा आप संवाद कार्यक्रम करते तो अच्छा लग सकता था। लेकिन कार्यकर्ता दर्शन का नामाकरण बताता है कि आप राजनीतिक जमींदार हैं और कार्यकर्ता को प्रजा समझते हैं। आपको यह स्मरण रखना चाहिए कि आप प्रतिपक्ष के नेता जरूर हैं, धन बल में आम कार्यकर्ता से मजबूत हैं। परंतु आप अपने को आम कार्यकर्ता ना मानकर राजनीतिक जमींदार के रूप में पेश किया है कि हम कार्यकर्ता के दर्शन को आ रहे हैं। जो राजनीतिक सामंती सोच को दशार्ता है । अनुरोध है कि विभिन्न जिलों के प्रस्तावित यात्रा में विभिन्न जिलों में राजद के शासनकाल में राजकीय कृषि प्रक्षेत्र की भूमि पर बने चरवाहा विद्यालय का मासिक शुल्क 4:30 था एवं नीतीश कुमार जी के कार्यकाल में पॉलिटेक्निक एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रति माह शुल्क क्रमशः 5 एवं 10 का तुलनात्मक विवरण कार्यकर्ता को जरूर देंगे। क्या आप आश्वस्त करते हैं कि द्वितीय चरण की यात्रा समाप्त होने के बाद सक्षम न्यायालय का आदेश लेकर विदेश नहीं जाएंगे।

## शारदीय नवरात्र के सातवें दिन माता कालरात्रि की विधि विधान के साथ की गई पूजा अर्चना

प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी। नगर पंचायत गडहनी स्थित पुरानी बाजार शिव मंदिर सहित प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों, मंदिरों एवं घरो मे शारदीय नवरात्र के सातवें दिन बुधवार को माँ दुर्गा के सातवें स्वरूप माता कालरात्रि की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया गया।इस अवसर पर आरती वंदन की गई, जयकारे लगाये गए।वहीं संध्या आरती मे सैकडों श्रद्धालुओ ने भाग लेकर आरती वंदन किया।वहीं पण्डित अमरेन्द्र कुमार मिश्र एवं प्रदीप ओझा ने माँ के स्वरूपों का वर्णन करते हुए बताया कि नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। मां कालरात्रि ने असुरों को वध करने के लिए यह रुप लिया था। पूरे श्रद्धा भाव व विधि विधान से पूजा करने से मां प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करती हैं।मां कालरात्रि की पूजा से अज्ञात भय, शत्रु भय और मानसिक तनाव नष्ट होता है। मां कालरात्रि की पूजा नकारात्मक ऊर्जा को भी नष्ट करती है। मां कालरात्रि को बेहद शक्तिशाली देवी का दर्जा प्राप्त है। इन्हें शुभकंरी माता के नाम से भी बुलाया जाता हैं। मां कालरात्रि की पूजा रात्रि में भी की जाती है।मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में बहुत ही भंयकर है, लेकिन हृदय बहुत ही कोमल और विशाल है। मां कालरात्रि की सवारी गर्धव यानि गधा है। मां कालरात्रि का दायां हाथ हमेशा उपर की ओर उठा रहता है। इसका अर्थ मां सभी को आशीर्वाद दे रही हैं। निचले दाहिने हाथ की मुद्रा भक्तों के भय को दूर करने वाली है।उनके बाएं हाथ में लोहे का कांटेदार अस्त्र है।निचले बाएं हाथ में कटार है।आरती वंदन मे सुनय कुमार परमार उर्फ बबलु सिंह, राहुल कुमार, दीपक केसरी, भीम कुमार सोनी, सुमन कुमार चौरसिया, समर गुप्ता, राजू कुमार, मृत्युंजय सिंह आदि थे।

## लोक नायक जयप्रकाश नारायण जंयती मनाई गई

● **लोक नायक जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निकले हैं: द्वारिका प्रसाद**

प्रातः किरण संवाददाता

गया । जदयू जिला कार्यालय गया में जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद के अध्यक्षता में संपूर्ण क्रांति के जनक भारत रत्न लोक नायक जय प्रकाश नारायण की पुण्यतिथि मनाई गई ।

इस अवसर पर द्वारिका प्रसाद ने कहा कि लोक नायक जयप्रकाश नारायण जी के आदर्शों से ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीख ली है और जब से सेवा करने का मौका मिला है, उसी के अनुरुप काम करने की कोशिश कर रहे हैं।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर भारतीय राजनीति के आंदोलन में जयप्रकाश नारायण जी का अद्वितीय योगदान रहा है। तमाम यातनाओं के बावजूद उन्होंने अपने संघर्ष को कभी विराम नहीं दिया है। उनका उल्लेख आज भी तथा आने वाली सदियों तक एक सशक्त राजनेता के रूप में किया जाएगा। जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि लोकनायक के ह्यसंपूर्ण क्रांति आदोलन के चलते देश में पहली बार गैर कांग्रेसी सरकार बनी।

इस क्रांति का प्रभाव न केवल देश में, बल्कि दुनिया के तमाम छोटे देशों पर भी पड़ा था। वर्ष 1977 में हुआ चुनाव ऐसा था जिसमें नेता पीछे थे और जनता आगे थी। यह जेपी के ही करिश्माई नेतृत्व का असर था। 8 अक्टूबर 1979 को जेपी ने पटना में अंतिम सांस ली। मरणोपरांत 1998 को भारत सरकार ने जेपी को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से भी सम्मानित किया है।

इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव,महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल,धनंजय शर्मा, मानपुर प्रखंड अध्यक्ष अजीत शर्मा, कार्यालय प्रभारी कमलेश कुमार दिवाकर, निर्भय सिंह, अरविंद प्रियदर्शी,कैलाश पासवान, पप्पू वर्मा,उपेंद्र कुशवाहा,सहित पार्टी के कई सम्मानित साथी उपस्थित थे।

## डांडिया में बच्चों संग माँ की मस्ती



● **आज तेरा जगराता माता गीत पर झूमे नौनिहाल**

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । राजधानी पटना में जैसे-जैसे नवरात्र के दिन चढ़ रहे हैं वैसे वैसे लोग धर्म की मस्ती में सराबोर हो रहे हैं।इसी क्रम में रूकनपुरा , विजयनगर के जीबीएस कैंपस में डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। डांडिया उत्सव में बच्चों संग माँ के साथ डांडिया मुख्य आकर्षण का केंद्र रही । सभी नौनिहाल डांडिया स्टिक पर गरबा धुन, भजन आदि पर नृत्य किया ।आज तेरा जगराता माता गीत ने सभी को लगातार झुमाया। डांडिया उत्सव का आयोजन का मुख्य उद्देश्य नन्हे मुन्ने बच्चों को अपनी संस्कृति से रूबरू कराना था। सभी बच्चे और माताएं भारतीय पारंपरिक परिधान में कार्यक्रम में शरीक हुए। डांडिया उत्सव कार्यक्रम का निर्देशन कोरियोग्राफर विकास कुमार ने किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से नन्हें बच्चों में श्रेयांश सिंह , आद्विक सिंह श्रेयांश कश्यप , आयंश कश्यप, रिधीम, अविराज, सौम्या, श्याम , दक्षित, अथर्व सहित पल्लवी सिन्हा, वंदना मिश्रा , पल्लवी सिंह, अभिरुचि, अंजली सिंह, मोनी सिंह दर्जनों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक निदेशक संतोष अभय ने कहा कि धार्मिक उत्सवों को परिवार बच्चों के साथ मनाने से उन्हें अपनी धार्मिक संस्कृति से परिचय कराने का मौका मिलता है ,वही बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होता है ।

## हरियाणा में झूठ की पराजय व विकास की हुई जीत : जिला अध्यक्ष



बिक्रम , प्रातः किरण। हरियाणा में भाजपा के लगातार तीसरी बार जीत दर्ज कर सत्ता कायम रखने के बाद भाजपा पटना ग्रामीण जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने झूठ को खत्म कर दिया और सत्य, विकास और सुशासन की जीत सुनिश्चित की है। वे बुधवार को, बिक्रम बाजार स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे` मौके पर उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होना भारत के संविधान और लोकतंत्र की जीत है। जिला अध्यक्षा ने कहा कि जब भी भाजपा किसी राज्य में सरकार बनाती है, तो लोग लंबे समय तक उसका समर्थन करते हैं और कांग्रेस के लिए ह्यह्यनो एंट्रीह्लह्ल बोर्ड लगा देते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि ह्यह्यएक बार जब लोग कांग्रेस को बाहर कर देते हैं, तो वे उसे वापस नहीं आने देते। वे कांग्रेस के लिए ह्यनो एंट्रीह्ल बोर्ड लगा देते हैं...यह ऐसी पार्टी है जिसने हमेशा माना कि सत्ता उसका जन्मसिद्ध अधिकार है ह्लह्ल वहीं उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने भी एनडीए के कुशल नेतृत्व को चुना है और आगे भी चुनती रहेगी, सीएम नीतीश कुमार व उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में बिहार में चहुंमुखी विकास हो रहा है, बिक्रम में बंद पड़े ट्रामा सेंटर को बहुत जल्द चालू कराया जाएगा, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत बिहार की सरकार इसे लेकर अलर्ट मोड में है, बहुत जल्द बिहार की एनडीए सरकार बिक्रम के लोगों को ट्रामा सेंटर के रूप में एक बड़ी तोहफा देगी वहीं मंडल अध्यक्ष भाजपा तेज नारायण शर्मा ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने कमाल कर दिया है और हर जगह कमल खिल गया है।

## पारस हॉस्पिटल में ईबीयूएस ब्रोंकोस्कोपी की शुरूआत फेफड़ों के रोगों का सटीक निदान अब होगा संभव

● **बिहार में बहुत कम जगहों पर उपलब्ध है यह तकनीक**

प्रातः किरण संवाददाता



पटना।पटना के पारस एचएमआरआई ने अपने मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हॉस्पिटल के पल्मोनोलॉजी विभाग में अब ईबीयूएस (एंडोब्रोंकियल अल्ट्रो सोनाग्राफी डाइग्नोस्टिक टूल) की सुविधा उपलब्ध है। इस तकनीक के आने से फेफड़ों के रोगों के निदान और उपचार में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

पारस एचएमआरआई के पल्मोनोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रकाश सिन्हा ने इस अवसर पर कहा कि ईबीयूएस फेफड़ों के कैंसर, ट्यूमर, संक्रमण और अन्य बीमारियों का बेहद सटीक निदान करने में सक्षम है। इस तकनीक के माध्यम से हम फेफड़ों के अंदर की संरचनाओं को बेहतर तरीके से देख सकते हैं और बायोप्सी ले सकते हैं, जिससे रोग का सटीक निदान संभव हो पाता है।सिनियर कंसल्टेंट डॉ. कुमार अभिषेक ने कहा कि फेफड़े के वैसे संवेदनशील इलाके जहां अब तक उपलब्ध मशीन पहुंच नहीं पाते थे, यह वहां तक पहुंचकर छोटे से छोटे ट्यूमर, गांठ और अन्य संक्रमण को ढूंढ निकालने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि यह तकनीक एंडोब्रोंकियल अल्ट्रासाउंड ब्रोंकोस्कोपी से एडवांस तकनीक है। बिहार में बहुत कम जगह पर इस तकनीक का उपयोग किया जाता है। ईबीयूएस की प्रक्रिया के दौरान पल्मोनरी क्रिटिकल टीम के कंसल्टेंट डॉ. संजय कुमार राय एंव पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि हमारे हॉस्पिटल में हमेशा मरीजों को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाएं देने का प्रयास किया जाता है। ईबीयूएस ब्रोंकोस्कोपी इसी दिशा में एक और कदम है। इससे न केवल मरीजों का समय बचेगा, बल्कि उनके उपचार में भी काफी मदद मिलेगी।

## दानापुर और बेंगलूरु के मध्य परिचालित की जा रही 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर । आगामी पर्व त्यौहरों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु दानापुर और बेंगलूरू के मध्य चलायी जा रही 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 03245 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 11 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 16.10.2024 से 25.12.2024 तक प्रत्येक बुधवार को परिचालित की जाएगी । 2.गाड़ी सं. 03246 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 11 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 18.10.2024 से 27.12.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जाएगी । 3.गाड़ी सं. 03251 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 24 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 13.10.2024 से 30.12.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को परिचालित की जाएगी । 4.गाड़ी सं. 03252 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 24 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 15.10.2024 से 01.01.2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को परिचालित की जाएगी । 5.गाड़ी सं. 03259 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 12 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 15.10.2024 से 31.12.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जाएगी । 6.गाड़ी सं. 03260 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 12 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 17.10.2024 से 02.01.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी । 7.गाड़ी सं. 03247 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 11 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 17.10.2024 से 26.12.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी । 8. गाड़ी सं. 03248 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 11 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 19.10.2024 से 28.12.2024 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जाएगी ।

## भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण का 45 वीं एवं बहुजन नायक काशीराम का 18 वीं पुण्यतिथि मनाया, दी श्रद्धांजलि

**जेपी-काशीराम सच्चे अर्थो में सामाजिक आंदोलन के पुरोधा एवं समाजवादी आंदोलन के अग्रदूत थे : किरण देव यादव**

प्रातः किरण संवाददाता



खगड़िया। देश बचाओ अभियान एवं मिशन सुरक्षा परिषद के बैनर तले लोकनायक जयप्रकाश नारायण का 45 वीं एवं बहुजन नायक काशीराम का 18 वीं पुण्यतिथि मनाया गया।

इस अवसर पर इनके तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं कोटि-कोटि नमन याद किया गया।

जयप्रकाश नारायण मान्यवर काशीराम अमर रहे, संपूर्ण क्रांति जिंदाबाद, समाजवाद जिंदाबाद, पूंजीवाद साम्राज्यवाद संप्रदायवाद धर्मराज जातिवाद मुदार्वाद, सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई तेज करो, नारों को बुलंद किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण सच्चे अर्थों में लोकनायक एवं काशीराम बहुजन नायक थे। वे दलित शोषित पीडित वंचित गरीबों का आवाज थे।

मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता किरण देव यादव ने कहा कि आज महंगाई भ्रष्टाचार निजीकरण धार्मिक उन्माद नफरत शोषण दमन उत्पीड़न अन्याय अत्याचार के खिलाफ सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई तेज करने की जरूरत है। 1857, 1942 एवं 1974 का आंदोलन दोहराने की जरूरत है।

अभियान के महासचिव उमेश ठाकुर एवं संयोजक मधुबाला ने कहा कि 1974 में जेपी आंदोलन के नेतृत्व में छात्र आंदोलन तत्कालीन सत्ता परिवर्तन में महतीं भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में दिलखुश कुमार, वशिष्ठ कुमार, डब्लू रजक, जितेंद्र शर्मा, चंद्र रोशन कुमार, रोहित कुमार, नारायण सदा, रंजीत सदा, रेखा देवी, नीलम देवी, दुलारी देवी, सुकनी देवी, सुरेंद्र सदा, हबलू रजक, हरे राम साहू, संजय साह आदि ने महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलने तथा उनके जीवनी व्यक्तित्व कृतित्व से सीख लेने का संकल्प लिया।

## पुरानी दिल्ली-गोड्डा नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। सांसद लोकसभा डॉ. निशिकांत दुबे एवं सांसद लोकसभा मनोज तिवारी ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से ट्रेन नंबर 14049/4050 पुरानी दिल्ली-गोड्डा नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर श्री सुखविंदर सिंह, मंडल रेल प्रबंधक दिल्ली, कर्नल विक्रम सिंह राणा, अपर मंडल रेल प्रबंधक दिल्ली एवं दिल्ली मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

यह साप्ताहिक ट्रेन सोमवार को दोपहर 3 बजे दिल्ली से रवाना होगी और मंगलवार को दोपहर 3:45 बजे गोड्डा पहुंचेगी और वापसी में यह ट्रेन बुधवार को सुबह 10 बजे गोड्डा से रवाना होगी और गुरुवार को सुबह 9:10 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

रास्ते में यह ट्रेन टूंडला जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन, गया जंक्शन, कोडरमा जंक्शन, जमुआ, न्यू गिरिडीह, मधुपुर जंक्शन, जसीडीह जंक्शन, देवघर, काकनी और हंसडीहापर रुकेगी। वहीं इन इलाकों के स्थानीय निवासियों को भी दिल्ली पहुंचने में आसानी होगी। इस साप्ताहिक ट्रेन के शुरू होने से गोड्डा की स्थानीय जनता को दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध होगी।

## प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य हेतु एनआई कार्य, ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर । रेलवे द्वारा उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस-प्रयागराज खण्ड पर प्रयागराज रामबाग-प्रयागराज जं. स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य एवं प्रयागराज जं. स्टेशन पर रूट रिले इंटरलॉकिंग से इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग परिवर्तन हेतु 08 से 16 अक्टूबर, 2024 तक प्री-इंटरलॉक एवं 17 से 20 अक्टूबर, 2024 तक नॉन इंटरलॉक तथा 20 अक्टूबर, 2024 को रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है तथा कुछ ट्रेनों का प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर दिया गया अस्थाई ठहराव समाप्त किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

### परिचालन रद्द की गयी ट्रेनें

1.गाड़ी सं.. 12538 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस - 14 एवं 16 अक्टूबर, 2024 को

2.गाड़ी सं. 12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस - 14 एवं 16 अक्टूबर, 2024 को

### पुनर्निधारित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें

1. प्रयागराज रामबाग से 10 से 12 अक्टूबर, 2024 तक खुलने वाली 12334 प्रयागराज रामबाग-हावड़ा विभूति एक्सप्रेस प्रयागराज रामबाग से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जायेगी।

प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर जिन ट्रेनों का अस्थाई ठहराव समाप्त किया गया है -

1. सीतामढ़ी से 10 से 17 अक्टूबर, 2024 तक खुलने वाली 14005 सीतामढ़ी-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस का प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर दिया गया अस्थाई ठहराव समाप्त।
2. आनन्द विहार टर्मिनस से 10 से 16 अक्टूबर, 2024 तक खुलने वाली 14006 आनन्द विहार टर्मिनस-सीतामढ़ी एक्सप्रेस का प्रयागराज रामबाग स्टेशन पर दिया गया अस्थाई ठहराव समाप्त ।

## अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने जिलाधिकारी को पितृपक्ष मेला सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया

प्रातः किरण संवाददाता



गया।अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने पितृपक्ष मेला- 2024 के सफल एवं शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन एवं मेले में पिंडदानियों- श्रद्धालुओं के लिए बेहतर प्रबंधन करने पर जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम को अंग वस्त्र एवं विष्णु चरण चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत महामंत्री शशिकांत मिश्रा ने जिला पदाधिकारी को मेले में बेहतर सुविधा और सुचारू तरीके से हरेक समस्याओं पर पिंडदानियों की सहायता उपलब्ध कराने पर उनके कार्यों की प्रशंसा की है। इसके साथ ही उन्हें एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी की संज्ञा देते हुए आगे भी इसी तरह कार्य करते रहने की शुभकामनाएं दी हैं। विहिप के विभाग महामंत्री रामकुमार बारिक ने कहा कि डीएम के कर्मठता और सक्रियता के कारण मेले में किसी भी तीर्थयात्रियों को कोई भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा है। सम्मानित करने वालों में अहिप के जिला अध्यक्ष शिवलाल टईया, विभाग महामंत्री रामकुमार बारिक राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष विश्वजीत चक्रवर्ती, रतन लाल गायव आदि लोग उपस्थित थे।

## वैद्दिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान के साथ माँ के पट खुलते ही भक्तों ने लगाया जयकारा, उमडी भीड़

प्रातः किरण संवाददाता

गडहनी भोजपुर। सर्वज्ञ सर्व वरदे सर्व दुष्ट भयंकरी सर्व पाप हरो देवी नारायणी नमोस्तुते और सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्र्यंबिके गौरी नारायणी नमोस्तुते मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ नगर पंचायत गडहनी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, पुरानी बाजार शिव मंदिर, बिजली पट्टी, ब्लॉक रोड, गडहनी स्टेशन सहंगी मोड सहित आरा सासाराम मुख्य मार्ग स्थित महाबीर मंदिर लभुआनी, बलिगाँव, काउप, पहरपुर सहित अन्य कई गाँवो मे काली मंदिर मे माँ भगवती की पूजा आराधना माँ के भक्तों एवं श्रद्धालुओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ किया गया।सप्तमी को आचार्य गण के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान के अनुसार माँ का पट खोला गया।पट खुलते ही भक्तों की भारी भीड उमड पडी।इस दौरान माँ के जयकारा से पुरा नगर गुंजायमान हो उठा।इस अवसर पर भक्तों मे काफी उल्लास उमंग देखा जा रहा है।पूजा पंडाल सज धज कर तैयार हो चुकी है। वहीं श्री श्री दुर्गा पूजा समिति पुरानी बाजार के अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह ने बताया कि 100 वर्ष से अधिक समय से मंदिर प्रांगण मे माँ की पूजा आराधना होती आ रही है वहीं बिचली पट्टी पूजा समिति द्वारा लगभग 100 वर्षो से माँ की मूर्ति स्थापित कर नवरात्र के नौ दिनो तक विधि विधान के अनुसार पूजा अर्चना की जाती है।वहीं प्रखंड क्षेत्र के पहरपुर ग्राम में माँ दुर्गा-पूजा समिति के अध्यक्ष रामकुमार बाबा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माँ की पूजा अराधना की गई तत्पश्चात ग्रामीणों संग महाआरती के बाद माँ का पट खोला। इस दौरान ग्रामीण जनता के साथ पुजा कमिटी से रामवदन मेहता, विजय बहादूर मिश्रा, संजय मिश्रा ड्राईवर, सुदर्शन यादव, प्रतिनिधि छोटे टाईगर समेत बाल वृन्दो के द्वारा जयकारे लगाये गये।इस अवसर पर पुरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी शैलेन्द्र मिश्र ने बताया की 5 दिनो तक नाटक मंचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले को सम्मानित भी किया जाता है।सप्तमी से लेकर नवमी पर्यन्त मेले का आयोजन भी किया जाता है।काफी संख्या मे श्रद्धालु श्रद्धारूपी पूष्प अर्पण कर माँ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।पूजा समिति के पुजारी प्रदीप ओझा, मुख्य संरक्षक सह डिप्टी मेयर सुनय कुमार परमार उर्फ बबलु सिंह, समर गुप्ता, भीम कुमार सोनी, बिचली पट्टी भगवान प्रसाद सोनी, अभिषेक चिटु, पंकज सिंह, नितेश सिंह, महेन्द्र सिंह, रामानुज सिंह, शिव मंगल सिंह अवधेश सिंह, रंजीत सिंह सहित कई लोगों योगदान रहता है।

## गठबंधन धर्म से इतर बयानबाजी उचित नहीं : लोजपा आर

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया । प्रेस वार्ता को जमुई सांसद अरूण भारती ने संबोधित करते हुए कहा कि 08 अक्टूबर को केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी द्वारा पशुपति पारस के बाबत बयान को हमारी पार्टी सिरे से खारिज करती है। श्री भारती ने बताया कि दिवंगत नेता राम विलास पासवान ने अपने रहते हुए ही चिराग पासवान को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना था । उस बात पर मुहर प्रधानमंत्री और बिहार की जानता ने 2024 लोक सभा चुनाव के दौरान और बाद में पाँच सीट जिताकर लगाया।

उन्होंने आगे कहा कि सिर्फ.रिश्तेदार होना ही उतराधिकारी होने का पैमाना नहीं होता ।

उनको मौका मिला था पर स्वार्थवश उन्होंने पार्टी और परिवार को तोड़ा दिया। राम विलास पासवान के उतराधिकारी सिर्फ. चिराग पासवान है। उन्होंने ये भी कहा माँझी जी हम सब के है पर उनको ऐसे बयानों से बचना चाहिए जिससे एनडीए गठबंधन में मजबूती कायम रहे। प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता प्रो विनीत सिंह, डॉ अजय कुमार, परशुराम पासवान, विष्णुदेव पासवान, ललन पासवान आदि भी मौजूद रहे ।

## भारत के खिलाफ स्मिथ को ही ओपन करना चाहिए: वॉटसन




**मुंबई, एजेंसी।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफ़ी में ऑस्ट्रेलिया के लिए ओपन कौन करेगा? क्या स्टीव स्मिथ को ही ओपन करना चाहिए या उन्हें अपने ओरिजनल नंबर चार के पोज़िशन पर वापस जाना चाहिए? ये सवाल अभी भी बने हुए हैं। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन का मानना है कि स्मिथ को अब ओपन ही करना चाहिए। मुंबई में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग लॉन्च इवेंट कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, ÷स्मिथ ने ओपन करने का निर्णय खुद लिया था और मुझे लगता है कि उन्हें अब अपने निर्णय पर खड़ा रहना चाहिए। नंबर चार पर जाना एक सुरक्षित फ़ैसला हो सकता है, लेकिन मैं उन्हें ओपन ही करते देखना पसंद करूंगा। उनके पास वह क्षमता है और वह कर सकते हैं।÷

डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद स्मिथ ने खुद ओपनिंग करना चुना था, लेकिन तब वॉटसन ने कैमरून ग्रीन का सलामी बल्लेबाज़ी के लिए समर्थन किया था। अब वॉटसन का कहना है, ग्रीन ने पिछले कुछ मैचों में नंबर चार पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ उनका शतक विशेष था और अब वह भविष्य के परफ़ेक्ट नंबर चार हैं। स्मिथ ने ओपनर के रूप में अब तक चार टेस्ट मैचों में 28.5 की औसत से 171 रन बनाए हैं, लेकिन वॉटसन को यह चिंता की बात नहीं लगती है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि थोड़ा सा मामला तकनीकी है। पिछले दो टेस्ट मैचों में वह जिस तरह से आउट हुए, मैंने उन्हें कभी भी ऐसे आउट होते नहीं देखा। लेकिन अभी सीरीज़ होने में समय है और वह अपनी तकनीक में यह सुधार कर सकते हैं। अगर वह उस सुधार के साथ ओपन करते हैं, वह एक बेहतरीन सलामी बल्लेबाज़ साबित हो सकते हैं।

## आईपीएल 2025 से पहले रांची में नजर आए एमएस धोनी, 43 साल की उम्र में जबरदस्त फिटनेस से उड़ाए होश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की खूब चर्चा हो रही है. इससे पहले वह अपने होमटाउन रांची में खास पलों का लुत्फ उठा रहे हैं. इसके साथ ही माही अपनी फिटनेस पर भी खूब ध्यान दे रहे हैं. हाल ही में एमएस धोनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह काफी कूल और फिट नजर आ रहे हैं. इस वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है.

**43 साल की उम्र में जबरदस्त फिट दिख रहे माही** –सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो रांची का बताया जा रहा है, जिसमें एमएस धोनी स्लीवलेस टी-शर्ट और स्पोर्ट्स ट्राउजर में नजर आ रहे हैं. इसके साथ ही वह स्पोर्ट्स शूज में काफी फिट नजर आ रहे हैं. आपको बता दें कि धोनी 43 साल के हो गए हैं. इस उम्र में धोनी अपनी फिटनेस से मानिए फैंस को दीवान बना रहे हैं.

**आईपीएल 2025 में होगा एमएस धोनी का कमबैक** – भले ही बीसीसीआई ने चेन्नई सुपर किंग्स की मदद के लिए नए नियम लागू किए हों, लेकिन फ्रेंचाइजी ने अभी तक महेंद्र सिंह




धोनी की आईपीएल 2025 में भागीदारी पर कोई ठोस बयान नहीं दिया है. क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई को पांच आईपीएल खिताब दिलाने वाले पूर्व कप्तान धोनी अपना अंतिम फैसला देने के लिए अक्टूबर के मध्य में मुंबई में फ्रेंचाइजी अधिकारियों से मिलेंगे. अगर धोनी आईपीएल 2025 में हिस्सा लेने का फैसला करते हैं तो उन्हें 2021 की नीलामी से पहले 12 करोड़ रुपये के अपने रिटेंशन प्राइस की तुलना में 66.67 प्रतिशत वेतन कटौती करनी होगी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई के नए नियमों के तहत अनकैप्ड खिलाड़ियों को 4 करोड़ रुपये की कीमत पर रिटेन किया जा सकता है.

# चोट के कारण भारत के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हुए विलियमसन

**ऑकलैंड, एजेंसी।** न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। कीवी टीम के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन चोट के कारण तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती मुकाबले से बाहर हो गए हैं।

श्रीलंका दौरे पर विलियमसन की जांघ में चोट लगी थी जो अब तक पूरी तरह ठीक नहीं हो पाई है। न्यूजीलैंड की टीम में विलियमसन की जगह मार्क चैपमैन को शामिल किया गया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में होगी। टीम की कमान टॉम लैथम के कंधों पर होगी। श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद टिम साउदी ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में बताया, ÷केन विलियमसन कमर में खिंचाव के कारण भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए रवाना होने में समय लगेगा, उनकी जगह मार्क चैपमैन को टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता सैम वेल्स को भरोसा है कि विलियमसन भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम का हिस्सा जरूर होंगे लेकिन पहले टेस्ट से उनका बाहर होना तय है, क्योंकि उन्हें फिलहाल रेस्ट करने की सलाह दी गई है।




सैम वेल्स ने आगे कहा, हमें जो सलाह दी गई है उसके हिसाब से केन को फिलहाल आराम करना बेहद जरूरी है। चोट के साथ उन्हें टीम के साथ लाना जोखिम भरा हो सकता है। हमें पूरा भरोसा है कि केन चोट से जल्दी ही उबर जाएंगे और सीरीज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। लेकिन हमें इस बात का दुख है कि वह पहले टेस्ट में हमारे साथ नहीं होंगे। न्यूजीलैंड वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की तालिका में छठे स्थान पर है, जबकि भारत हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में जीत के बाद पहले स्थान पर बना हुआ है।

### न्यूजीलैंड टेस्ट टीमः

टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल (सिर्फ पहले टेस्ट के लिए), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, डैरिल मिचेल, विल ओरुकी, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी (दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए), टिम साउदी, केन विलियमसन, विल यंग।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पुजारा की कमी पूरी कर सकते है यशस्वी: वॉटसन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फॉर्मेट चाहे कोई भी हो, इन दिनों टीम इंडिया का परचम लहरा रहा है। वनडे विश्व कप उप-विजेता और टी20 चैंपियन भारत अब टेस्ट फॉर्मेट में भी अपनी श्रेष्ठता साबित करने का लक्ष्य बना चुका है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने का इरादा बना चुकी रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया को इससे पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना होगा।

पिछले दो दौरे भारत के नाम रहे, जिसकी अहम कड़ी चेतेश्वर पुजारा थे, जो इस बार टीम इंडिया के साथ नहीं होंगे। ऐसे में विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और युवा बल्लेबाज शुभमन गिल नहीं, बल्कि एक अन्य युवा खिलाड़ी टीम में मुख्य बल्लेबाज की भूमिका में नजर आ सकता है। शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की रेस में अपना अभियान ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ खत्म करेगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी।

आस्ट्रेलिया के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। भारत के पास ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट सीरीज जीतने वाली इस सदी की दूसरी टीम बनने का मौका होगा।

भारत ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पिछला दो टेस्ट सीरीज जीता है और अब वह अपनी जीत की लय को आगे बढ़ाना चाहेगा। हालांकि, चेतेश्वर पुजारा की गैर हाजिरी में भारतीय टीम के लिए यह इतना आसान नहीं हो सकता। टीम से बाहर चल रहे इस बल्लेबाज ने भारत की दोनों सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

2018-19 और 2020-21 के दौरों पर पुजारा ने 2186 गेंदों का सामना करते हुए 792 रन बनाए थे। 2018/19 सीरीज में वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीती थी। चार टेस्ट में, दाएं हाथ के बल्लेबाज ने तीन शतक और एक अर्धशतक की मदद से 521 रन बनाए थे।




वह उस सीरीज में 350 से ज्यादा रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज थे।

2020-21 की उस सीरीज में पुजारा ने फिर से शानदार बल्लेबाजी की। वह सीरीज में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। चार टेस्ट में उन्होंने तीन अर्धशतकों की मदद से 271 रन बनाए।

फिलहाल, पुजारा टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं और उन्हें जल्द ही टीम में चुने जाने की संभावना नहीं है, ऐसे में टीम इंडिया के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चुनौती आसान नहीं होगी। मगर, भारतीय टीम को काफी करीब से जानने वाले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्रिकेटर शेन वॉटसन का मानना है कि पुजारा की कमी टीम इंडिया के लिए ज्यादा परेशानी का सबब नहीं होगी, क्योंकि उनके पास एक युवा ऑप्शन है, जिसकी शैली बेशक अलग है, लेकिन हौसला पुजारा जैसा ही है।

वॉटसन ने मंगलवार को मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग के शुभारंभ के अवसर पर कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत की बल्लेबाजी में बहुत बदलाव आएगा। उदाहरण के लिए, जब आप पुजारा के बारे में बात करते हैं, तो वह कोई गलती नहीं करते। जबकि आपने भारत के कई ऐसे बल्लेबाजों को देखा है जो काफी हद तक ऐसे ही हैं। जैसे कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, उन्होंने बहुत तेजी से रन बनाए हैं, लेकिन उन्होंने कोई गलती नहीं की है। शेन वॉटसन ने कहा, उन्होंने विपक्षी टीम को अब तक बहुत कम ऐसे मौके दिए कि वे उन्हें आउट करने में सक्षम हो पाएं। मुझे लगता है कि अगर ऐसे बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया आकर आक्रामकता के साथ खेलें और खराब गेंदों पर टूट पड़ते हुए ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश करें, तो ऐसी स्थिति में नतीजा बहुत बदलेगा नहीं।

## इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इन दो खिलाड़ियों पर विचार करना चाहिए : इयोन मोर्गन

**मुंबई, एजेंसी।** विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा है कि इंग्लैंड को अगले साल पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज जो रूट और ऑलराउंडर बेन स्टोक्स पर विचार करना चाहिए। रूट और स्टोक्स ने आखिरी बार 2023 में भारत में आईसीसी



क्रिकेट विश्व कप के दौरान वनडे मैच खेला था। दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की सीरीज से चूक जाएंगे, जो इस महीने के अंत में शुरू होगी। लंबे प्रारूप के कप्तान चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में हुई वनडे सीरीज से चूक गए थे टीम 3-2 से हार गई थी। दूसरी ओर 33 वर्षीय को श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच आराम दिया गया था। मॉर्गन ने कहा, मैं युवा खिलाड़ियों का समर्थन करके खुश हूं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में हुई सीरीज में उन्होंने एक खाका तैयार किया। ऑस्ट्रेलिया की आपको इस बात की सराहना करनी होगी कि वे खेल के सभी प्रारूपों में इस समय कितने अच्छे हैं। लेकिन जब आप उन्हें ऐसी टीम के खिलाफ खेलते हैं जिसमें (जोफ्रा) आर्चर, वुड, स्टोक्स और रूट नहीं थे, बटलर नहीं थे, तो वह आपकी आधी इंग्लैंड टीम है। पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, बेन स्टोक्स पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें अभी तक बाज से यह कॉल नहीं मिला है कि वह खेलेंगे या नहीं। अगर कॉल आती है, तो जाहिर है कि वह खेलना पसंद करेंगे। मेरी नजर में उन्हें एक प्रमुख विश्व टूर्नामेंट में उतरना होगा और इसे जीतना होगा और इसका मतलब है कि सर्वश्रेष्ठ टीम खोजने की कोशिश करना और मेरे लिए, स्टोक्स और रूट उस सर्वश्रेष्ठ टीम में हैं। युवा खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सीरीज में खेल रहे हैं और फिर फरवरी में यहां (भारत) आ रहे हैं, ऐसे में आपके सामने अवसर है।

### आर्कटिक ओपन

## दो बार की ओलंपिक चैंपियन सिंधू शुरुआती दौर में हारीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू आर्कटिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में ही हार गईं। दूसरी ओर, भारत की एक अन्य खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दुनिया की 23वें नंबर की चीनी ताइपे की खिलाड़ी सुंग शुओ युन को हराकर महिला एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सिंधू पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने के बाद इस टूर्नामेंट में शिरकत कर रही थीं। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू को कनाडा की मिशेले ली ने अंतिम 32 के मैच में 21-16, 21-10 से हराया। वहीं, फरवरी में अजरबैजान इंटरनेशनल जीतने वाली बंसोड ने चीनी ताइपे की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 21-19, 24-22 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना थाईलैंड की 2013 विश्व चैंपियन रेचानोक इंतानोन और चीन की 2022 विश्व चैंपियन वांग झि यि के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## मेगन शुट्ट महिला टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मेगन शुट्ट अब महिला टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने न्यूजीलैंड की जॉर्जिया प्लिमर को आउट करके दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल के 43 विकेटों को पीछे छोड़ दिया। जहां इस्माइल ने 32 मैच में 43 विकेट हासिल किए थे तो वहीं, शुट्ट ने केवल 26 मैचों में ही यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। मेगन के नाम अब टी20 विश्व कप में 46 विकेट हो चुके हैं।

**महिला टी-20 वर्ल्डकप में सबसे किफायती 3 विकेट स्पैल**

3/3 - मेगन शुट्ट (ऑस्ट्रेलिया) बनाम न्यूजीलैंड, शारजाह, 2024

3/4 - डेनिएल हेजेल (इंग्लैंड) बनाम बांग्लादेश, सिलहट, 2014

3/4 - नेट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड) बनाम साऊथ अफ्रीका, ग्रोस आइलेट, 2018

महिला टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज

46 विकेट- मेगन शुट्ट, ऑस्ट्रेलिया (26 पारियां)

43 विकेट -शबनीम इस्लाम, साऊथ अफ्रीका (32 पारियां)

41 विकेट -आन्या श्रुबसोल, इंग्लैंड (27 पारियां)

प्लेयर ऑफ द मैच मेगन शुट्ट ने कहा कि मुझे लगता है कि मैंने खूब पसीना बहाया। यह एक महत्वपूर्ण मैच था। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ अच्छा खेला था। इसलिए यह मैच जीतना अच्छा था। पहली पारी में हमने सोचा कि हम एक समय 160 रन तक पहुंच जाएंगे, लेकिन हमने कुछ विकेट खो दिए और इसलिए शायद 10-15 रन कम रह गए, लेकिन हम जानते थे कि अगर हम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हम अच्छी स्थिति में रहेंगे। मैंने बस बुनियादी बातों के अनुसार गेंदबाजी की। हम अपनी योजनाओं पर कायम रहे, इस तरह की गर्मी में खेलने के लिए, व्यापक तैयारियों से मदद मिली। लेग स्पिनर अमेलिया केर के 4 विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने महिला टी20 विश्व कप के मैच में पहले खेलने उतरी आस्ट्रेलिया को आठ विकेट पर 148 रन पर रोक दिया।

## इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने जो रूट

**मुल्तान, एजेंसी।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बुधवार को मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़कर टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।




जो रूट ने दिन की शुरुआत पाकिस्तान की पहली पारी के 556 रनों के जवाब में 32 रन से की, उन्हें इंग्लैंड के दिग्गज कुक (12472 रन) को पीछे छोड़कर सर्वकालिक टेस्ट सूची में पांचवें स्थान पर पहुंचने के लिए सिर्फ 39 रन की जरूरत थी। चंद गेंदों में उन्होंने यह आंकड़ा पार कर लिया और एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनके नाम अब 12,473 रन हो गए हैं। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने यह उपलब्धि सिर्फ 147 टेस्ट और 268 पारियों में हासिल की, जबकि कुक ने यह उपलब्धि 161 टेस्ट और 291 पारियों में हासिल की थी। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में रूट से आगे केवल सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ ही हैं।

इससे पहले, रूट ने अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान शतकों की संख्या में कुक को पीछे छोड़ दिया था, उन्होंने अपना 33वां और 34वां टेस्ट शतक लगाया था और टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ी बन गए थे।

## अभिषेक शर्मा की सोशल मीडिया पोस्ट पर युवराज सिंह की तीखी टिप्पणी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ रविवार को पहले टी20 मैच में 128 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। जैसे ही दोनों ने लय पकड़ी अभिषेक 7 गेंदों पर 16 रन बनाकर रन आउट हो गए। इस तरह से विकेट गंवाने की निराशा बल्लेबाज के चेहरे पर साफ झलक रही थी। हालांकि भारत ने मैच बड़े अंतर से जीत लिया, लेकिन अ भि ष े क आलोचनाओं से बच नहीं पाए।



पहले टी20 मैच के खत्म होने के बाद अभिषेक ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की जिसमें लिखा था, हर रन, हर गेंद-यह सब टीम के लिए है। अभिषेक के गुरु युवराज सिंह भी पीछे नहीं हटे और सलामी बल्लेबाज की पोस्ट पर आलोचनात्मक टिप्पणी की। युवराज ने लिखा, केवल तभी जब हम अपने दिमाग का सही इस्तेमाल करें। कुछ समय पहले ही अभिषेक ने अपना पहला टी20 शतक लगाया था जिससे चयनकर्ताओं को सबसे छोटे प्रारूप के चयन को लेकर बड़ी परेशानी हुई थी। बीसीसीआई द्वारा जारी एक वीडियो में अभिषेक ने शतक के बाद युवराज सिंह के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताया था, जिसमें उन्होंने खुलासा किया था कि जब वह शून्य पर आउट हुए थे (पिछले मैच में) तो युवराज बहुत खुश थे।

उन्होंने कहा था, मैंने कल उनसे (युवराज) बात की और उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता क्यों, लेकिन जब मैं शून्य पर आउट हुआ तो वह बहुत खुश थे। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है कि उन्हें मेरे परिवार की तरह ही मुझ पर बहुत गर्व होना चाहिए। गौर हो कि युवराज और अभिषेक के बीच का रिश्ता पारंपरिक तालमेल से कहीं बढ़कर है, जो एक पूर्व और एक मौजूदा भारतीय क्रिकेटर के बीच होता है। अभिषेक ने एक वीडियो में कहा था, मैं उनकी वजह से इस स्तर पर खेल रहा हूं। उन्होंने मुझ पर बहुत मेहनत की है। पिछले दो-तीन सालों से उन्होंने न केवल मेरे क्रिकेट पर बल्कि मैदान के बाहर भी बहुत मेहनत की है।

# रोहित शर्मा दूसरी बार पापा बनने वाले हैं, नहीं खेलेंगे न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या रोहित शर्मा दूसरी बार पापा बनने वाले हैं? क्या वो इस वजह से न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे? जी नहीं ऐसा हम कतई नहीं कह रहे. बल्कि ऐसी अफवाह सोशल मीडिया पर चल रही है. सवाल है कि इस खबर का पूरा सच क्या है? सोशल मीडिया पर रोहित के दूसरी बार पिता बनने की खबर पहले भी चर्चा में आई थी. तब रोहित की पत्नी रितिका का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसे देख लोगों ने कयास लगाने शुरू कर दिए थे. लेकिन, इसे लेकर आधिकारिक पुष्टि ना तो तब थी और ना अब जब कहा जा रहा है कि उसी के चलते वो न्यूजीलैंड के



खिलाफ नहीं खेलेंगे ।

**रोहित को लेकर चल रही इस खबर में कितना दम** – अब पहले जरा वो बात जान लीजिए जो रोहित को लेकर अफवाह की तरह उड़ रही है, फिर बताएंगे आपको कि कैसे उस बात का दूध का दूध और पानी का पानी हुआ. दरअसल, टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान को लेकर जो बात कुछ रिपोर्टों के आधार पर सामने आ रही है उसके मुताबिक उनका न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलना मुश्किल लग रहा है. मतलब वो न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ब्रेक ले सकते हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि वो दूसरी बार पिता बनने वाले हैं. लेकिन जब हमने इस खबर की पड़ताल की तो कहीं कुछ ठोस आधार नहीं मिला. हां, रोहित शर्मा का वो वीडियो हाथ जरूर लग गया, जिससे काफी हद तक साफ होता दिखता जरूर है कि उन बातों में दम नहीं है. मतलब वो केवल अफवाह ही हो सकती है.

### रोहित तो न्यूजीलैंड सीरीज की तैयारी में जुटे

जो वीडियो सामने आया है, उसमें रोहित शर्मा ट्रेनिंग कर रहे हैं. उनके ट्रेनिंग का ये वीडियो मुंबई के जियो पार्क का है. वीडियो शेयर करने वाले ने ये भी लिखा है कि रोहित शर्मा खुद को न्यूजीलैंड से टेस्ट सीरीज के लिए तैयार कर रहे हैं. और, इस बार भी उसी का हवाला दिया जा रहा है. लेकिन, बात वही है कि जबतक कोई पुष्टि ना हो उसे सच कैसे माना जाए. ऐसे में तो यही कहा जा सकता है कि रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट नहीं खेल सकते, ये बात फिलहाल हजम नहीं हो रही ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 की बहाली के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस लड़ेगी : तारिक भट

**जम्मू-कश्मीर , एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को मिली जीत पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता तारिक भट ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि हम अनुच्छेद-370 के लिए लड़ेंगे। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता तारिक भट ने कहा, जम्मू-कश्मीर में भाजपा के नेता जो ख्वाब दिखा रहे थे, आज वह चकनाचूर हो चुका है। यहां के लोगों ने सूझबूझ के साथ एक ऐसा फैसला लिया, जो आज पूरा देश देख रहा है। इसी वजह से यहां नेशनल कॉन्फ्रेंस के पक्ष में जनता ने मतदान किया और अब हम सरकार बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने 1947 में कश्मीरियों का दिल जीत लिया था। लेकिन भाजपा तो दिल चुराने वाली कौम है। इन्होंने लोगों को दिल जलाए हैं। अगर यह दिल जीतना चाहते तो कश्मीर में इनका खाता खुलता, मगर वहां तो इनका नाम-ओ-निशान ही नहीं है। तारिक भट ने अनुच्छेद -370 का जिक्र करते हुए कहा कि हम राज्य को दर्जा दिलाने के लिए लड़ेंगे और नेशनल कॉन्फ्रेंस इसके लिए अपनी आवाज को बुलंद करेगी। पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए हम कुछ भी करने को तैयार है। अनुच्छेद-370 के लिए भी हम लड़ेंगे और भाजपा जो भी कानून लाई है, उसे खत्म करने का काम किया जाएगा। बता दें कि जम्मू कश्मीर की 90 सीटों में से 42 सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस, 29 सीटों पर भाजपा, 6 सीटों पर कांग्रेस, 3 सीटों पर पीडीपी और तीन सीटों पर अन्य ने जीत दर्ज की है।

### छत्तीसगढ़ में पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने की हत्या, 1 साल में मरने वालों की संख्या हुई 51

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में बीते दिनों सुरक्षा बलों द्वारा 31 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया था। अब बीजापुर में नक्सलियों द्वारा 55 साल के एक शख्स की हत्या,पुलिस मुखबिर होने के शक में कर दी गई। मरने वाले का नाम पहचान कन्हैया ताती है। ताती की लाश भोपालपटनम पुलिस स्टेशन के पास पोशनपल्ली गांव में एक सरकारी स्कूल के पास बरामद हुई है। घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अब तक की जानकारी के अनुसार ताती को पुलिस का मुखबिर होने के शक में धारदार हथियार से मौत के घाट उतारा है। हत्या के बाद नक्सली लाश को स्कूल के पास छोड़कर भाग गए। पुलिस ने आरोपी माओवादियों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। सुरक्षा बलों ने कहा कि जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। पुलिस के बताया कि इस घटना के साथ ही बीजापुर सहित सात जिलों वाले बस्तर संभाग के अलग-अलग स्थानों पर इस वर्ष अब तक नक्सलियों ने 51 लोगों की हत्या कर दी गई है। इससे आम लोग खौफ में जीने को मजबूर हैं। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य की विजिट पर ऐलान किया था कि आने वाले सालों में देश को नक्सली से मुक्त बनाया जाएगा। इसी सिलसिले में सुरक्षाबलों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया था। इसमें 31 नक्सलियों को मार गिराया था।

### पथराव के बाद दिल्ली-ऊना वंदे भारत ट्रेन पर जवानों की तैनाती, संदिग्ध स्थानों पर पैनी नजर

**शिमला, एजेंसी।** हाल ही में हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में वंदे भारत ट्रेन पत्थरबाजी की घटनाओं को देखते हुए रेलवे ने कड़े कदम उठाए हैं। रेलवे की ओर से दिल्ली-ऊना वंदे भारत ट्रेन पर सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया है। रेलवे के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऊना जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि जिन स्थानों पर यह घटना हुई है, उन जगहों पर भी निगरानी रखी जा रही है। इतना ही नहीं रेलवे के प्रवक्ता के मुताबिक, संदिग्ध स्थानों पर पैनी नजर भी रखी जा रही है। रेलवे के प्रवक्ता ने बताया, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के दस जवानों को ट्रेन में तैनात किया गया है। साथ ही संदिग्ध स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सोमवार रात चंडीगढ़ से आरपीएफ के छह जवान वंदे भारत ट्रेन में सवार हुए। वहीं नांगल और ऊना से दो आरपीएफ और दो जीआरपी के जवान शामिल हुए।

# महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री की रेस से बाहर उद्धव ठाकरे? शरद पवार-कांग्रेस के कैंडिडेट को देंगे समर्थन



**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को घोषणा की है कि वह महाराष्ट्र को 'बचाने' के लिए विपक्षी गठबंधन में सहयोगी कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) द्वारा घोषित मुख्यमंत्री के किसी भी चेहरे का समर्थन करेंगे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या उद्धव ठाकरे ने खुद को सीएम की रेस से बाहर कर दिया है? ठाकरे की पार्टी विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) में शामिल है। उन्होंने यह घोषणा ऐसे समय की जब उनकी सहयोगी कांग्रेस को हरियाणा में झटका लगा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार तीसरी बार सरकार बनाती नजर आ रही है।

मुंबई में नागरिक समाज के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार संभवतः अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले विज्ञापनों के जरिये फर्जी विमर्श प्रस्तुत करने की कोशिश कर रही है। ठाकरे ने सत्तारूढ़ 'महायुति' गठबंधन सरकार की महत्वाकांक्षी 'लाडकी बहिन' योजना की आलोचना करते हुए दावा किया कि सरकार लोगों को उन्हीं का पैसा (योजना के माध्यम से) देकर 'महाराष्ट्र धर्म' के साथ विश्वासघात करने के लिए मजबूर कर रही है।

**शिंदे सरकार पर जमकर साधा निशाना:** महाराष्ट्र सरकार की 'लाडकी बहिन' योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की महायुति सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''आश्वासनों की बारिश हो रही है, लेकिन योजनाओं के क्रियान्वयन के मामले में सूखा पड़ा हुआ है।''

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए अगले महीने चुनाव होने की संभावना है। ठाकरे ने कहा, ''मैंने तब भी यही कहा था और अब भी यही कह रहा हूं कि कांग्रेस या राकांपा (एसपी) को कोई चेहरा (मुख्यमंत्री पद के लिए) घोषित करना चाहिए। कांग्रेस और राकांपा (एसपी) को एक स्वर में बोलना चाहिए। मैं उनके द्वारा घोषित किसी भी चेहरे का समर्थन करूंगा, क्योंकि मुझे मेरा महाराष्ट्र प्रिय है।... मेरा संकल्प महाराष्ट्र को बचाने के लिए कुछ भी करने का है।''

**पहले से ही सीएम कैंडिडेट के ऐलान के पक्ष में हैं ठाकरे:** ठाकरे ने अगस्त में जोर दिया था कि चुनाव के बाद सबसे अधिक सीट जीतने वाले दल द्वारा मुख्यमंत्री चुने जाने के बजाय विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) को चुनाव में जाने से पहले मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करना चाहिए। उन्होंने साथ ही कहा था कि वह कांग्रेस या राकांपा (एसपी) द्वारा घोषित किसी भी मुख्यमंत्री उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। कांग्रेस और राकांपा (एसपी) ने तब स्पष्ट किया था कि वे विधानसभा चुनाव के नतीजे आने तक (मुख्यमंत्री के चेहरे के) इस क्षेत्र में जाना नहीं चाहते। ठाकरे ने मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर गुजरात और देश के बाकी हिस्सों के बीच 'दीवार' खड़ी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कभी भी 'गुजराती-मराठी' विवाद नहीं रहा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 'भूमिपुत्रों' को न्याय मिलना चाहिए लेकिन इसका अभिप्राय यह नहीं है कि उनकी पार्टी किसी की दुश्मन है। उन्होंने कहा, ''हमारी लड़ाई उन ताकतों के साथ है जो भारत विरोधी और महाराष्ट्र विरोधी हैं।''

## पूरे करने थे गर्लफ्रेंड के शौक चाचा के ही घर करवा दी चोरी; नोएडा में सगे भतीजे की करतूत से सब हैरान

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा में प्रेमिका के शौक को पूरे करने के लिए जब युवक के पास रुपये कम पड़ गए तो उसने सगे चाचा के यहां अपने साथियों से लाखों रुपये की चोरी करा दी। पुलिस ने यह खुलासा मंगलवार को मुठभेड़ में पकड़े गए तीन बदमाशों से पूछताछ के बाद किया। आरोपियों से चुराए गए गहने भी बरामद हुए। डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि सेक्टर-38 निवासी शिक्षक ने पुलिस को सूचना दी कि चार अक्तूबर को उसके घर में बदमाश घुसे और लाखों रुपये के गहने और नगदी समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। हालांकि, वे कैमरे में कैद हो गए थे। पुलिस की टीम मंगलवार को शशि कट के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक गुजरे।

पुलिस ने बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया वे सेक्टर-42 के जंगल की तरफ भागे। पीछा करने पर बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में भोला उर्फ रोहित पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसके दो अन्य साथियों आकाश और आशीष को घेरेबंदी कर दबोच लिया गया। आकाश पीड़ित शिक्षक का भतीजा है। भोला गाजियाबाद के विजयनगर का रहने वाला है। आशीष शर्मा और आकाश ठाकुर बुलंदशहर के औरंगाबाद के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से 12 लाख रुपये के गहने, 3400 रुपये, तमंचा और चोरी की बाइक बरामद हुई।

डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आकाश ठाकुर पीड़ित का भतीजा है। दो साल पहले तक वह चाचा के परिवार के साथ ही रहता था। उसे पता था कि घर में गहने और नगदी कहां रखी हैं। उसी ने चोरी करने की साजिश रची। उसने अपना प्लान गांव के आशीष और उसके साथी भोला को बताया। दोनों राजी हो गए। आकाश ने दोनों से कहा कि चोरी की वारदात सफल हो जाती है तो वह दोनों को 60-60 हजार रुपये देगा।

## जिस इलाके ने जितवाया, वहां से हो सीएम; राव इंद्रजीत सिंह ने ठोका दावा



**चंडीगढ़ , एजेंसी।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के जश्न के बीच मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी की होड़ भी शुरू होती दिख रही है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने यह कहकर अपना दावा पेश कर दिया है कि इस बार दक्षिण हरियाणा से मुख्यमंत्री बनाया जाए। राव इंद्रजीत सिंह इससे पहले भी खुलकर मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। उधर, अनिल विज भी टकटकी लगाए बैठे हैं। हालांकि, पार्टी साफ कर चुकी है कि नायब सिंह सैनी ही दोबारा मुख्यमंत्री बनेंगे।

इंडिया टुडे से बातचीत के दौरान गुड़गांव से सांसद राव इंद्रजीत सिंह से पूछा गया कि उनकी सभा में यह डिमांड होती है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाए, क्या वह चाहते हैं इस बार दक्षिण हरियाणा से मुख्यमंत्री हो इस पर राव ने कहा, यह तो पार्टी का फैसला होगा। लेकिन जिस इलाके ने तीन बार भाजपा को सत्तासीन किया है उसे तवज्जो देनी चाहिए। चुनाव प्रचार के दौरान भी राव इंद्रजीत सिंह ने अपनी इच्छा खुलकर जाहिर की थी।

2014 और 2019 की तरह दक्षिण हरियाणा में भाजपा को एक बार फिर बंपर सीटें मिली हैं। गुरुग्राम की सभी चार सीटों पर भाजपा ने कमल खिलाया है तो फरीदाबाद और पलवल की 9 सीटों में सात पर भगवा परचम लहराया। महज दो सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली। हालांकि, नूंह में सभी तीन सीटों पर कांग्रेस का डंका बजा।

राव इंद्रजीत सिंह दक्षिण हरियाणा का कद्दावर नेता हैं। कभी कांग्रेस की ताकत रहे राव इंद्रजीत सिंह ने दक्षिण हरियाणा को भाजपा का गढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाई है। हालांकि, अटेली सीट से उनकी बेटी आरती सिंह राव को बड़ी मुश्किल से जीत हासिल हुई। आरती ने 3085 वोटों से जीत हासिल की। उन्हें बसपा के अत्तर लाल ने कड़ी टक्कर दी। जानकारों का मानना है कि जिस तरह सैनी के नेतृत्व में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की है, राव इंद्रजीत सिंह या अनिल विज की इच्छा को कोई खास तवज्जो नहीं मिल पाएगी। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी मुख्यालय से सैनी की तारीफ करते हुए उन्हें जीत का क्रेडिट दिया।

# हरियाणा में भाजपा की जीत में चला राम रहीम का जादू?



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगा ली है। भाजपा ने 2014 में 47 सीट जीतकर पहली बार खुद के बूते सरकार बनाई थी। 2024 में भाजपा ने 48 सीट जीती। भाजपा की जीत में डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम सिंह की कितनी भूमिका रही, इस पर भी चर्चा शुरू हो गई है। राम रहीम को मतदान से ठीक पहले पैरोल मिली थी।

गुरमीत राम रहीम के जेल से बाहर आने के साथ ही अटकलें लगने लगी थीं कि वह विधानसभा चुनाव पर असर डाल सकता है। हरियाणा के 6 जिलों में उसके समर्थकों की संख्या अच्छी-खासी है। हिसार, सिरसा, फतेहाबाद जिलों में डेरे का प्रभाव ज्यादा है और इन्हीं जिलों की सीटों पर भाजपा का बेहतर प्रदर्शन रहा है।

मतदान से कुछ दिन पहले ही डेरा सच्चा सौदा के मुख्यालय में सत्संग हुआ था जिसमें अनुयायियों को भाजपा के पक्ष में वोट करने का संदेश दिया गया था, लेकिन यह संदेश खुले तौर पर नहीं दिया गया। राम रहीम के पैरोल पर बाहर आते ही डेरे ने सभी ब्लॉक में नाम चर्चा कार्यक्रम रखा और इसी कार्यक्रम में भाजपा को समर्थन देने का गुपचुप संदेश अपने अनुयायियों को दिया। राम रहीम का डेरा सच्चा सौदा पहले भी भाजपा का समर्थन करता रहा है। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में डेरा सच्चा सौदा ने खुले तौर पर भाजपा का सपोर्ट किया था। हरियाणा में डेरा के लाखों अनुयायी हैं, जो चुनावों को प्रभावित कर सकते हैं। ज्यादा अनुयायी फतेहाबाद जिले में हैं।

डेरे की प्रबंधन कमेटी चुनावों में समर्थन देने का निर्णय करती है। मौजूदा समय में गुरमीत सिंह की मुंह बोली बेटी हनीप्रीत डेरे की वाइस चेयरपर्सन है। प्रबंधन कमेटी प्रदेश की राज्यस्तरीय 85 सदस्यीय कमेटी के साथ राय मशविरा करती है। डेरा सच्चा सौदा सिरसा की राजनीतिक विंग को पिछले साल ही प्रबंधन ने भंग कर दिया था। गुरमीत राम रहीम को हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले रोहतक की सुनारिया जेल से 20 दिन की पैरोल पर रिहा किया गया था। कांग्रेस ने इसका विरोध किया था और कहा था कि भाजपा ने अपने सियासी फायदे के लिए राम रहीम को पैरोल दी है। भारत के निर्वाचन आयोग ने बलात्कार और हत्या के दोषी की पैरोल के लिए तीन शर्तें तय की थीं। उसके हरियाणा में रहने और किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल होने पर प्रतिबंध था। सोशल मीडिया कैंपेन में भी शामिल नहीं हो सकता था। चुनाव आयोग ने यह भी कहा था कि अगर वह आदर्श आचार संहिता या तीनों शर्तों में से किसी का उल्लंघन करता है तो उसकी पैरोल रद्द कर दी जाएगी।

## इजराइली सेना का हिजबुल्ला को एक और झटका, बेरूत हमले में शीर्ष कमांडर सुहैल हुसैनी भी किया ढेर



**येरुशलम, एजेंसी।** इजराइली सेना ने सात अक्टूबर को हमास के हमले के एक साल पूरे होने के बाद मंगलवार को कहा कि उसने बेरूत में एक हमले में हिजबुल्ला के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया। सेना ने कहा कि हमले में सुहैल हुसैन हुसैनी मारा गया जो आतंकवादी समूह के साजोसामान, बजट और प्रबंधन की देखरेख के लिए जिम्मेदार था। अभी हिजबुल्ला ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 7 अक्टूबर, 2024 को इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने बेरूत में एक एयरस्ट्राइक के दौरान उन्हें मार गिराया। यह हमला इजरायल की हिज़बुल्लाह के खिलाफ की जा रही बड़ी सैन्य कार्रवाई का हिस्सा था, जो क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच हुई।

सेना ने कहा कि हुसैनी ईरान से आधुनिक हथियारों की आपूर्ति करने तथा हिजबुल्ला की विभिन्न इकाइयों में उनके वितरण में शामिल था तथा वह समूह की सैन्य परिषद का सदस्य था। इजराइल ने हाल के हफ्तों में किए हमलों में हिजबुल्ला के शीर्ष नेता हसन नसरल्ला तथा कई शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। उसने पिछले सप्ताह दक्षिण लेबनान में सीमित जमीनी आक्रमण शुरू किया था। हिजबुल्ला ने कहा कि उसने अपने मृतक कमांडरों के स्थान पर नयी नियुक्तियां कर दी हैं। उसने गाजा पट्टी में संघर्ष विराम होने तक इजराइल में रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन हमले करते रहने का संकल्प जताया है।

## ओसामा बिन लादेन के बेटे की फ्रांस में एंट्री बैन



**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस की सरकार ने अलकायदा नेता ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन को सोशल मीडिया पर पोस्ट के कारण देश में एंट्री पर रोक लगाने का आदेश दिया है। फ्रांस के आंतरिक मंत्री ने मंगलवार को इस आदेश पर हस्ताक्षर किए। उमर बिन लादेन ने 2023 में सोशल मीडिया पर आतंकवाद के समर्थन में एक पोस्ट किया था। जिसके बाद उसे देश छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। इससे पहले उमर सूडान और अफगानिस्तान में भी रह चुका है। ब्रिटिश महिला से शादी के बाद वह फ्रांस में रह रहा था। सऊदी अरब में जन्मे उमर बिन लादेन ने अपने शुरुआती साल वहीं बिताए। 43 वर्षीय उमर बिन लादेन सूडान और अफ़गानिस्तान में भी रह चुका है। उमर ने 19 साल की उम्र में अपने पिता को छोड़ दिया था और 2016 में उत्तरी फ्रांस के नॉरमैंडी में बस गया था। वहां उन्होंने पेंटिंग करना शुरू कर दिया। फ्रांस के नए आंतरिक मंत्री ब्रूनो रिटेलो ने एक्स पर कहा कि उमर बिन लादेन एक ब्रिटिश महिला के पति के रूप में नॉर्मंडी में रहता था। मंत्री ने कहा कि जिहादी के बेटे ने 2023 में अपने सोशल नेटवर्क पर आतंकवाद की वकालत करने वाली टिप्पणियां पोस्ट की थी। जिसके बाद उस पर ऐक्शन हुआ। फ्रांस के गृह मंत्री ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने अलकायदा नेता ओसामा बिन लादेन के बेटे उमर बिन लादेन के फ्रांस लौटने के किसी भी प्रयास के खिलाफ अतिरिक्त कदम उठाए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार उमर बिन लादेन फ्रांस के नॉर्मंडी में रह रहा था, लेकिन फ्रांस के अधिकारियों द्वारा उसे देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के बाद वह अक्टूबर 2023 में देश छोड़कर चला गया। मंत्रालय ने कहा कि उस समय अधिकारियों ने उसके दो साल के लिए फ्रांस लौटने पर भी पाबंदी लगाई थी। फ्रांस के गृह मंत्री ब्रूनो रेटेलियू ने 'एक्स' पर मंगलवार को कहा कि उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए एक अतिरिक्त प्रतिबंध लगाया कि उमर बिन लादेन 'किसी भी कारण से फ्रांस वापस नहीं लौट सके।' फ्रांसीसी अखबार ली पेरिसियन ने रिपोर्ट किया है कि उमर बिन लादेन अभी कतर में रह रहा है।

# 1973 इजरायल-अरब युद्ध के बाद उत्तरी सिनाई में फिर से शुरू होगी रेल सेवा



**काहिरा, एजेंसी।** मिस्र के उत्तरी सिनाई में आधी सदी से भी अधिक समय बाद फिर से रेल सेवा शुरू होगी। यहां 100 किलोमीटर लंबे रेलमार्ग का ट्रायल ऑपरेशन शुरू हो गया है। मिस्र के परिवहन और उद्योग मंत्री कामेल अल-वज़ीर ने उद्घाटन समारोह में कहा, इस लाइन के शुरू होने से सिनाई से अन्य प्रांतों तक लोगों और माल की आवाजाही आसान हो जाएगी, नए शहरी इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा मिलेगा, उत्तरी सिनाई में आर्थिक परियोजनाओं को समर्थन मिलेगा।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अल-फरदान-बीर अल-अब्द लाइन सिनाई प्रायद्वीप में रेल संपर्क को आधुनिक बनाने और विस्तार देने के उद्देश्य से एक बड़े प्रोजेक्ट का पहला चरण है। मिस्र के परिवहन और उद्योग मंत्रालय ने अल-फरदान को ताबा से जोड़ते हुए लाइन को लगभग 500 किलोमीटर तक विस्तारित करने की घोषणा की। मिस्र के एक व्यापक आर्थिक सुधार कार्यक्रम के हिस्से के रूप में अपने परिवहन बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए काम कर रहा है। 1973 के अरब-इजरायल युद्ध के बाद क्षेत्र में संघर्ष और सैन्य अभियानों के कारण सिनाई में ट्रेन सेवाएं काफी हद तक निलंबित कर दी गई थीं। बता दें 1973 अरब-इजरायल युद्ध को योम किप्पुर युद्ध, रमजान युद्ध, जैसे नामों से भी जाना जाता है। युद्ध के दौरान ज्यादातर लड़ाई सिनाई प्रायद्वीप और गोलान हाइट्स में हुई जिस पर 1967 में इजरायल ने कब्जा कर लिया था। कुछ लड़ाई मिस्र और उत्तरी इजरायल में भी हुई।

युद्ध 6 अक्टूबर 1973 को शुरू हुआ, जब अरब गठबंधन ने यहूदी पवित्र दिन योम किप्पुर के दौरान इजरायल पर एक आश्चर्यजनक हमला किया।

योम किप्पुर युद्ध को इस लिहाज से अहम माना जाता है कि इसके बाद अरब देश और इजरायल, दोनों ही पक्ष समझौतावादी रुख अपनाते दिखे। 1978 में कैंप डेविड समझौता हुआ, जब इजरायल ने सिनाई प्रायद्वीप को मिस्र को वापस कर दिया और मिस्र-इजरायल शांति संधि हुई, जिसमें पहली बार किसी अरब देश ने इजरायल को मान्यता दी।

## अर्जेंटीना में साल के अंत तक 576,000 से अधिक हो जाएंगे डेंगू के मामले

**कोलंबो/ ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** राष्ट्रीय डेंगू नियंत्रण इकाई (एनडीसीयू) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष श्रीलंका में अब तक 40,000 से अधिक डेंगू के मामले सामने आए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार एनडीसीयू ने बताया कि अब तक 40,109 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 19 की मौत हो चुकी है। पश्चिमी प्रांत में सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए, जो कुल मामलों का 42.3 प्रतिशत है। उत्तरी प्रांत दूसरे स्थान पर है जहां डेंगू के 12 प्रतिशत मामले हैं, जबकि मध्य प्रांत में 10.3 प्रतिशत मामले हैं। पश्चिमी प्रांत में सबसे अधिक 10,027 मामले कोलंबो जिले से सामने आए हैं। प्रांत में सबसे पीछे गम्पाहा जिला है, जहां 4,698 मामले सामने आए हैं। एनडीसीयू ने डेंगू के लिए 10 उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की भी पहचान की है। कुल 88,000 से अधिक मामले सामने आए थे, जिनमें 57 लोगों की मौत हुई थी। मामले 576,000 के पार हो जाएंगे। राष्ट्रीय महामारी विज्ञान बुलेटिन में यह अनुमान लगाया गया है कि 2024 के पहले 39 हफ्तों में देश भर में डेंगू के कुल 576,728 मामले सामने आए हैं। पिछले कुछ सप्ताहों में अर्जेंटीना ने गर्मी से पहले रोकथाम अभियान पर ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि गर्म और बरसाती मौसम की स्थिति के कारण यह बीमारी तेजी से बढ़ती है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंट एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंट एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129